You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-182 ❒ रविवार, 03 अगस्त 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



पगली वेंकैया जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उन्हें हमें तिरंगा देने में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है, जो हमारा गौरव है! हमेशा की तरह, आइए 'हरघरतिरंगा' आंदोलन को मज़बूत करें और तिरंगा फहराएँ। अपनी सेल्फी या तस्वीरें हर हर तिरंगा डाट कॉम पर अपलोड करें। नरेन्द्र मोदी

अंगदान को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता : जेपी नड्डा 11

तेजस्वी के मतदाता सूची से नाम काटने के आरोप का चुनाव आयोग ने किया खंडन 12

## संक्षेप

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है। कश्मीर में इस सप्ताह सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले गत 28 जुलाई को श्रीनगर के बाहरी इलाके हरवान-दाचीगाम वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गये थे जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शामिल थे।

### उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन भारी बारिश के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रियता बढ़ने से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कुछ जिलों में अगले दो दिन भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना जताई है। वहीं बीते 24 घण्टे में कन्नौज, कानपुर और कासगंज के कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने बताया कि मध्य समुद्र तल पर मानसून द्रोणी फिरोजपुर, अम्बाला, नजीबाबाद, शाहजहांपुर, बाराबंकी, गोरखपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, बेरहामपुर से होकर उत्तरी-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। जिससे निम्न क्षोभमंडल में पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर एक उपरितन चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। वहीं पूर्वी बिहार एवं संलग्न पश्चिम बंगाल के ऊपर अवस्थित उपरितन चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक विस्तृत है। निचले क्षोभ मंडल में पंजाब के ऊपर एक उपरितन चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

### सरकार पर एक लाख रुपए हर्ज़ाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सिंचाई विभाग की एक महिला कर्मचारी को अदालत के आदेश के बावजूद 10 साल से सेवालाभ न देने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा सरकार का यह रवैया कर्मचारी को भुखमरी की ओर ले जाने वाला है। इसके लिए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर एक लाख रुपए का हर्ज़ाना लगाया है। महिला कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद मृत्यु भी हो चुकी है। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश मामले में राज्य सरकार की दाखिल दो अपीलों को खारिज करके दिया।

# कांग्रेस और सपा को सहन नहीं होता पाकिस्तान का दुख : मोदी

## मोदी ने किसान सम्मान निधि के 20,500 करोड़ रुपये जारी किये, कांग्रेस, सपा को बताया विकास विरोधी

एजेंसी

वाराणसी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सैन्य बलों के साथ देश की एकता के जज्बे को देते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आतंकियों और उनके रहनुमा का सामना करते समय भारत शिव के रुद्र रूप में सामने आता है।

अपने संसदीय क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्री मोदी ने यहां लगभग 2183.45 करोड़ की 52 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सेवापुरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि जो भारत पर संप्रभुता पर वार करेगा, वह कहीं नहीं बचेगा। मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की और कहा कि उनकी सरकार देश के किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है।

उन्होने कहा ऑपरेशन सिंदूर से कुछ लोगों को तकलीफ हुई। कांग्रेस और उनके सहयोगियों को यह दुख दे रहा है। आपने देखा होगा कि आतंक के ठिकानों को खंडहर बना दिया गया। पाकिस्तान का दुख कांग्रेस और सपा को सहन नहीं होता। वे आतंकियों के लिए आंसू बहाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर को इन्होंने तमाशा कहा, लेकिन क्या सिंदूर कभी तमाशा हो सकता है। सपा और कांग्रेस की निर्लज्जता एक जैसी है। उनके नेता संसद में कहते हैं कि आतंकियों को मारने की बजाय भागने का मौका देना चाहिए। यही लोग आतंकियों को क्लीन चिट देते थे। यह नया भारत है, जो दुश्मनों के सामने काल भैरव बन जाता है। सेना के पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा। आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी सभी ने जानी। पाकिस्तान में ब्रह्मोस मिसाइल की गूंज से नींद उड़ जाती है। श्री मोदी ने कहा कि दस करोड़ किसान भाइयों के खातों में 21,000 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए गए। जब काशी से यह राशि भेजी जाती है, तो यह प्रसाद बन जाता है। दो हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। विकास की धारा मां गंगा की अविरल धारा के साथ आगे बढ़ रही है। काशी में सांसद गाइड प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लोग कौशल विकास से जुड़े। कई अन्य आयोजन भी होने वाले हैं। मैं सरकार के सभी लोगों और अधिकारियों को बधाई देता हूं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों को शुभकामनाएं। हमारी सरकार किसानों के लिए समर्पित है। पिछली सरकारें घोषणाएं तो करती थीं, लेकिन उन्हें पूरा नहीं करती थीं। भाजपा सरकार जो कहती है, वह करती है।

श्री मोदी ने कहा जब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शुरू हुई, तो सपा और विपक्षी दल अफवाहें फैलाते थे कि जमा पैसा मोदी निकाल लेगा। ये लोग झूठ बोलते हैं। इस योजना के तहत अब तक साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के ढाई करोड़ किसानों को 90,000 करोड़ रुपये और काशी के किसानों को 900 करोड़ रुपये मिले। आपने ऐसा सांसद चुना, जिसके कारण यह राशि बिना किसी कमीशन या हेराफ़ेरी के सीधे खातों में पहुंची। व्यवस्था में कोई रिसाव नहीं है। विकास का मंत्र है। जो जितना पिछड़ा, उसे उतनी प्राथमिकता। उन्होने कहा कि कम कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। एनडीए सरकार किसानों के जीवन में बदलाव के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। मौसम की चुनौतियों से निपटने के लिए पीएम फसल बीमा योजना शुरू की गई, जिसके तहत डेढ़ लाख करोड़ रुपये से ● शेष पेज 11 पर




## पहलगाम के अपराधियों को मिट्टी में मिलाने और दुश्मन के घर में घुसकर खात्मा करने का माद्दा रखता है नया भारत: योगी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की शक्ति व सामर्थ्य का अहसास किया है। नया भारत पहलगाम के अपराधियों को मिट्टी में मिलाकर और दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने का माद्दा रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं। पिछले 11 वर्ष में कई देशों ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान समर्पित किया है। लोक कल्याण और विश्वकल्याण के लिए दुनिया उनकी दूरदर्शिता का लोहा मानती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में वाराणसी के सेवापुरी के बनौली गांव में आयोजित लोकार्पण/शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत पावन श्रावण मास में काशी आने पर प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता बाबा विश्वनाथ को समर्पित

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही भारत की सैन्य कार्रवाई 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता को आदिदेव महादेव बाबा विश्वनाथ को समर्पित किया। उन्होने सेवापुरी में अपनी जनसभा की शुरुआत महादेव के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि सावन के पावन महीने में अपने परिवारजनों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार काशी आया हूं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। पीड़ित परिवारों की वेदना और दुख ने मेरे मन को व्यथित कर दिया। मैंने बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की थी कि वे हमें यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। बेटियों के सिंदूर का बदला लेना महादेव के आशीर्वाद से संभव हुआ। इस सफलता को मैं बाबा विश्वनाथ के चरणों में समर्पित करता हूं। श्री मोदी ने कहा, काशी में गंगा जल लेकर जाते हुए भक्तों की तस्वीरें देखकर अद्भुत अनुभव होता है। यादव बंधुओं का जनसमूह गौरी केदार से जल लेकर जाता हुआ दृश्य मनमोहक है। मैं मार्कण्डेय महादेव और काशी में दर्शन करना चाहता था, लेकिन भक्तों को असुविधा न हो, इसलिए वहां नहीं गया।

## ट्रम्प के बयान पर बोले मोदी- देश हित को लेकर सजग है सरकार, जनता भी स्वदेशी अपनाए

**वाराणसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत और अन्य देशों पर ऊंचे आयात शुल्क और व्यापारिक दंड लगाने की घोषणाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया में अस्थिरता का माहौल है और ऐसे माहौल में सरकार देश के आर्थिक हितों को लेकर पूरी तरह सजग है। श्री मोदी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'जब हम आर्थिक प्रगति की बात कर रहे हैं, तो मैं आपका ध्यान वैश्विक हालातों पर भी ले जाना चाहता हूँ। आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे हालात में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है ़ प्रधानमंत्री ने जनता और व्यवसायियों से भी अपील की कि वे देश में ही बने माल को खरीदने और बेचने को प्राथमिकता दें तथा देश हित में अपने दायित्व को निभायें। उन्होंने व्यापारियों से त्योहारों में स्वदेशी माल बेचने की अपील की और कहा स्वदेशी माल बेचने का संकल्प भी देश की सच्ची सेवा ● शेष पेज 11 पर

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में प्रतिनिधि वाद पर हो सुनवाई, अन्य 17 केसों पर लगे रोक: मुस्लिम पक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष ने अर्जी दाखिल कर सिर्फ प्रतिनिधि वाद भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और चार अन्य (17/2023) पर सुनवाई करने तथा अन्य 17 केसों पर रोक लगाने की मांग की है। यह अर्जी शाही ईदगाह की प्रबंध समिति के सचिव अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से दाखिल की है।

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर को लेकर कई भक्तों और संगठनों ने अलग-अलग 18 वाद दायर कर रखे हैं। 18 जुलाई 2025 को वाद संख्या-17 को प्रतिनिधि वाद बनाए जाने की अर्जी कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। मामले में अब मुस्लिम पक्ष ने सिर्फ प्रतिनिधि वाद पर सुनवाई किए जाने के लिए अर्जी दाखिल की है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि सभी 18 केसों में मुद्दा एक ही हैं और सभी वादी अपने को भगवान श्रीकृष्ण का भक्त बताते हैं। ऐसे में एक जैसे मामलों की अलग-अलग सुनवाई से अदालतों पर अनावश्यक दबाव पड़ेगा और एक ही मुद्दे पर अलग-अलग फैसले आने की आशंका बनी रहेगी। मुस्लिम पक्ष ने अर्जी में कहा कि हाईकोर्ट ने पहले ही वाद संख्या 17/2023 को प्रतिनिधि वाद घोषित कर दिया है। ऐसे में प्रतिनिधि वाद में जो भी फैसला आएगा, वे सभी भक्तों के लिए मान्य होगा। ऐसे में बाकी सभी 17 वादों की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए ताकि प्रतिनिधि वाद बनाए जाने का उद्देश्य पूरा ● शेष पेज 11 पर



❒ शाही ईदगाह प्रबंध समिति के सचिव की ओर से हाईकोर्ट में दाखिल की गई है अर्जी

## धन शोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, अगली सुनवाई 28 अगस्त को

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्रा ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। विशेष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को करेगी। शिकायत के मुताबिक, यह मामला वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी द्वारा फरवरी 2008 में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज़ से 7.5 करोड़ रुपए में खरीदी गई 3.5 एकड़ ज़मीन से जुड़ा है। यह लेन-देन कथित तौर पर झूठे दस्तावेजों के आधार पर किया गया था। ईडी का दावा है कि इस लेनदेन के बाद संपत्ति ● शेष पेज 11 पर


## राहुल गांधी के पास कोई 'सबूतों का एटम बम' है तो तुरंत फोड़ें : राजनाथ

एजेंसी

पटना। केंद्रीय रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चुनौती देते हुये आज कहा कि यदि उनके पास चुनाव आयोग के कार्यकलाप को लेकर आरोप को साबित करने के लिये साक्ष्य का कोई बम है जिसका वे दावा कर रहे हैं, तो वह उसे जल्द फोड़ दें।

श्री सिंह ने आज यहां हिंदी दैनिक के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि श्री गांधी चुनाव आयोग के कार्यकलाप के संबंध में बार-बार बिना कोई आधार के आरोप लगाते रहते हैं । उन्होंने कहा कि हाल ही में श्री गांधी ने

एक बार फिर आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग के कार्यप्रणाली को लेकर उनके पास साक्ष्य का बम है, जिसे वह फोड़ने वाले हैं। उन्होंने श्री गांधी को चुनौती देते हुये कहा कि यदि ऐसा कोई बम उनके पास है तो वे शीघ्र फोड़ दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता लगातार चुनाव आयोग के कार्यप्रणाली को लेकर लोगों को गुमराह करते रहते हैं, जो उचित नहीं है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रथम चरण के पूरा होने पर कुल 7.89 करोड़ मतदाताओ में 7.24 करोड़ की सूची चुनाव आयोग ने जारी की है। उन्होंने कहा कि इस सूची में पूर्व से जुड़े 65 लाख मतदाताओं के नाम नहीं हैं और उनमें से योग्य मतदाताओं का नाम जोड़े जाने के लिये चुनाव आयोग ने अवसर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि श्री कुमार के शासन से पहले बिहार में जंगलराज जैसी हालत थी, लोग घरों से निकलते हुए डरते थे और पटना की सड़क पर बम फूटते थे। श्री कुमार ने मुख्यमंत्री के रूप में राज्य को विकास पथ पर अग्रसर किया और जंगलराज की छवि को तोड़ा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश मे पूर्वी राज्यो का समय आ रहा है, बिहार उसी सूची में शामिल है। उन्होंने कहा कि बिहार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई परियोजनाओं की सौगात दी है। राज्य के कृषि और पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। श्री मोदी के सहयोग और श्री कुमार के नेतृत्व में बिहार की तस्वीर बदल रही है। भाजपा ● शेष पेज 11 पर



❒ रक्षामंत्री ने राहुल गांधी को चुनाव आयोग के खिलाफ सबूत देने की दी चुनौती

## प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्र कैद

एजेंसी

बेंगलुरु। पूर्व हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बलात्कार के मामले में कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने बलात्कार, यौन शोषण, धमकी और डिजिटल अपराधों के गंभीर मामले में पूर्व सांसद को 1 अगस्त को दोषी करार दिया था। अब कोर्ट ने दो मामलों में आजीवन कारावास के साथ अन्य मामलों में कुल मिलाकर 11 लाख रुपये जुर्माना देने का आदेश दिया है। यह पूरी राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाएगी। सजा आज से प्रभावी हो गई है।

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दर्ज बलात्कार के मामले में एक महत्वपूर्ण सबूत के रूप में साड़ी को कोर्ट में पेश किया गया। आरोप था कि पूर्व सांसद ने घरेलू सहायिका के साथ एक नहीं बल्कि दो बार बलात्कार किया। पीड़िता ने घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड किया और उसके पास वह साड़ी भी मौजूद थी, जिसे उसने सबूत के तौर पर संभाल कर रखा था। जांच में उस साड़ी पर स्पर्म के निशान पाए गए, जिससे यह मामला और भी मजबूत हो गया। अदालत में इस साड़ी को निर्णायक सबूत के रूप में पेश किया गया। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ बलात्कार का मामला मैसूरु के केआर नगर की एक घरेलू सहायिका की ● शेष पेज 11 पर

❒ 11 लाख का जुर्माना भी लगा, बलात्कार केस में ठहराया गया था दोषी



## डीएम, एसपी, सीएमओ समेत सभी अधिकारी फील्ड में रहकर करें कार्य

# 12 बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 11 प्रभारी मंत्रियों की तैनाती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में हालिया बाढ़ की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अपने मंत्रियों की एक विशेष 'टीम-11' का गठन किया है। यह टीम बाढ़ प्रभावित 12 जनपदों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित न रह जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह समय संवेदनशीलता, तत्परता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का है। राज्य सरकार हर नागरिक की सुरक्षा, भोजन, आवास और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी पूरी प्रतिबद्धता से निभाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी प्रभारी मंत्री तत्काल अपने-अपने जिलों का दौरा करें, राहत शिविरों का निरीक्षण करें और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर जमीनी स्थिति की समीक्षा करें। जिलों के डीएम, एसपी, सीएमओ सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहें और 24ड7 निगरानी व्यवस्था सक्रिय रखें। मुख्यमंत्री ने तटबंधों की चौबीसों घंटे निगरानी, जलभराव वाले गांवों से पानी की शीघ्र निकासी, एवं राहत शिविरों में भोजन, दवा, शौचालय, साफ-सफाई तथा महिलाओं व बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत सामग्री और भोजन पैकेट की आपूर्ति समयबद्ध और गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में खाद्यान्न की गुणवत्ता या मात्रा से समझौता न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ के कारण जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, जहां नदी के कटाव से भूमि का नुकसान हुआ है या फिर जिन परिवारों की गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया है, ऐसे सभी मामलों में 24 घंटे के भीतर सहायता राशि प्रदान की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यह सहायता स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के माध्यम से ही वितरित की जाए ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और लाभार्थियों तक मदद समय पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पशुधन की सुरक्षा को भी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहां पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और वहां चारे तथा पशुचिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के सभी चिकित्सालयों में एंटी स्नेक वेनम और एंटी रैबीज इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश जैसी स्थितियों में एक भी पीड़ित हो, तो उसका इलाज त्वरित और प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि राहत आयुक्त द्वारा जारी अर्ली वार्निंग अलर्ट को संबंधित जनपदों की आम जनता तक तत्काल पहुंचाया जाए। सभी संबंधित विभाग आपदा प्रबंधन के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें। शहरी क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए नालों की सफाई और पंपिंग स्टेशनों को क्रियाशील रखा जाए। उन्होंने पंपिंग स्टेशन के संचालन हेतु वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति के लिए जनरेटर की भी व्यवस्था करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि किसानों की फसलों का त्वरित सर्वेक्षण कराया जाए और राजस्व एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से सहायता वितरण की प्रक्रिया को तेज व पारदर्शी बनाया जाए। साथ ही, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं पीएसी की फ्लड यूनिट्स की तैनाती के माध्यम से राहत ● शेष पेज 11 पर

❒ मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत के लिए 'टीम-11' का किया गठन

❒ तटबंधों की सतत निगरानी, जलनिकासी व साफ-सफाई के निर्देश

❒ राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा, पेयजल व महिलाओं-बच्चों की सुविधाओं का हो समुचित प्रबंध

❒ किसानों की फसल क्षति, भूमि कटाव व घरेलू नुकसान पर 24 घंटे में मिले सहायता राशि

❒ पशुधन की सुरक्षा, चारे व पशु चिकित्सा की व्यवस्था को प्राथमिकता

❒ अफवाहों पर सख्त कार्रवाई और अर्ली वार्निंग अलर्ट तत्काल जनता तक पहुंचे



# प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में अपराध बेलगाम, पुलिस वसूली में व्यस्त

## घटनाओं का नहीं खुलासाजेल रोड व एग्रीकल्चर चौकी क्षेत्र में लूट, चोरी की वारदातें जारी, पुलिस अब तक खाली हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। चोरी, लूट और मारपीट , छेड़खानी की घटनाएं आम हो चुकी हैं। खासकर कोतवाली नैनी के जेल रोड, एग्रीकल्चर चौकी और स्टेशन रोड इलाके में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। हैरत की बात यह है कि पुलिस एक भी बड़ी वारदात का खुलासा करने में असफल रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि थानों और चौकियों में पीड़ितों को न्याय नहीं, बल्कि दलालों के सहारे ही सुनवाई मिलती है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भी फरियादियों को चौकी व थानों के चक्कर काटने पड़ते हैं, और कई बार रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती। इससे आम जनता का पुलिस से विश्वास उठता जा रहा है।क्षेत्र में घट रही प्रमुख घटनाओं में ज्वेलर्स की दुकान से लाखों की जंजीर लूट (अपराध संख्या 326/25 ) अब तक अनसुलझी है। इसी प्रकार चकमारा की निवासी प्रीति वैष्य की दुकान से सोने की जंजीर लूट की घटना 12 जुलाई 2025 को दर्ज हुई थी, पर अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका। वहीं स्टेशन छिवकी क्षेत्र में एक किसान आलू बेचकर लौट रहा था, तभी स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा में बैठते समय उचक्कों द्वारा उसके ?1 लाख उड़ा लिए गए। इस मामले में भी पुलिस अब तक निष्क्रिय है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पुलिस का पूरा फोकस वसूली पर है। चौकियों में दलालों की गहरी पैठ है, जो काम को दिशा देते हैं। थाना प्रभारी की कार्यशैली और पुलिस की निष्क्रियता अब जनचर्चा का विषय बन गई है।अब सवाल उठता है कि प्रयागराज के उच्च अधिकारी कब इन घटनाओं का संज्ञान लेंगे? क्या वाकई पुलिस को सिर्फ वसूली के लिए खुली छूट मिली है? नैनी थाना सर्किल अब अपराधियों के लिए सेफ जोन बनता जा रहा है और आम लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इस मामले में जब थाना प्रभारी नैनी से कई बार फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठा है ।

## एसीपी के नेतृत्व में मोहनलालगंज में 'प्रोजेक्ट सेफ राइड' के तहत ऑटो-टेम्पो चालकों की गोष्ठी सम्पन्न

मोहनलालगंज, लखनऊ । लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन के मोहनलालगंज में प्रोजेक्ट सेफ राइड अभियान के तहत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उनके कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ।गोष्ठी में मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के ऑटो एवं टेम्पो चालकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों की जानकारी, नागरिक सुरक्षा और वैध पंजीकरण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है, बल्कि आमजन की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देना भी है।एसीपी रजनीश वर्मा ने गोष्ठी के माध्यम से चालकों को विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अब प्रत्येक ऑटो व टेम्पो वाहन का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। वाहन मालिक और चालक दोनों की पहचान, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र और चरित्र सत्यापन पत्र वेबसाइट http://luc-knowpolice.up.gov.in/erick-shaw पर अपलोड करना जरूरी होगा।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (घ्ख्र-खत्र्ह्रइग) की 20वीं किस्त जारी किए जाने के राष्ट्रीय कार्यक्रम का जनपद प्रयागराज में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विकास भवन स्थित गंगा सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य एवं फूलपुर विधायक श्री दीपक पटेल ने की।कार्यक्रम की शुरुआत में उप कृषि निदेशक प्रयागराज द्वारा विधायकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। आयोजन में संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज मंडल, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिला प्रबंधक, नाबार्ड के डी.डी.एम., जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक समेत बड़ी संख्या में कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि सखी, किसान भाई-बहन एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनपद वाराणसी के सेवापुरी विकासखंड के ग्राम बनौली से देशभर के 9.71 करोड़ कृषक परिवारों को पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त का लाभ प्रदान किया, जिनमें उत्तर प्रदेश के 2.29 करोड़ किसान शामिल हैं।प्रयागराज में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले के सभी बीज भंडारों, सहकारी समितियों, कृषि विज्ञान केंद्रों, किसान समृद्धि केंद्रों और कृषि उत्पादन संगठनों के माध्यम से भी कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा विधायकगण की अनुमति से उपस्थित कृषकों, अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार

प्रयागराज। गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि के चलते शनिवार को जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। दोपहर 12 बजे की स्थिति के अनुसार, यमुना नदी का नैनी में जलस्तर 84.90 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान 84.734 मीटर से ऊपर है। वहीं गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ और बक्सी एसटीपी पर 84.84 मीटर दर्ज हुआ है, जबकि छतनाग में 84.20 मीटर रहा।पिछले चार घंटों में यमुना नदी में 20 सेमी, फाफामऊ में 16 सेमी, छतनाग में 15 सेमी और बक्सी एसटीपी पर 18 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई है। इन सभी स्थानों पर जलस्तर 79.50 मीटर से ऊपर दर्ज किया गया, जो बाढ़ की दृष्टि से चिंताजनक है।हालांकि, जिला प्रशासन ने बताया है कि सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जलस्तर की इस तेजी से बढ़ोत्तरी के मद्देनज़र प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है और राहत एवं बचाव दलों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।बाढ़ की संभावना को देखते हुए संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और ज़रूरत पड़ने पर नजदीकी बाढ़ सहायता केंद्रों से संपर्क करें।

## हज-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

प्रयागराज। हज-2026 यात्रा के लिए इच्छुक आवेदकों के लिए राहत की खबर है। हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर अब 07 अगस्त, 2025 कर दिया गया है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि जिन आवेदकों ने अब तक अपना पंजीकरण नहीं कराया है, वे तत्काल अपना ऑनलाइन आवेदन करें। वहीं, जिन आवेदकों ने पंजीकरण तो करा लिया है, परंतु किसी कारणवश आवेदन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सके हैं, वे भी 7 अगस्त तक आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण कर लें, अन्यथा वे हज-2026 में आवेदन से वंचित हो सकते हैं।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हज यात्रा हेतु भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर, 2026 तक अनिवार्य है। जिन इच्छुक आवेदकों का पासपोर्ट इस अवधि तक वैध नहीं है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे शीघ्र अपने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में संपर्क कर नया पासपोर्ट बनवाएं।हज कमेटी ऑफ इंडिया के अनुसार, आवेदन की अंतिम तिथि के बाद जल्द ही कुर्रा (ऑनलाइन लॉटरी) के माध्यम से हज यात्रियों का चयन किया जाएगा। चयनित हज यात्रियों को रु. 1,52,300/- की अग्रिम धनराशि दिनांक 20 अगस्त, 2025 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया के खाते में जमा करनी होगी।जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक हज यात्रियों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उन्हें पवित्र हज यात्रा में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सके।

## उत्तर मध्य रेलवे में पहली बार अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2025 का आयोजन

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा पहली बार अंतर मण्डलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2025 (सांस्कृतिक महोत्सव) का आयोजन 04 एवं 05 अगस्त, 2025 को किया जा रहा है। यह भव्य प्रतियोगिता उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में आयोजित होगी, जिसमें रेलवे मुख्यालय, सभी मंडलों व इकाइयों के कुल 120 प्रतिभागी एवं रेल कर्मचारी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।प्रतियोगिता में संगीत, नृत्य, वाद्य एवं नाटक जैसी चार प्रमुख सांस्कृतिक विधाओं की 10 उप-विधाओं में प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। उद्घाटन समारोह 04 अगस्त को दीप प्रज्वलन एवं निर्णायक मंडल व अधिकारियों के स्वागत के साथ आरंभ होगा। इस दिन प्रतिभागियों द्वारा नाटक, नृत्य और वाद्य विधा की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह 05 अगस्त को स्पंदन रेल अधिकारी क्लब, सूबेदारगंज, प्रयागराज में आयोजित होगा। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष उपेन्द्र चन्द्र जोशी मुख्य अतिथि होंगे, जो निर्णायक मंडल एवं विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करेंगे।समापन समारोह में चुनिंदा प्रतिभागी टीमों द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी जाएंगी। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन पदाधिकारी तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

## बिल्लोचपुरा में बिजली विभाग की छापेमारी

लखनऊ। शनिवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मंडल में बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई चौक डिवीजन के नादान महल रोड उपकेंद्र अंतर्गत बिल्लोचपुरा क्षेत्र में की गई, जहां कटिया डालने और मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसा गया।अधिकारियों की टीम ने सुबह तड़के शुरू हुए इस अभियान के दौरान कुल 15 कनेक्शनों की जांच की, जिसमें 9 उपभोक्ता करीब 27.59 किलोवाट बिजली चोरी करते हुए पाए गए। पकड़े गए उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और उनके कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए हैं।यह छापेमारी लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर की गई थी। अभियान का नेतृत्व चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडेय द्वारा गठित टीम ने किया, जिसमें अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा, उपखंड अधिकारी नादान महल रोड, अवर अभियंता व अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल बिजली चोरी रोकना ही नहीं, बल्कि लोगों को वैध कनेक्शन लेने के लिए जागरूक करना भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि विभाग नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाता रहेगा और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।

## यूरोलॉजी विभाग में रोबोटिक सर्जरी से पूरे किये 100 ऑपरेशन

लखनऊ । डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के यूरोलॉजी विभाग ने प्रोफ़ेसर डॉ ईश्वर राम धायल के नेतृत्व में अपने शुरुआत के पहले ही तीन महीनों के भीतर 100 रोबोटिक सर्जरी पूरी कर ली है। बता दें कि इन सर्जरी में प्रोस्टेट, मूत्राशय और गुर्दे के कैंसर के अलावा भी कई अन्य दूसरे जटिल रोगों पर प्रक्रियाएं चल रही हैं।लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में प्रोस्टेट, गुर्दा व पेशाब की थैली के कैंसर के अलावा और भी दूसरी जटिल सर्जरी विभाग के डॉक्टरों द्वारा सम्पन्न की गयी। सूत्रों की मानें तो विभाग में रोबोट से किडनी प्रत्यारोपन शुरू किया जायेगा। चिकित्सा जगत में रोबोट से ज्यादा बारीकी से ऑपरेशन किये जा रहे हैं।? इसके अलावा लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के विभाग का लक्ष्य है कि प्रति वर्ष कम से कम 500 सर्जरी रोबोट की सहायता से की जाये। बताया जा रहा है कि यहां की सर्जरी का ख़र्च कॉरपोरेट अस्पतालों की तुलना में काफी कम होती है।

# राजकीय बाल गृह में दस दिवसीय पाक कला प्रशिक्षण का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के निर्देश पर राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर) में आयोजित 10 दिवसीय पाक कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 2 अगस्त 2025 को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रस्तुति की गई, जिससे उनकी प्रतिभा और मेहनत की सराहना हुई।यह प्रशिक्षण यूनाइटेड यूनिवर्सिटी, झलवा प्रयागराज के आतिथ्य संकाय द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सतपाल गुलाटी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड शिखा चौधरी, और यूनाइटेड यूनिवर्सिटी के डीन डॉक्टर चेतन व्यास ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। दिनेश गौतम ने सभी बच्चों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके अनुभव सुने और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सतपाल गुलाटी ने बाल गृह में रहने वाले बच्चों के लिए यूनाइटेड मेडिसिटी में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित कराने और शिक्षा सहित अन्य विकास कार्यक्रमों में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।प्रशिक्षण का संचालन प्रसिद्ध शेफ मिर्ज़ा शाजान बेग द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को पाक कला की बारीकियों से परिचित कराया। अधीक्षक राकेश चौरसिया ने सफल आयोजन के लिए शेफ मिर्ज़ा शाजान बेग सहित पूरी टीम का आभार जताया और बच्चों की लगन की प्रशंसा की।

# 171 शिकायतों में 11 ग्यारह का हुआ संपूर्ण समाधान दिवस में निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। एसडीएम संदीप तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस कोराव का आयोजन संपन्न हुआ कुल 171 शिकायते आई जिसमे 11 का ही निस्तारण हो सका सबसे ज्यादा शिकायत राजश्व की 69 शिकायतें आई जिसकी अध्यक्षता एसडीएम खुद करते है लेकिन शिकायत भी इन्ही के विभाग की सबसे ज्यादा आती है अपने ही विभाग के शिकायत का समुचित निस्तारण न होने से राजश्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायते आती है कुछ विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खुद न आकर अपने कर्मचारी को भेजकर संपूर्ण समाधान दिवस का खाना पूर्ति। करते है जो जनहित के लिए ठीक नही है जब हर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नही आते तो उसका निस्तारण भी सही तरीके से नही हो पाता बड़ोखर गाव की रहने वाली प्रभावती सिह पत्नी जगन्नाथ सिह ने भी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में मिथिलेश मिश्र पत्नी सुरेंद्र मिश्र के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुची की एक भूमि का मामला दीवानी न्यायालय से स्थगन आदेश है इसके बावजूद भी लेखपाल मनमानी तरीके से पैमाइस कर पथरगड्डी कर दिए जो विधि विरुद्ध है लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की माँग की है संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का एसडीएम ने समुचित निष्पक्ष निस्तारण करने का आदेश संबधित को दिया साथ ही जो शिकायते लंबित है उसका भी जल्द निस्तारण कर आख्या दे एसडीएम के अलावा तहसीलदार कोराव नायब तहसीलदार राम मूरत प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा समेत अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

## डीएम साहब ! एक नज़र तहसील कोरांव के बदहाल ब्यवस्था की ओर

कोरांव ( प्रयागराज )। कोरांव तहसील कैंपस में बारिश के दौरान पानी भर जाने और निकासी व्यवस्था न होने से अधिवक्ता, वादकारी और आम जनता को काफी परेशानी हो रही है।तहसील कैंपस में जल निकासी व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है, जिससे कीचड़ और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे वाहन खड़ा करने और चलने में परेशानी होती है।अधिवक्ताओं और आम जनता ने जिलाधिकारी से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। नवांगतुक जिलाधिकारी से उम्मीद है कि वे तहसील कैंपस में निकासी व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इससे अधिवक्ताओं, वादकारियों और आम जनता को राहत मिलेगी और तहसील कैंपस में एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण तैयार होगा।

# काकोरी पुलिस की कार्यशैली पर सवालों का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,काकोरी। उत्तर प्रदेश की राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस की निष्क्रियता और दबंगों के हौसले की पराकाष्ठा को उजागर कर दिया है। कानून व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाली क्क्ष्ट तक दर्ज कराने के लिए जब कोर्ट की फटकार का सहारा लेना पड़े, तो यह न सिर्फ सिस्टम की नाकामी को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि पुलिस अब न्याय के नहीं, सत्ता और संगठनों के निर्देशों पर चलने लगी है।

### दबंगों के आगे बेबस कानून की पहली सीढ़ी

### दबंगों का खौफ या पुलिस की मिलीभगत

पूरा घटनाक्रम 9 जून 2025 का है, जब पूर्व ग्राम प्रधान मोहम्मद रिज़वान पर कुछ दबंगों ने सुनियोजित साजिश के तहत जानलेवा हमला किया। हमलावरों में कथित महिला भू-माफिया रेनू रावत, मो. अली, वर्तमान ग्राम प्रधान का पुत्र पप्पू उर्फ हरीशंकर, हिस्ट्रीशीटर उधव यादव समेत कई नाम सामने आए। न केवल बर्बरता की गई, बल्कि मोबाइल फोन छीन लिया गया और सरेआम धमकी दी गई आज इसका खेल खत्म कर दो!

### 112 पर कॉल, थाने में शिकायत, फिर भी सन्नाटा

रिज़वान ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, साथ ही काकोरी थाने में भी कई बार शिकायत दी, पर नतीजा वही–मामला रफा-दफा। पुलिस ने औपचारिकता निभाई और गंभीर आपराधिक कृत्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पीड़ित का आरोप है कि घटना के पीछे एक संगठित भू-माफिया गिरोह है, जो सरकारी ज़मीनों को फर्जी दस्तावेजों से हड़पने में माहिर है।

### न्यायालय की सख्ती बनी सहारा

काकोरी थाने की चुप्पी के बाद जब पीड़ित ने अपर सिविल जज (कक्ष संख्या 20) लखनऊ का दरवाज़ा खटखटाया, तब जाकर न्याय ने करवट ली। धारा 173(4) उगङ्ग के तहत कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया कि तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। कोर्ट की इस डांट के बाद थाना प्रभारी श्री सतीश चंद्र राठौर के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### पुलिस की मौजूदगी में हुआ हमला

सबसे बड़ा सवाल ये है कि जब यह हमला पुलिस की मौजूदगी में हुआ, तब भी क्क्ष्ट दर्ज क्यों नहीं हुई? क्या काकोरी पुलिस दबंगों के प्रभाव में है? या फिर सच में यह मामला 'मैच फिक्सिंग' का है जहाँ पुलिस और अपराधी एक ही टीम में खड़े हैं

### जनता पूछ रही सवाल

काकोरी थाना क्षेत्र में इस घटना ने साबित कर दिया है कि जनता को न्याय दिलाने वाला सिस्टम तब तक नहीं जागता जब तक उसे कोर्ट का चाबुक न लगे। अगर न्यायालय का आदेश न आता, तो शायद आज भी यह गंभीर मामला दर्ज न होता।यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे तंत्र के चरमराते भरोसे का प्रमाण है। अगर उत्तर प्रदेश की राजधानी में एक पूर्व ग्राम प्रधान की आवाज़ को यूं दबाया जा सकता है।, तो ग्रामीण इलाकों में आम जनता की न्याय तक पहुंच कितनी मुश्किल होगी, इसका अंदाज़ा लगाना कठिन नहीं।अब देखना यह है कि इस मुकदमे की जांच कितनी निष्पक्ष होती है, और क्या दबंगों पर कोई कानूनी कार्रवाई होगी, या ये मामला भी बाकी फाइलों की तरह धीरे-धीरे 'निष्क्रिय' कर दिया जाएगा।

## अब नरेंद्र नाथ संभालेंगे उपकेंद्र विक्टोरिया की कमान

लखनऊ । विद्युत विभाग ने प्रशासनिक कारणों से आंतरिक फ़ेरबदल करते हुए दो अवर अभियंताओं का तबादला किया है। लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे ने अवर अभियंता मुकुल यादव को उपकेंद्र विक्टोरिया से हटा कर विद्युत नगरीय परीक्षण खंडऽचौक में तैनात किया है। वहीं अवर अभियंता नरेंद्र नाथ को परीक्षण खंडऽचौक से हटाकर 33/11 केवी उपकेंद्र विक्टोरिया में तैनात किया है। यह बदलाव विभागीय कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

## शुभ एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर फाउंडेशन व परशुराम एकेडमी के तत्वावधान मे हुआ वृक्षारोपण

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव मलौली में शुभ एजुकेशनल एंड वेलफ़ेयर फाउंडेशन व परशुराम एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य वृक्षारोपण एवं शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रचार-प्रसार और सामाजिक चेतना को ग्रामीण क्षेत्र में मजबूती प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 10,000 से अधिक पौधों का वितरण एवं रोपण का काम किया गया।यह क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरक कदम है।संस्था के संस्थापक सौरभ सिंह ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि ''जब समाज, शिक्षा और पर्यावरण के लिए एकजुट होकर कार्य करता है, तो हर बदलाव संभव हो जाता है।'' उन्होंने ग्रामीण शिक्षा की वर्तमान चुनौतियों, सरकारी स्कूलों की स्थिति, और शिक्षा नीति में सामाजिक भागीदारी की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की।प्रत्येक छात्र को एक-एक पौधा प्रदान किया गया और उनसे यह संकल्प करवाया गया कि वे उस पौधे को अपने किसी प्रियजन के नाम से रोपित करेंगे तथा उसकी सुरक्षा और देखभाल स्वयं करेंगे। यह विचार बच्चों में जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव को भी विकसित करता है।बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सुंदर नाटक, गीत, एवं स्वरचित कविताएँ प्रस्तुत कीं। जिनमें वृक्षों के महत्व, जल संरक्षण, और हरियाली को बढ़ाने की आवश्यकता पर भावपूर्ण संदेश दिए गए। यह आयोजन निश्चित रूप से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध हुआ।संस्था के सम्मानित सदस्य प्रताप सिंह, अरविंद मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, अशोक कुमारी वर्मा, अवधराम वर्मा, राकेश रावत, राजेन्द्र वर्मा, रामबिलास वर्मा, राम अवध यादव, वीर बहादुर, हनुमान गौतम, सूरज गौतम, अल्ताफ आदि की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।कार्यक्रम में सर्वेश कुमार रावत (प्रधान, महमूदपुर), धर्मेंद्र प्रधान (मलौली), रामाकांत वर्मा (पूर्व प्रधान, बेगरिया), एवं मोतीलाल यादव (क्षेत्र पंचायत सदस्य)किशोरी लाल पटेल (भारतीय किसान यूनियन), सुनील कुमार वर्मा (भारतीय किसान यूनियन अरा. अम्बवता ऽ प्रदेश उपाध्यक्ष), जितेन्द्र बहादुर सिंह (भा.कि.यू. मण्डल महामंत्री), आशीष यादव, हज़रत अली, सुनील चौरसिया, सत्य प्रकाश शर्मा, मनोज यादव, शिव कुमार रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गांव-गांव जाकर समाज को जोड़ने में जुटे सपा सांसद आर.के. चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### सांसद चौधरी ने गांव इस्माइलनगर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक साधन समिति लि0 का निरीक्षण भी किया

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से सांसद आर.के. चौधरी शनिवार को जनसंपर्क अभियान के तहत मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के साथ गोसाईगंज ब्लॉक के गांव लक्ष्मणपुर पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। सांसद चौधरी ने गांव इस्माइलनगर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक साधन समिति लि0 का निरीक्षण भी किया।इसी गांव में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव (तत्कालीन सहकारिता मंत्री) ने वर्ष 1979 में ग्रामीण गोदाम (लछिमनपुर) का शिलान्यास किया था। वह शिलापट्ट उस ऐतिहासिक पल का साक्षी आज भी बना हुआ है।निरीक्षण के दौरान समिति अध्यक्ष व बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण किसानों ने समिति भवन की जर्जर स्थिति व टूटे दरवाजे को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि भवन कभी भी गिर सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि खाद वितरण के लिए तिरपाल लगाकर अस्थायी व्यवस्था की जाती है। किसानों की इस गंभीर समस्या पर सपा सांसद की ओर से मामले को संसद में उठाने का आश्वासन दिया गया साथ ही समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने की बात भी कही गई ।सपा सांसद के जनसंपर्क कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की। इस कार्यक्रम में जोन प्रभारी दिनेश यादव, राम आधार वर्मा, समिति अध्यक्ष रामलाल रावत, मोहम्मद कयूम, बृजेश लाला, लतीफ फारूखी, पूर्व प्रधान उतार रहमान, बास देव वर्मा, संतोष रावत, इकबाल अहमद, राजकुमार धीमान, मनीष शर्मा, संजीवन धीमान, अनीद अहमद, हरीशंकर रावत, संतराम रावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ दी जान से मारने की धमकी

### निगोहां पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, आरोपी की तलाश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने बीते गुरुवार को निगोहां थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले निगोहां थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी। तभी रास्ते में आरोपी युवक बृजेश पुत्र बिहारी ने उसकी बेटी को रोक लिया और जबरन मोबाइल नंबर मांगने लगा।जब किशोरी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गलत नीयत से उसे छूने का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। निगोहां पुलिस ने पीड़ित पिता की लिखित तहरीर पर बृजेश के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## विकासखंडों की उपलब्धियों पर आधारित 'संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का आयोजन

प्रयागराज। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विकासखंड बहरिया एवं कोराव की उल्लेखनीय प्रगति पर शनिवार को विकास भवन स्थित सरस सभागार में ङ्ख्रसंपूर्णता अभियान सम्मान समारोहङ्क का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक फूलपुर दीपक पटेल एवं विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर विकासखंड बहरिया द्वारा 6 तथा कोराव द्वारा 5 सूचकांकों की पूर्ति पर संबंधित जनपद स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आंशू पांडेय, तत्कालीन खंड विकास अधिकारी बहरिया देव कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतोष कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी रंजन लाल समेत कुल 15 अधिकारी शामिल रहे। साथ ही फ्रंटलाइन वर्करों को भी उनकी सराहनीय भूमिका के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, परियोजना निदेशक भूपेंद्र सिंह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज कुमार, तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।इसके साथ ही, विकास भवन परिसर में लगाए गए ङ्ख्रआकांक्षा हॉटङ्क का अवलोकन भी विधायक फूलपुर, विधायक फाफामऊ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।समारोह में विकास कार्यों की दिशा में जिले की प्रतिबद्धता और अधिकारियों की मेहनत को सराहा गया तथा भविष्य में इसी तरह के प्रयासों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# कैनविज टाइम्स के स्टेट हेड पर जानलेवा हमला, पुलिस ने शुरू की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब कैनविज टाइम्स के स्टेट हेड संदीप मिश्रा पर उनके बड़े भाई प्रदीप कुमार मिश्रा ने जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना सुबह करीब 11 बजे उस समय हुई, जब संदीप मिश्रा अपने आवास पर मौजूद थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर तीखी बहस हुई, जो जल्द ही हिसक रूप ले लिया। प्रदीप ने गुस्से में



आकर संदीप पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही संदीप की पत्नी ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लुलू मॉल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। घायल संदीप मिश्रा को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत स्थिर बनी हुई है और सीटी स्कैन की तैयारी है। लुलू मॉल पुलिस चौकी के इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## स्कूल बंद करना पीडीए समाज के ख़िलाफ़ भाजपा की बड़ी साज़िश: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद का जन्मदिन पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाया।सपा मुखिया अखिलेश यादव अपनी सांसद पत्नी डिम्पल यादव के साथ अवधेश प्रसाद के घर पहुंच कर बधाई दी।इसके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नरेश उत्तम पटेल,आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव,मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी,मलिहाबाद विधानसभा की पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत,पूर्व मंत्री अरुण शंकर शुक्ला उर्फ अन्ना महराज,प्रोफ़ेसर लक्षण यादव,सांसद इकरा हसन,प्रिया सरोज,पुष्पेन्द्र सरोज,पार्षद आशा रावत,अमन रावत,अभिराज रावत वीर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर बधाई दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अवधेश प्रसाद को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समझ गयी है कि स्कूल बंद करना दरअसल पीडीए समाज के ख़िलाफ़ भाजपा की एक बहुत बड़ी साज़िश है ।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

## 222 शिकायतों में 76 का हुआ मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर । सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को डीएम विशाख जी की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दृश्य ने सभी को चौंका दिया। डीएम

के सामने पहुंची एक बुर्जुग महिला अचानक दहाड़े मारकर रोने लगी। इससे वहां मौजूद सभी अधिकारी और फरियादी स्तब्ध रह गए। डीएम ने जब महिला की समस्या पूछी तो उसने अपना नाम काकोरी के बेहटा की रहने वाली विजय लक्ष्मी बताया।महिला ने बताया कि उसके 29 वर्षीय बेटे अंकित राजपूत की जमीनी विवाद में बीती 19 फरवरी को हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया गांव के ही सुमित कनौजिया, गोलू यादव टउंवा और अखिलेश ने बेटे को गोली मार दी थी। सात लोगों को जेल हुई थी। अब वे सभी जेल से बाहर आ गए हैं और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग कर रहे हैं। उसे बेच रहे हैं। इस संबंध में वह कई बार लेखपाल और अन्य अधिकारियों से शिकायत कर चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला की शिकायत सुनने के बाद जिलाधिकारी विशाख जी ने तुरंत




सरोजनी नगर के एसडीएम अतुल शुक्ला और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और उनकी सुरक्षा करने का आश्वासन दिया।

न्यायिक कोर्ट स्थानांतरित करने की मांग:सरोजनी नगर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह चौहान और महामंत्री राजेंद्र यादव के नेतृत्व में पहुंचे बड़ी संख्या में वकीलों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर लखनऊ कलेक्ट्रेट में चल रही सरोजनी नगर उप जिलाधिकारी की न्यायिक कोर्ट को सरोजनी नगर तहसील में स्थानांतरित करने की मांग की। साथ ही चकबंदी गांव की खतौनी एक सप्ताह में बनवाने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा- अधिवक्ता स्थल के पास आने जाने के लिए बनी पुलिया को तोड़ दिया गया है, उसे तत्काल बनाया जाए। न्यायिक कोर्ट के अधिकारी 5 बजे के बाद ही अपने आवास पर जाएं। साथ ही अधिवक्ता स्थल में सुलभ शौचालय बनवाने और तहसील गेट पर यातायात पुलिस की व्यवस्था करने की मांग की।

कनेक्शन कटा, फिर भी आ रहा बिलः

बंथरा के बृजेश कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि करीब साल भर पहले बंथरा बाजार स्थित सुषमा एजुकेशन सोसाइटी के नाम से पार्लर और सिलाई कढ़ाई दुकान के लिए विद्युत कनेक्शन लिया गया था। तब बिजली विभाग द्वारा मीटर नहीं लगाया गया। कई बार शिकायत की गई, लेकिन मीटर नहीं लगा। पिछले करीब तीन माह पहले गहरू पावर हाउस के अवर अभियंता विनय कुमार द्वारा मीटर ना लगे होने के कारण जबरदस्ती कनेकशन काट दिया गया।जब इसकी शिकायत की गई तो अवर अभियन्ता ने पीडी होने की बात कही। लेकिन पीडी की कोई रसीद नहीं दी गई। पीड़ित का कहना है कि इसके बावजूद विद्युत बिल बराबर आ रहा है। उसका कहना है कि या तो मीटर लगाकर कनेक्शन जोड़ा जाए या

फिर पीडी की रसीद देने के साथ लगातार आ रहे विद्युत बिल बंद किया जाएं। इसी तरह लोनहाँ के धमेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाया। उनका कहना था कि बीते तहसील दिवस में गाँव के एक चक मार्ग को खुलवाने की फरियाद की गई थी । लेकिन ग्राम पंचायत सचिव ने बिना जाँच पड़ताल के ही झूठी रिर्पोट लगा दी कि जमीन रेलवे की है। जबकि लेखपाल ने पैमाईस कर चकमार्ग होने की सही रिर्पोट लगाई है । संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल 222 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे से 76 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया । सीडीओ, एडीएम पूर्वी, एसडीएम अंकित शुक्ला, तहसीलदार सुखबीर सिंह व एसीपी कृष्णानगर विकास पाण्डेय भी मौजूद रहे।

# असहायों की सेवा कर मिलता है आनन्द : अमरेन्द्र भारद्वाज

**पद जिला पंचायत सदस्य का कार्य विधायक और मंत्री से कम नहीं**

**हजारों असहायों के मसीहा कहलाते हैं भारद्वाज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं, समाज सेवा अगर निःस्वार्थ भाव से की जाय तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। यह बात शनिवार को मोहनलाल गंज विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या - 19 के जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने एक बैठक दौरान कही। भले ही अमरेन्द्र भारद्वाज का पद जिला पंचायत सदस्य का है , परन्तु कार्य किसी विधायक और मंत्री से नहीं। श्री भारद्वाज ने कहा कि हम मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना होता है। जीवन में




समाज सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं। वहीं सैकड़ों ग़रीबों एवं असहायों का कहना है कि अमरेन्द्र भारद्वाज राजनीति के एक प्रतिनिधि जरूर है, किंतु हम लोगों के लिए एक मसीहा है , चाहें दिन हो या रात हमेशा मदद के लिए तन मन धन से हाजिर रहते हैं। खरगापुर गांव निवासियों का कहना है कि जो कार्य गांव में पूर्व के प्रतिनिधियों द्वारा नहीं कराया जा सका था वह कार्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने अपने अथक प्रयासों से कराया है। वह चाहे सड़क की हो या जलनिकास समस्या की हो या बारात घर हो गांव में विकास की गंगा बहा दिया है। अब मेरा गांव शहर से कम नहीं लगता है।

# डॉक्टर के घर से चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज पुलिस ने डॉक्टर के घर चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर को शनिवार को गिरफ्तार किया है। शातिर चोर ने एक डॉक्टर के घर से पांच हजार की नगदी, व चांदी की पायल और अन्य कीमती सामान चुराए थे, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शातिर चोर की पहचान 26 वर्षीय सचिन पुत्र सुमनकांत मौर्य के रूप में हुई है, जो मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भसंडा, गांव का निवासी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. अभिषेक कुमार यादव, जो संकट मोचन क्लीनिक में चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं, अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पास ही एक किराए के मकान में रहते हैं।बीते बुधवार को जब डॉक्टर अपने कमरे में थे उन्होंने देखा कि मकान का दरवाजा खुला हुआ था और लॉकर टूटा हुआ था।लॉकर में




रखा पांच हजार नकद, चांदी की पायल और अन्य कीमती सामान गायब थे। इस पर डॉक्टर ने तुरंत शोर मचाया और छत की ओर दौड़ने लगे, जहां से एक युवक भागते हुए दिखा। आस पास के लोग उसे पकड़ने में सफल हुए, लेकिन आरोपी चोर ने उन्हें धक्का देकर भागने की कोशिश की। फिर भी पुलिस ने आरोपी को पीछा कर गिरफ्तार किया।घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अतरौली क्रॉसिंग पर किसी वाहन से फरार होने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद उप-निरीक्षक अनूप कुमार सिंह, कांस्टेबल किशन जायसवाल और कांस्टेबल दीपक तोमर की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मोहनलालगंज के विकास खण्ड कार्यालय के पास से दबोच लिया। पुलिस द्वारा आरोपी चोर की तलाशी में उसके पास से पांच हजार नकद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सफ़ेद धातु का सिक्का,और एक अंगूठी बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज थे।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पर पहले भी चोरी के कई मामलों में आरोप हैं। उसे अब न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।इस सफलता को लेकर पुलिस टीम की कार्यप्रणाली की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है। मोहनलालगंज पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई ने अपराधियों के लिए एक कड़ा संदेश दिया है कि कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं।

# अगस्त को लोक सभा की कार्यवाही के प्रत्यक्षदर्शी बनेगे देश के शीर्ष व्यापारी नेता

**लोक सभा स्पीकर श्री ओम बिड़ला से व्यापारी प्रतिनिधि मिलेंगे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय संगठन मंत्री (नॉर्थ जोन) संजय गुप्ता लोकसभा की कार्रवाई के प्रत्यक्षदर्शी होंगे । कन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री (नॉर्थ जोन) एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि चांदनी चौक लोक सभा से सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीण खंडेलवाल के



माध्यम से देश के शीर्ष व्यापारी नेताओं को लोकसभा की कार्यवाही का प्रत्यक्षदर्शी बनने हेतु चार अगस्त को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया राजधानी लखनऊ से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री (नॉर्थ जोन) संजय गुप्ता लोकसभा की कार्रवाई के प्रत्यक्षदर्शी बनेंगे।

उन्होंने बताया लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिड़ला देश के शीर्ष व्यापारी नेताओं से मिलेंगे एवं व्यापारियों से संबन्धित विषयों की जानकारी लेंगे संजय गुप्त ने बताया इस अवसर पर कुछ केन्द्रीय मंत्रीगण भी व्यापारियों से वार्ता करेंगे ।

# शिव ही संसार का सार तत्व : कथा वाचक जयशंकर शुक्ला

## दखिना गांव में शिव पुराण कथा का छठा दिन श्रद्धा और ज्ञान से परिपूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ। दखिना में चल रही शिव पुराण कथा में कथा वाचक जयशंकर प्रसाद शुक्ला ने छठे दिन छठे दिन सुनाया कि शिव शक्ति सनातन सत्य धर्म सर्वोपरि है। इसे ही विश्व कल्याण व शांति आएगी और कहा कि पूरा ब्रह्मांड पंचतत्व से बना हुआ है इन तत्वों में असंतुलन होने से ही प्रगति का स्वरूप बिगड़ रहा है। हमें इसके लिए शांति धर्म व मानवता के पथ पर चलना होगा। यह चराचर जगत उसे देव का विग्रह है , जीव बंधन में पड़कर मनुष्य की धर्म से दूरी बन जाती है। ओम को ही जगत अनेक प्रकार से कहते हैं कोई तो अनादि निदान कहता है तो कोई भूत , इंद्रिय अंतःकरण एवं प्रधान विषयात्मक के नाम से जानता



है वही कोई कहता है ईश्वर जाति और व्यक्ति स्वरूपीं हैं । ईश्वर एक नाम अनेक ऐसे हैं शिव भोले त्रिपुरारी , कथा के मुख्य यजमान भोलेबाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अनमोल तिवारी अपनी धर्मपत्नी के साथ शिव परिवार की सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर शाम को कथा श्रवण करते हैं। इस कथा के माध्यम से कथावाचक शुक्ला ने यह संदेश दिया कि शिव केवल पूजनीय देव नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि के मूल में स्थित परम चेतना है। शिव ही संसार का सार है।

# एमपीआरटी -2025 का शुभारंभ, उत्तर प्रदेश में पीडियाट्रिक इमरजेंसी चिकित्सा क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में देश का सबसे बड़ा पीडियाट्रिक इमरजेंसी सम्मेलन शुरू हो चुका है। इमरजेंसी मेडिकल पीडियाट्रिक एडवांसेज एंड रिसेंट ट्रेंड - (इमपार्ट) का भव्य शुभारंभ लखनऊ के मशहूर डॉ राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, यह भव्य आयोजन आई एन डी यू एस इ एम एवं अकेडमिक कॉलेज आफ इमरजेंसी एक्सपर्ट्स इन इण्डिया के सहयोग से दिनांक 1 अगस्त से 3 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह पहला अवसर है जब उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर का पीडियाट्रिक इमरजेंसी बोर्ड रिव्यू कोर्स इतना भव्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इसके उद्घाटन समारोह में देश भर के चिकित्सा क्षेत्र के क़रीब 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ प्रशांत महाजन, चेयरपर्सन -




पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन, अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक से डॉ आमी शाह और डॉ शोभित जैन (टेक्सास - यूएसए) ने की-नोट लेक्चर दिये एवं सिमुलेशन आधारित कार्यशालाएं भी आयोजित की।

इस अवसर पर डॉ प्रशांत महाजन ने कहा कि पीडियाट्रिक इमरजेंसी चिकित्सा, किसी भी भी मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली की नींव है। डॉ आमी शाह ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार है। इम्पार्ट (इ एम पी ए आर टी) जैसे सम्मेलन चिकित्सकों को न केवल कौशल प्रदान करते हैं बल्कि आत्मविश्वास भी देते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रोफ़ेसर नेहा राय ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ सी एम सिंह ने संस्थान द्वारा इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेज़बानी को गौरवशाली उपलब्धि बताया। वहीं, डॉ अजय सिंह ने पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन को स्नातकोत्तर चिकित्सा क्षेत्र में सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# गांव-गांव जाकर समाज को जोड़ने में जुटे सपा सांसद आर.के. चौधरी

## किसानों की समस्याओं को सदन में उठाने का दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। सपा सांसद आर.के. चौधरी शनिवार को जनसंपर्क अभियान के तहत मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के साथ गोसाईगंज ब्लॉक के ग्राम सभा लक्ष्मणपुर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान सांसद चौधरी ने इस्माइल नगर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक साधन समिति लि0 का निरीक्षण भी किया। यह वही स्थान है, जहां 1979 में समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव तत्कालीन सहकारिता मंत्री ने ग्रामीण गोदाम (लछिमनपुर) का शिलान्यास किया था। वहां आज भी शिलापट्ट उस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना हुआ है।



निरीक्षण के दौरान समिति अध्यक्ष व बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण किसानों ने समिति भवन की जर्जर स्थिति व टूटे दरवाजे को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि भवन कभी भी गिर सकता है और खाद वितरण के लिए तिरपाल लगाकर अस्थायी व्यवस्था की जाती है। किसानों की इस गंभीर समस्या पर सांसद आर.के. चौधरी ने इसे संसद में उठाने का आश्वासन दिया और समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

जनसंपर्क कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने की। इस दौरान कार्यक्रम में जोन प्रभारी दिनेश यादव, गजराज रावत, राम आधार वर्मा, मोहम्मद कयूम, बृजेश लाला, लतीफ फारूखी, राजकुमार धीमान, मनीष शर्मा, संजीवन धीमान, अनीद अहमद, हरीशंकर रावत, संतराम रावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**शिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम**

**संपूर्ण समाधान दिवस में योजनाओं के लाभार्थियों को मिला सम्मान**

लखीमपुर खीरी । संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और किट सौंपे। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में कुल 69 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की 17, विकास विभाग की 07, नगर निकाय की 05, आपूर्ति विभाग की 06, विद्युत और कृषि विभाग की 04-04 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह तहसीलदार दिलीप कुमार सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस पर उम्मीदों को मिली नई उड़ान लाभार्थियों को सौंपे गए चाबी और स्वीकृति पत्र संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चयनित पांच लाभार्थियों को पक्के घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। वहीं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पांच महिलाओं को ?5000-?5000 की धनराशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान मंच पर पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह और तहसीलदार दिलीप कुमार भी उपस्थित रहे। योजनाओं का लाभ पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# डीएम-एसपी ने रोपे पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधे, लोक भारती संग दिया हरियाली का संदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । जिले में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित हरिशंकरी पौधारोपण अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला। शनिवार को तहसील लखीमपुर परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने लोक भारती के पदाधिकारियों व पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधे रोपे। इस अवसर पर डीएम ने सभी नागरिकों से अधिकाधिक पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित करने की अपील करते हुए कहा कि हरिशंकरी वृक्षों का समूह भारतीय संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन और स्वास्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लोक भारती के प्रयासों और पर्यावरण मित्रों के योगदान की सराहना भी की।

**जनसहभागिता से बना हरियाली का महाअभियान**

पौधारोपण कार्यक्रम में एसडीएम सदर अंजनी कुमार सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख डॉ. राम नरेश शर्मा, लोकभारती जिला संयोजक अतुल रस्तोगी, हरिशंकरी अभियान के जिला संयोजक मानवेंद्र सिंह 'संजय', सह संयोजक राममोहन गुप्त, विशाल सेठ, मयूरी नागर, नगर संयोजक सीमा गुप्ता, अनुश्री गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, सुमन श्रीवास्तव, कुसुम गुप्ता सहित पर्यावरण मित्र समूह के प्रतिनिधि और अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

**सभी तहसीलों में हुआ हरिसंकरी का रोपण**



सभी तहसीलों में रोपे गए हरिशंकरी पौधे

जिले की सभी सात तहसीलों में भी यह अभियान एक साथ संचालित हुआ, जहां लोक भारती के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उप जिलाधिकारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने हरिशंकरी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# सीतापुर को विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए मिली संबद्धता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद । नगर क्षेत्र से सटे तथा ग्राम टक पुरवा में स्थित ऐतिहासिक भुइंया ताली तीर्थ परिसर में स्थित मां पीतांबरा देवी वैदिक विद्यापीठ गुरूकुलम को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सम्बध्ता प्रदान की गई है यह पत्र 1 अगस्त को प्राचार्य मां पीतांबरा देवी वैदिक विद्यापीठ गुरुकुलम महर्षि लक्ष्मण दास उदासीन आश्रम बड़ी संगत कमाल सराय खैराबाद को एकेडमिक संस्था के डीन मदन मोहन झा के द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें कहा गया है कि उपरोक्त संस्था को अस्थाई और तदर्थ आधार पर संबद्धता प्रदान की जाती है जिसमें प्रथम पूर्व मध्यमा एवं प्राक शास्त्री पाठ्यक्रमों हेतु इच्छुक छात्र प्रवेश ले सकेंगे तथा पत्र में यह भी कहा गया है कि यह सम्बध्ता किसी भी समय वापस ली जा सकती है यदि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय समय-समय पर निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार आपकी संस्था के प्रदर्शन या कार्य से संतुष्ट नहीं होगा अतः प्रधानाचार्य सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था केंद्रीय संस्कृत विद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुसार कार्य कर रही है और सभी नियमों विनिमय और निर्देशों का सख्ती से पालन कर रही है यदि संबद्धता प्रदान करने में विफल रहती है तो दिए गए संबद्धता वापस ले ली जाएगी या रद्द कर दी जाएगी और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय इसके परिणाम स्वरुप होने वाले किसी भी परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को किसी भी समय आपकी संस्था का निरीक्षण करने और संम्बध्ता वापस लेने का अधिकार है भले ही वह शैक्षणिक सत्र के दौरान हो यदि संस्था की गतिविधियों या कार्य केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली से संबद्ध संस्थाओं के लिए लागू दिशा निर्देशों के विरुद्ध पाई जाती है इस सम्बध्ता के नवीनीकरण के लिए संस्थान में न्यूनतम 20 छात्रों का नामांकन होना आवश्यक है इसके अतिरिक्त संस्थानअपने छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र के रूप में नामित नहीं हो सकता है हालांकि परीक्षा केंद्र के रूप में योग्य होने के लिए संस्थान में न्यूनतम 15 छात्रों की संख्या होनी चाहिए या संबंधता के उल्लंघन के उद्देश्य है केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार की अनुदान या बुनियादी ढांचे की सुविधा प्रदान नहीं करेगा यह पत्र सक्षम प्राधिकारी तक अकादमी संबद्धता के दिन प्रोफ़ेसर मदन मोहन झा की स्वीकृति से 1 अगस्त 2025 कोजारी किया गया है।

# पत्थर शिवाला श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां(सीतापुर) । बिसवां नगर के बड़े चौराहे पर स्थित प्राचीन पत्थर शिवाला धाम अपनी भव्यता, स्थापत्य कला व विशाल शिवलिंग के कारण श्रद्धालुओं की विशेष आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र माना जाता है। मंदिर वास्तु कला एवं भव्यता को लेकर समूचे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। बिसवां नगर में पत्थर शिवाला मंदिर का निर्माण वर्ष 1914 में कायस्थ परिवार के हरदेव सिंह ने शुरू कराया था इस दौरान हरदेव सिंह के निधन के बाद मंदिर के निर्माण का काम उनकी पत्नी रामकली ने आगे बढ़ाया। कुछ समय बाद वह प्रयाग चली गई जिसके बाद उनके बड़े भाई महादेव प्रसाद की प्रेरणा से मंदिर निर्माण का कार्य पंडित मातादीन ने शुरू कराया यह मंदिर वर्ष 1917 में बनकर तैयार हुआ मंदिर निर्माण में साठ हजार मन पत्थरों का प्रयोग किया गया है। पत्थर जयपुर से लाए गए थे। पत्थरों को सिधौली तक ट्रेन से लाया गया था,यहां से फिर बिसवां तक ऊँट गाड़ियों से लाए गए थे। मंदिर में भगवान शिव की श्वेत लाट तथा नंदेश्वर की काली विशाल प्रतिमा भक्तों को अभिभूत करती है। पत्थर शिवाला मंदिर में पंचदेव स्थापित हैं। इनमें लक्ष्मी नारायण, सूर्य देव,गौरी गणेश सहित हनुमान जी विराजमान है। पावन श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को मंदिर का विशेष श्रृंगार किया जाता है। चहलारी घाट से हजारों की संख्या में घाघरा(सरयू)नदी से कांवरिया जल लाकर भगवान शिव को अर्पित करते हैं। भक्तों द्वारा समय-समय पर यहां रामायण,भागवत कथा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहता है। सावन के महीने में मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है। कांवड़ियों के लिए आने जाने का विशेष रास्ता तैयार किया जाता है जिससे असुविधा का सामना न करना पड़े। मंदिर के बाहर पूजा पाठ से जुड़ी आवश्यक चीजों के लिए लिए दुकानें भी लगाई जाती है। मंदिर के पुजारी रामगोपाल अवस्थी ने बताया मंदिर का रखरखाव का दायित्व इलाहाबाद कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के जिम्मे है। इस शिवालय में सावन मास के हर सोमवार को श्रद्धालु चहलारी घाट से जल लेकर पैदल यात्रा करके शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं।

# किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, मंझरा में पीएम किसान सम्मान निधि योजनाङ्क की 20वीं किस्त हस्तांतरण समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिले के 238 किसानों (178 पुरुष व 60 महिलाएं) ने प्रतिभाग कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। समारोह का आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में विधायक योगेश वर्मा, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने सरकार की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कृषकों से इनका लाभ उठाने की अपील की। उनके साथ किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजीनियर अंकित अवस्थी, भाजपा शिक्षा संकल्प प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कुलभूषण व उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र ? के प्रमुख डा. राकेश कुमार सिंह ने सभी कृषक बन्धुओं का स्वागत के साथ-साथ केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी ।प्राकृतिक खेती और पशुपालन पर जोर उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र ने प्राकृतिक खेती, फसल बीमा योजना से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मौजूदा मौसम को ध्यान में रखते हुए गन्ना, धान और पशुओं की विशेष देखभाल की सलाह दी। कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुमारी वंदना ने ड्रिप सिंचाई की तकनीक समझाई। उद्यान विशेषज्ञ आर्य देश दीपक मिश्रा ने भूजल संरक्षण, स्प्रिंकलर विधि और फल-सब्जी उत्पादन पर व्यावहारिक सुझाव दिए। पादप संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार पांडेय ने 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' अभियान के अंतर्गत फर्टीगेशन, कीटनाशक एवं रोग नाशक उपयोग की विधियां स्पष्ट कीं। उन्होंने रोग-कीट प्रबंधन को लेकर तकनीकी जानकारी भी दी। किसानों को मिला 2000-2000 रुपये का लाभ : कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के 9.7 करोड़ किसानों को लगभग ?20,500 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई। अधिकांश किसानों ने मौके पर ही जानकारी दी कि उन्हें ?2000 की किस्त प्राप्त हो गई है।कार्यक्रम के अंत में प्रक्षेत्र प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कृषकों को खेतों का भ्रमण कराया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. राकेश कुमार सिंह ने सभी कृषकों का स्वागत किया और उन्हें जलपान कराकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

किसान सम्मान निधि : ब्लॉक से लेकर ग्राम पंचायत तक गूंजा योजनाओं का संदेश जनपद में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के सजीव प्रसारण कार्यक्रम में जनसामान्य का व्यापक उत्साह देखने को मिला। जनपद के सभी 15 विकासखंड कार्यालयों के सभागारों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 1,586 कृषकों (1,325 पुरुष एवं 261 महिला) ने भाग लिया। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित सजीव प्रसारण में भारी भागीदारी दर्ज की गई, जहाँ कुल 39,581 कृषकों (28,554 पुरुष एवं 11,027 महिला) ने सहभागिता की।

# स्मैक किंग' की अवैध बादशाहत ढही : नशे के सौदागर अनमोल गुप्ता की 52.60 लाख की संपत्ति सरकार ने की कुर्क

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। पलिया क्षेत्र बराबर मिल रही सूचना पुलिस आक्रामक रुख क्षेत्र में बना चर्चा का विषय ,नशे का कारोबार अब भारी पड़ेगा—यही संदेश प्रशासन ने आज कड़ा कदम उठाते हुए दिया। स्मैक और ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले कुख्यात तस्कर अनमोल गुप्ता पुत्र लाला उर्फ शिव कुमार गुप्ता की ?52.60 लाख की अवैध संपत्ति कुर्क कर ली गई। यह कार्रवाई पलिया कस्बे में की गई, जहां अनमोल के आलीशान मकान को प्रशासन ने सील कर दिया। बताया जा रहा है कि यह संपत्ति नशे के काले कारोबार से जुटाई गई थी। मौके पर तहसीलदार ज्योति वर्मा, सीओ यादवेंद्र यादव, प्रभारी निरीक्षक पंकज त्रिपाठी, और एसएसबी जवानों की मौजूदगी में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सुरक्षा के मद्देनज़र डॉग स्क्वॉड की मदद से मकान की गहन तलाशी ली गई। प्रशासन की इस सख्त कार्यवाही से इलाके में हड़कंप मच गया है और नशे के कारोबार से जुड़े अन्य अपराधियों के बीच भी डर का माहौल बन गया है। यह कार्रवाई न केवल अवैध धन की जब्ती है, बल्कि एक सख्त चेतावनी भी कि मादक पदार्थों से समाज को बर्बाद करने वालों की अब खैर नहीं। क्षेत्र में संदेश साफ है – कि नशे का धंधा, अब नहीं चलेगा ।

## ब्लॉक प्रमुख ने मंत्री संजय सिंह गंगवार से की मुलाकात

पीलीभीत।अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांन सिंह उर्फ श्याम सिंह ने यूपी सरकार के मंत्री संजय सिंह गंगवार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की है।उनके साथ में ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार भी उपस्थित रहे। यह मुलाकात अमरिया ब्लॉक एवं लालौरीखेड़ा के विकास और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए हुई है। संजय सिंह गंगवार गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री हैं।निशांत सिंह और अजय सिंह गंगवार ने मंत्री संजय सिंह गंगवार के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों और समस्याओं पर चर्चा की है। जिसमें गन्ना विकास,चीनी मिल और अन्य स्थानीय मुद्दे शामिल हो सकते हैं। मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने कार्यकाल में पीलीभीत के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं और क्षेत्र के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।यह मुलाकात क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। दोनों ब्लॉक प्रमुखों ने मंत्री संजय सिंह गंगवार के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का अवसर प्राप्त किया है। मंत्री संजय सिंह गंगवार जनपद पीलीभीत के

# सम्मान निधि कार्यक्रम में घुसा सपा समर्थक दबंग मोदी-योगी को दी गालियां, किसानों में उबाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



धौरहरा, खीरी । ईसानगर क्षेत्र के कबिरहा गुरूदीनपुरवा स्थित साधन सहकारी समिति में शनिवार को प्रधानमंत्री सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब गांव का ही दबंग शेरा यादव पुत्र शिवनाथ यादव, जो समाजवादी विचारधारा से जुड़ा बताया जा रहा है, कार्यक्रम में घुसकर अभद्रता पर उतर आया। कार्यक्रम में एक विशाल टीवी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा संबोधन प्रसारित हो रहा था। गांव के किसान, ग्रामीण और गणमान्य व्यक्ति पूरे ध्यान से दोनों शीर्ष नेताओं का भाषण सुन रहे थे। तभी अचानक शेरा यादव मौके पर पहुंचा और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति गाली-गलौज व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने लगा।

गांव के लोगों का कहना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक उकसावे की कार्रवाई थी, जिसमें देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुखिया का अपमान किया गया। ग्रामीणों ने इसे यादव समुदाय के कुछ कट्टरपंथी तत्वों द्वारा भाजपा और सरकार के खिलाफ सुनियोजित नफरत का प्रदर्शन बताया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शेरा यादव की इस हरकत से कार्यक्रम में भारी अफरा-तफरी मच गई। किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। समिति अध्यक्ष निरंकार सिंह व सचिव नवीन अवस्थी ने तत्काल इस घटनाक्रम की सूचना थानाध्यक्ष ईसानगर को दी और आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों व किसानों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में इस तरह की गुंडई लोकतंत्र के खुले अपमान का प्रतीक है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द कार्रवाई की बात कही गई है। ग्रामीणों की मांग है कि ऐसे तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई जनहित कार्यक्रम बाधित न हो।

# अमेठी के दो लाख अरसठ हजार दो सौ अठासी किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि की धनराशि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । पीएम किसान उत्सव दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जनपद वाराणसी से देश भर के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी की गई। इसी क्रम में जनपद अमेठी के दो लाख अरसठ हजार दो सौ अठासी किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की धनराशि स्थानांतरित की गई। जनपद मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण का वीडियो दिखाया गया एवं कृषि के सम्बन्ध में सम- सामयिक चर्चा की गयी। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, विकास खण्ड भेंटुआ में मण्डल अध्यक्ष भाजपा निमिषा त्रिपाठी, विकासखण्ड भादर में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, विकास खण्ड संग्रामपुर में ब्लॉक प्रमुख कल्लन देवी के प्रतिनिधि एवं भाजपा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देव नरायन तिवारी, विकास खण्ड जामों में मीडिया प्रभारी भाजपा चन्द्रमौली सिंह एवं मण्डल अध्यक्ष भाजपा मनोज कुमार, विकासखण्ड शाहगढ़ में ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, विकासखण्ड मुसाफिरखाना में जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रभात शुक्ला, विकासखण्ड जगदीशपुर में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा में विधायक सुरेश पासी जी, विकासखण्ड शुकुल बाजार में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद, विकासखण्ड तिलोई में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, विकास खण्ड सिंहपुर में मण्डल अध्यक्ष भाजपा गौरव श्रीवास्तव, सत्य नरायण सिंह, विकासखण्ड बहादुरपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह एंव मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल यादव तथा अमेठी में खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके साथ ही जनपद के समस्त इफको सेन्टरों, पैक्स के साथ साथ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित पंचायत भवनों में किसानों को लाइव प्रसारण का वीडियो दिखाया गया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित मां के दूध को बताया अमृत तुल्य

**छह माह तक शिशु को केवल मां का स्तनपान कराएं और 6 माह के बाद संपूर्ण आहार के साथ–साथ मां का दूध देना आवश्यक है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । विश्व स्तनपान सप्ताह (01-07 अगस्त 2025) के अंतर्गत शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में एनएचएम सभागार कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायूँ में किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं द्वारा अवगत कराया गया कि स्तनपान कराने से बच्चा डायरिया निमोनिया एवं कुपोषण से बचाव होता है।

06 माह तक केवल मां का स्तनपान कराएं 06 माह के बाद संपूर्ण आहार के साथ-साथ मां का दूध देना आवश्यक है। 06 माह तक कोई घुट्टी शहंद आदि पदार्थ बच्चे को नहीं पिलाने चाहिए। विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ0 कुमार बासू बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि मां का पहला दूध 1 घंटे के भीतर प्रत्येक बच्चे को पिलाना अनिवार्य है जिससे बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है। मां का पहला गाढा पीला दूध जो कॉलेस्ट्रम कहलाता है यह बच्चे का पहले टीके का भी काम करता है।सुधा देवी डीएचईआईओ द्वारा अवगत कराया कि बच्चे को मां से सटाकर लिटाने से बच्चे का तापमान सही बना रहता है साथ ही यह भी बताया कि कम वजन के बच्चों को कंगारू मदर केयर करानी चाहिए जिससे बच्चे का वजन जल्दी बढता है। जितेन्द्र शर्मा डी0एम0एच0सी0 द्वारा बताया गया कि बच्चे को स्तनपान कराने से मां को गर्भाशय का कैंसर, स्तन कैंसर एवं अत्यधिक रक्तस्राव से बचाता है एवं गर्भाशय को जल्दी सिकुडने में मदद करता है। बच्चे को मां का स्तनपान कराने से उसका मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है एवं मां तथा बच्चे के बीच भावनात्मक लगाव होता है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 जावेद हुसैन, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा0 निरंजन सिंह, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा0 पवन जायसी, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजवीर सिंह गंगवार, बाल रोग विशेषज्ञ डा0 कुमार बासू जिला महिला चिकित्सालय, डा0 आर0के0वर्मा फिजिशीयन चिकित्सक (जिला चिकित्सालय) डा0 कौशल गुप्ता एपिडैमीयोलॉजिस्ट, श्री अरविन्द राना डीसीपीएम, श्री उमेश राठौर अर्बन कोआर्डिनेटर, श्री जितेन्द्र शर्मा डी0एम0एच0सी0, अर्बन स्टॉफ नर्स एंव आशा संगिनी आदि उपस्थित रहें।

## 6 अगस्त को महिला जनसुनवाई व चौपाल का होगा आयोजन

बदायूँ । जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते बताया कि 06 अगस्त 2025 को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बदायूं में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या श्रीमती अवनी सिंह महिलाओं की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी तथा अपरान्ह 01:00 बजे से ब्लॉक सालारपुर में महिला चौपाल आयोजित कर महिलाऐ की समस्याओं का निस्तारण कराएंगी। चौपाल में विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ दिया जाएगा, साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का होगा आयोजन

चंदौसी । प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल द्वारा मायादेवी सीताराम डिग्री कॉलेज बिचेता काज़ी चंदौसी के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेला दिनांक 06 जुलाई,2025 दिन बुधवार को किया जाना है। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक रहेगा। जिसमें एस आर सौलुशन, यस कंस्ट्रक्शन कंपनी नोएडा, आर एस वी ज्वाइन इंडिया लिमिटेड इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग़ कर रही हैं।सभी कंपनियां ऑफिस अटेंडेंट, बिक्री सलाहकार, साइट पर्यावेक्षक पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। रोज़गार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। रोजगार मेला निःशुल्क है। जिला सेवायोजन अधिकारी, संभल ने बताया कि शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक, आई0टी0आई समस्त वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग़ करना सुनिश्चित करेंगे।

## डिप्टी आर के अभिलेखागार में कार्यरत अरबिन्द हुए सेवानिवृत्त



बदायूँ। जनपद न्यायालय के दफ्तर में कार्य अरविंद कुमार राघव को डिप्टी आर अभिलेखागार जनपद बदायूं के पद पर कार्य थे आज उन्हें सेवानिवृत्त होने पर समस्त स्टाफ ने बधाई दी और फूल माला पहनकर अभिवादन किया और उनके कार्यकाल की प्रशंसा की इस अवसर पर बृजेश अग्रवाल, विजय सिंह प्रशासनिक अधिकारी, बृजेश कुमार केंद्रीय नजीर, सुभाष, मुकेश, मनीष चौधरी, सुरेंद्र, विक्रम अलंकार, अखिलेश यादव समस्त न्यायालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में बार एसोसिएशन ने लगया अवैध वसूली का आरोप



अनूपशहर। संपूर्ण समाधान दिवस में बार एसोसिएशन ने चकबंदी कार्यालय में अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए शिकायत की। 10 शिकायती पत्रों में से मौके पर मात्र दो का निस्तारण किया गया।शनिवार को तहसील सभागार में तहसीलदार संजय कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अध्यक्ष कमल चंद बंसल सचिव दीपेंद्र राघव के निर्देशन में दर्जनभर अधिवक्ताओं ने शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि चकबंदी कार्यालय में दाखिल खारिज के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। तथा अवैध वसूली की जा रही है। बार ने उचित कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर राजस्व, विद्युत, पुलिस, सिंचाई, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी, ब्लॉक, आपूर्ति विभाग आदि विभिन्न विभागों से संबंधित 10 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए। मौके पर मात्र 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायत विद्युत, जमीन से संबंधित रही। तहसीलदार ने सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देते हुए शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार अखिलेश यादव, खुशबू सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार, आपूर्ति निरीक्षक अविनाश कुमार तहसील आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



पीपली। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तहसील बिलारी के ग्राम पीपली में बने अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण प्रस्तावित है। यहां पर शिक्षा-सत्र शुरु हो गया है। कोई कमी संज्ञान में आती है तो उसे शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जायेगा। अटल आवासीय विद्यालय में 541 छात्र/छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और एक अच्छा शैक्षिक सत्र विद्यालय में चल रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

## मारपीट कर हत्या के मामले में दोषियों को 10 वर्ष का कारावास

अनूपशहर। डिबाई क्षेत्र के गांव खुशालाबाद में युवक को घर से बुलाकर मारपीट के दौरान युवक की मृत्यु के दोषियों को अदालत ने 10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाकर जेल भेजा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र राजपूत के अनुसार 26 अगस्त 2022 को डिबाई थाना क्षेत्र के गांव खुशालाबाद में युवक राजकुमार घर के बाहर खड़ा था। तभी अनिल, शिवदयाल, प्रेमपाल, रामकिशन ने राजकुमार के साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर राजकुमार के पिता रोशन लाल उसे बचाने आए तो उनके साथी मारपीट शुरू कर दी। गंभीर अवस्था में रोशनलाल अपने पुत्र राजकुमार को डिबाई स्थित चिकित्सालय ले गए। वहां चिकित्सकों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में रोशन लाल पुत्र तुलाई निवासी गांव खुशालाबाद ने 27 अगस्त 2022 को डिबाई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और कार्रवाई शुरू कर दी। मामला अनूपशहर स्थित एडीजे कोर्ट में विचाराधीन था। न्यायाधीश विनीत चौधरी ने साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर अनिल, शिवदयाल, प्रेमपाल, रामकिशन को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष का आजीवन सश्रम कारावास तथा 20-20 हजार रुपए का अर्थ दंड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने घटना को गैर इरादतन हत्या मनाते हुए उपरोक्त निर्णय सुनाया।

## जेपी विश्वविद्यालय में आयोजित इक्कीस दिवसीय 'दीक्षारंभ-2025' का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अनूपशहर। जेपी विश्वविद्यालय में आयोजित इक्कीस दिवसीय 'दीक्षारंभ-2025' के समापन पर विद्यार्थियों के स्वागत, मार्गदर्शन और समग्र विकास पर चर्चा की गई। शनिवार को जेपी विश्वविद्यालय में इक्कीस दिवसीय 'दीक्षारंभ-2025' के समापन समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव सक्सेना, रजिस्ट्रार संजय अग्रवाल, एसोसिएट डीन (अकादमिक्स) डॉ. निशांत श्रीवास्तव ने मां सरस्वती जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन किया। छात्रों द्वारा गणेश वंदना की गई। छात्र-छात्राओं ने कॉलेज जीवन पर आधारित नाटक ''कैम्पस क्रॉनिकल्स'', भारतीय लोक नृत्य ''फोक फिएस्टा'', शायरी, म्यूजिकल मैशअप ''कॉर्ड्स ऑफ़ टुगेदरनेस'', माइम एक्ट ''म्यूट माइंड्स इन अ डिजिटल वर्ल्ड'', सेमी-क्लासिकल नृत्य ''एकोज़ ऑफ़ ग्रेस'', रैप प्रस्तुति ''माखन चोर'', तांडव ''द कॉस्मिक रोअर'', और बॉलीवुड नृत्य ''टिन्सेल टाउन तड़का'' पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह के सफल आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रियंका झा, ज्योति गौतम की भूमिका रही। दीक्षारंभ में छात्रों के तकनीकी कौशल को पहचान देने हेतु 'कोडआरम्भ' नामक कोडिंग सिखाने का आयोजन किया गया। बी.टेक छात्र देवोजीत ने विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता और टीमवर्क को प्रोत्साहित किया। दीक्षारंभ कार्यक्रम के आयोजन में वंश के नेतृत्व में छात्र स्वयंसेवक दल 'दीक्षारंभ छात्र टीम' का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा। दीक्षारंभ के मीडिया प्रकोष्ठ का नेतृत्व ज्योति गौतम ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की गतिविधियों को उत्कृष्ट रूप से दस्तावेजित कर प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई। मीडिया टीम ने उत्साहपूर्वक फोटो, वीडियो और समाचार रिपोर्ट तैयार कर कार्यक्रम को व्यापक रूप से प्रस्तुत किया। समारोह का समापन डॉ. प्रियंका झा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लाइसेंसी रायफल से धमकाने मारपीट का आरोप, एसएसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। बच्चों में आपस में हुई कहासुनी के बाद जमकर तीन दिन हुई मारपीट में थाना पुलिस से शिकायत करने पर कार्यवाही नही होने पर पीड़ित महिला ने एसएसपी से कार्यवाही की मांग की। मारपीट लड़ाई झगड़ा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ आपको बता दे कि पूरा घटनाक्रम फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के सैद सराय गांव से सामने आया है। जहाँ कि रहने वाली पीड़ित महिला कंाती देवी पत्नी सत्यवीर ने एसएसपी को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि बीते सोमवार को गाँव के ही रवेंद्र के बच्चों से कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। जिसके बाद रवेंद्र के भाई राजेश प्रधान लाइसेंसी रायफल लाकर धमकाकर और बेज्जती करने की धमकी देने लगा। रवेंद्र सतेंद्र बब्लू, पुत्रगण यादराम और नेकरपाल बाबूराम ने पीड़ित महिला के पति के घर में नही होने पर जमकर मारपीट की। थाने पर शिकायत करने पर सुनवाई नही होने पर दूसरे दिन मंगलवार और बुधवार को भी उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देने के साथ जमकर मारपीट की। शोर शराबा देखकर पहुंचे आस पास के लोगों ने चुंगल से बचाया । मारपीट की वीडियो वायरल हो रहा है। जिसके बाद सुनवाई नही होने पर एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## तहसील समाधान दिवस में आईं 94 शिकायतें, पांच का मौके पर हुआ निस्तारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गुन्नौर। शनिवार को तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 89 शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया।तहसील दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी रहीं, जिनकी संख्या 63 रही। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की 9, चकबंदी विभाग की 8, पूर्ति विभाग की 10, सिंचाई विभाग की 1 और विकास विभाग की 3 शिकायतें दर्ज की गईं। राजस्व विभाग की पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों को अग्रसारित कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम वंदना मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को जिले के तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**तहसील चंदौसी में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल (बहजोई)। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील चंदौसी में कुल 117 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 12 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके को पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी क्षेत्राधिकारी चंदौसी अनुज चौधरी,तहसीलदार रवि सोनकर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल (बहजोई)। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 हेतु वृहद पुनरीक्षण की तैयारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि 19 अगस्त 2025 से 29 सितंबर 2025 तक बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण, एवं हस्तलिखित पांडुलिपि तैयार करने की अवधि( 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे) अपर जिलाधिकारी ने बीएलओ की तैनाती के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसको लेकर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ की तैनाती के विषय में पत्रावली का गहनता से अध्ययन करें और उसके उपरांत नियम अनुसार बीएलओ की तैनाती सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थलों का सत्यापन किया जाए उन्होंने कहा कि कोई भी मतदेय स्थल एवं मतदान केंद्र निजी भवन में नहीं हो इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें और उन्होंने कहा कि मतदेय स्थल एवं मतदान केंद्र पर समस्त आवश्यक सुविधाओं को भी देख लिया जाए। और उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदेय स्थल का भवन जर्जर होने के कारण स्थान परिवर्तन किया जाना है तो उसको समय से कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ की तैनाती ठीक से की जाए इसको प्रत्येक दशा में ध्यान में रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि टॉप 10 आपराधिक श्रेणी के व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए जिससे उनको पाबंद किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र समस्त तहसीलदार एवं समस्त विकासखंड अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीमारी से पीड़ित युवक ने गंगा में लगाई छलांग

अनूपशहर। हृदय रोग से पीड़ित युवक ने जीजा से मोबाईल पर गंगा पुल से गंगा में छलांग लगाने की बात कहकर फोन काट दिया। पुलिस ने युवक को गंगा में डूबने की आशंका व्यक्त करते हुए तलाश में गोताखोर लगाए।गंगा पुल चौकी प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि गंगा पुल पर संभल की ओर एक बाइक खड़ी हुई है। बाइक पर कपड़े व मोबाईल रखा हुआ है। पुलिस द्वारा मोबाइल में दर्ज एक नंबर से संपर्क करने पर पुलिस को बताया कि यह फोन संजीव शर्मा (35) पुत्र ब्रजलाल शर्मा निवासी हरिदासपुर थाना रामनगर जिला बरेली का है। पुलिस ने संजीव के स्वजनों का नंबर लेकर घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पहुंचे संजीव के जीजा मनोज शर्मा ने बताया कि वह काफी दिनों से हृदय रोग से पीड़ित था। दिल्ली एम्स में जाने की बात कहकर घर से आया था। उसके पास संजीव का फोन आया था, जिसमें उसने कहा कि चिकित्सकों ने उसे पेसमेकर लगाने को कहा है। जिसकी कीमत तीन लाख रुपए तक है।

## डीएम ने देर रात अधिकारियों संग किया कछला गंगा घाट का निरीक्षण

**डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों, नावों की व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार की देर रात को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्रावण मास में कावड़ यात्रा के दृष्टिगत की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कछला गंगा घाट का निरीक्षण किया।

डीएम ने कछला घाट पर बने पुल से मुआयना किया साथ ही घाट के दोनों छोर पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों, नावों की व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि वॉच टावर से लगातार निगरानी की जाए तथा सुनिश्चित करें कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि डायवर्जन व्यवस्था के दौरान यह सुनिश्चित करें कि कांवड़ियों का मार्ग सुगम हो तथा उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने विभिन्न शिविरों व अन्य स्थानों पर वितरित की जा रही खाद्य सामग्री की भी नियमित रूप से चेकिंग कराने के निर्देश दिए, वहीं उन्होंने कावड़ यात्रा मार्ग का भी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने मनकापुर तहसील में की जनसुनवाई आई 148 शिकायतें, 7 का मौके पर निस्तारण

**तहसील परिसर के सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को मनकापुर तहसील में डीएम प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जन सुनवाई की है,इस दौरान 148 शिकायतें उन्होंने सुनी।इसमें सात का उन्होंने मौके पर ही निस्तारण क र दिया गया है 141 शिकायतें संबंधित विभागों को भेजी गईं।संबंधित अफसरों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का मौके पर जाकर जांच करें उसके बाद ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराएं।गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खि लाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने उपस्थि त सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं का नि स्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें।इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।शिकायत कर्ता की बातों को गंभीरता से सुनें।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला धिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर नि स्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित वि भाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधि त विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिव स में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता पारस नाथ निवासी लोदिया खुर्द बभनीपायर छपिया मनकापुर ने अवगत करा या कि मेरे गांव के लेखपाल द्वारा मेरा अंश नि र्धारण गलत कर दिया है,जिसको संज्ञान में ले कर जिलाधिकारी ने मौके पर ही सही कराकर शिकायतकर्ता पारस नाथ को खतौनी उपलब्ध कराया।

# बाढ़ से फसल बर्बाद मुआवजा देने का निर्देश

**सर्वे कराकर पीड़ितों तक पहुंचाएं लाभः डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में सरयू और घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण सैकड़ों बीघा फसल डूब गई है।इस स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियं का निरंजन ने बाढ़ प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए हैं।जिलाधि कारी ने तरबगंज और करनैलगंज तहसील के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घाघरा नदी ने फसल को अपने आगोश में ले लिया है या जहां पानी अधिक होने से फसल बर्बाद हुई है,वहां सर्वे करके किसानों को तत्काल आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए।प्रियंका निरंजन ने स्पष्ट किया कि राहत और बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापर वाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों औ र कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि प्रभावि त क्षेत्रों में पहले से चिह्नित आश्रय स्थलों पर पेयजल,शौचालय, भोजन और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसी भी कीमत पर जनहानि न हो और लोग सुरक्षि त रहें। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों से बचने, प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन या कं ट्रोल रूम को सूचित करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रूप से प्र भावी रखने और सतर्कता बनाए रखने के निर्दे श दिए हैं।

# निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में राष्ट्रीय छात्र पंचायत का अनिश्चितकालीन धरना जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। प्राइवेट स्कूलों के मनमानी के विरोध मेंछात्र पंचायत का इको गार्डन लखनऊ में 9 वे दिन धरना जारी है।छात्र पंचायत कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके धरने के आठवें दिन समोसा व किताब रखकर प्रदर्शन किया गया,इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि हम समोसा वा किताब इस लिए रख क़र प्रदर्श न कर रहे हैं क्योंकि सदन में सांसद रवि किशन के द्वारा समोसे को लेकर तो आवाज उठाई जा रही है लेकिन जो बगल में हमारी किताब रखी हुई है जिसमें खुले में लूट मची हुई है इसको ले कर आवाज सदन में नहीं उठाई जा रही है इसी को लेकर हम लोग इको गार्डन में बैठकर इन दोनों को रख के विरोध प्रदर्शन क़र रहे है। यही मांग है कि अगर सदन में समोसे पर चर्चा हो सकती है तो देश के शिक्षा नीति पर भी सदन में चर्चा होनी चाहिए क्योंकि किसी भी देश का आधार शिक्षा ही होता है वर्तमान समय में देश में शिक्षा की स्थिति बहुत ही दयनीय स्थिति में है। लगातार प्राइवेट स्कूलों के द्वारा प्रतिवर्ष कि ताब के नाम पर स्कूल ड्रेस के नाम पर आदि के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है।तो वही हमारी योगी सरकार से यह मांग है की सदन में एक देश एक शिक्षा नीति लागू हो इसको लेकर चर्चा होनी चाहिए और कानून बन ना चाहिए।बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्र नेता अं कित तिवारी ने बताया कि हम लोग सड़क पर संसद लगाने जा रहे हैं इसमें प्रदेश भर के छात्र नेता आएंगे वह अपना-अपना विषय रखेंगे सद न मैं जो विषय सदन में पास होगा उसी के अनु सार आगे का कार्यक्रम हम लोग करेंगे लखनऊ के जिला अध्यक्ष मुर्तुजा हिलाल ने बताया कि धरने का नवा दिन है लेकिन अभी तक कोई भी प्रतिनिधिमंडल या अधिकारी हमसे मिलने नहीं आया है हम लड़ेंगे और जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएगी हम लोग कार्यक्रम जारी रखेंगे,धरना स्थल पर मौजूद अंकित वर्मा,करणमौर्य,नितिन मिश्रा,हिमांशु तिवारी,अंशुमान सिंह अभय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस से अभद्रता करने वाले युवकों को उपजिलाधिकारी ने भेजा जेल

गोरखपुर। थाना हरपुर बुदहट क्षेत्र के ग्राम पंचायत लरबरी रामपुर गरथौली में गस्त पर निकले सिपाहियों पर एक वाइक पर सवार होकर जा रहे युवकों द्वारा पुलिस से अभद्रता करने वालों को पुलिस ने किया शांति भंग में चालान वहीं उपजिलाधिकारी सहजनवां ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों को जेल भेज दिया। बतातें चलें कि शुक्रवार को शाम छः बजे के करीब अमर पुत्र दुर्बल, अंगद पुत्र रामकुमार और विपिन पुत्र अच्छेलाल निवासी लरबरी एक वाइक से सवार होकर जा रहे थे, कि गस्त पर जा रहे पुलिस ने रोकना चाहा तो उक्त शराबियों ने रुककर पुलिस वालों से उलझ गए और हाथापाई करने लगे। पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया था, और शनिवार को शांति भंग में उपजिलाधिकारी सहजनवां न्यायालय में पेश किया, मामले को गंभीरता से लेते हुए जेल भेज दिया।

# देहात कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का खेल जोरों पर

**अवैध खनन पर कार्रवाई करने के बजाए पुलिस प्रशासन मौन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है,क्योंकि उन्हें पुलिस और प्रशासन का डर नहीं है।देहात कोतवाली क्षेत्र में कटहाघाट रोडके खरगू चांदपुर गोसाई पुरवा कटहा घाट रोड से लेकर डेहरास रोड सहित कई गांवों में खनन माफिया खेतों को चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा है।देहात कोतवाली क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं,क्योंकि उन्हें खा की वर्दी का बिलकुल भी खौफ नहीं है इसी का नतीजा है कि वे धड़ल्ले से अपना कारोबार कर रहे हैं एक तरफ योगी सरकार बिना परमिशन के खनन पर पाबंदी लगा दी है लेकिन फिर भी जिले में धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर चल रहा है।शहर की सड़कों पर तेज रफ्तारमिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियां तेज रफ्तार से दौड़ र ही हैं। मिट्टी खनन में लगी ट्रॉलियां बिना नंबर प्लेट और बिना व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन के प्र योग में लाई जा रही हैं, ऐसे में प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।जिले में नगर के क्षेत्र की सड़कों पर अवै ध मिट्टी से भरी ट्रॉलिया दौड़ती नजर आ रही हैं शहर में चारों तरफ अवैध मिट्टी का व्यापार हो रहा है। शहर की नहरों में खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है, लेकिन प्रशासन और पुलिस विभाग की कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।देहात कोतवाली क्षेत्र में कटहा घाट रोड और बेलसर रोड सहित कई गांवों में खनन माफिया खेतों से बिना परमिशन के मिट्टी का खनन कर रहे हैं।वही जिले में हो रहे खनन की जानकारी के लिए खनन अधिकारी से संपर्क किया गया तो उनका मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता या और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# 270 किसानों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सीधा प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का सजीव प्रसारण शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा-बहराइच द्वितीय के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के 270 किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह, कार्य समिति सदस्य गोपाल चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष (पिछड़ा मोर्चा) राम विलास लोधी, जिलाध्यक्ष (पिछड़ा मोर्चा) कृपाराम वर्मा, नानपारा नगर अध्यक्ष भाजपा श्रीमती रेखा पांडे, जिला संयोजक अनिल पांडे, तथा भाजपा महामंत्री विपिन सिंह मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, एसडीओ सुधीर मिश्रा, और कार्यक्रम के निदेशक डॉ. संदीप कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह, श्रीमती रेनू आर्या, सुनील कुमार, उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम, एवं प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एस. बी. सिंह की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के लगभग 9.7 करोड़ किसानों को ?20,500 करोड़ रुपये की राशि डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डी बी टी) के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई। लाभार्थी किसानों को इस ट्रांजैक्शन का सूचना संदेश उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कैलाश वर्मा, माया राम वर्मा, निरंजन लाल वर्मा समेत अनेक स्थानीय किसान मौजूद रहे।यह आयोजन किसानों के जीवन में आर्थिक मजबूती एवं तकनीकी जानकारी को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ।

## सीओ गीडा ने किया हरपुर-बुदहट थाने का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। शनिवार को सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह ने हरपुर-बुदहट थाने का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किए। थाने पर पहुंचते ही तैनात पुलिस कर्मियों ने सलामी ली। सीओ ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान भोजनालय के साफ सफाई का निर्देश दिए और माल खाने का निरीक्षण कर असलहो के रख रखाव के निर्देश दिए। जनसुनवाई शिकायत रजिस्टर, आइजीआरएस निस्तारण रजिस्टर, दिवसाधिकारी अधिकारी रजिस्टर का अवलोकन किया। विवेचना के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि समय सीमा के अंदर दर्ज मुकदमों को न्यायालय भेजें। साथ ही महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्रवाई करें। इस दौरान थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र, चौकी इंचार्ज सोनबरसा बाबू विजय गौड़, उपनिरीक्षक तनवीर अहमद, प्रवीण कश्यप, गिरीश यादव, विशाल मिश्रा दीवान अच्युदानंद राय आदि मौजूद रहे।

# 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह' का हुआ आग़ाज़

**कपूरथला में 06 अगस्त तक सजेगी आकांक्षा हॉट, समारोह के दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण, जिला व ब्लाक के फ्रन्ट लाइन वर्कर्स हुए सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) परिसर में 02 से 06 अगस्त तक लगायी गयी 'आकांक्षा हॉट'' का एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों एवं अतिथियों के साथ फीता काटकर आकांक्षा हाट का शुभारम्भ किया तथा विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।इसके पश्चात अतिथिगणों द्वारा शिलालेख का अनावरण किया गया। इसके पश्चात फीता काटकर कर मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) का लोकार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अतिथिगणों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। समारोह में अतिथिगणों का स्वागत के उपरान्त छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना की प्रस्तुति की गई। जबकि आयुष चिकित्सक डॉ. पीयूष नायक ने कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त विभिन्न शिक्षण संस्थाओं राजकीय बालिका इण्टर कालेज अचौलिया फखरपुर, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया, बाल शिक्षा निकेतन बहराइच, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज, मेट्रो म्यूज़िकल कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद श्री गोंड ने कहा कि जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रयास से आडिटोरियम का निर्माण जनपद के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के शासकीय आयोजन में स्थान को लेकर अब कोई बाधा नहीं आयेगी। श्री गोंड ने वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किसानों के खातों में पीएम सम्मान निधि की 20वीं किश्त की धनराशि भेजने के लिए मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार ज्ञापित किया तथा सभी लाभान्वित कृषकों को बधाई दी।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीडीओ श्री चन्द्र ने कहा कि सभी सहयोगी विभागों के अथक प्रयास से जनपद को यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने पर नीति आयोग द्वारा पुरस्कार स्वरूप आवंटित किये गये अतिरिक्त बजट से आडीटोरियम का निर्माण कराया गया है जो जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि है। श्री चन्द्र ने कहा कि जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 के मध्य सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें प्रथम त्रैमासान्त में एडीपी के अन्तर्गत 06 सूचकांको गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरण, मृदा हेल्थ कार्ड का वितरण, माध्यमिक विद्यालय में शत प्रतिशत विद्युतीकरणएवं प्राथमिक विद्यालयों में सत्र प्रारम्भ के एक माह में पुस्तकों का वितरण तथा एबीपी के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, हाइपरटेंशन की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग, डायबिटीज की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं को पोषाहार, मृदा हेल्थ कार्ड व स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड के वितरण में जनपद में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने पर प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जायेगा।सीडीओ ने आमाजन से अपील की है कि आकांक्षा हाट में आकर स्वय सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों का क्रय कर समूहों का उत्साहवर्धन करें। कार्यक्रम के अन्त में पूर्व सांसद श्री गोंड द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू, अमित शर्मा व अन्य अतिथियों व अधिकारियों के जनपद स्तरीय/विकास खण्ड हुज़ूरपुर के अधिकारियों एवं फ्रन्ट लाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, सीएमओ डॉ. संजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनपद को प्राप्त हुए 44500 बैग यूरिया उर्वरक

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद बहराइच को चिलवरिया रैक प्वाईन्ट से 44500 बैग यूरिया उर्वरक प्राप्त हुई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा चिलवरिया रैक प्वाईन्ट पर प्राप्त इफको यूरिया बैग का अवलोकन किया गया। तदोपरांत जिला कृषि अधिकारी एवं उप क्षेत्रीय प्रबंधक इफको द्वारा समस्त यूरिया उर्वरक रैक पॉइंट से सीधे रिटेलर्स एवं कोऑपरेटिव समिति को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया

**सहकारी समितियों को यूरिया भेजने का कार्य हुआ प्रारम्भः जिला कृषि अधिकारी**

कि अभी जनपद में प्राप्त उर्वरक के अतिरिक्त, 10838 मैट्रिक टन यूरिया, 3469 मेट्रिक टन डीएपी, 2799 मेट्रिक टन एनपीके एवं 12795 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फ़ेट उर्वरक उपलब्ध है।डॉ. यादव ने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 36324 बोतल नैनो डीएपी एवं 22436 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। उन्होंने जिले कृषकों को सुझाव दिया है कि डीएपी के साथ-साथ नैनो डीएपी, एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फ़ेट ट्रिपल सुपर फास्फ़ेट का भी प्रयोग करें, इसकी भरपूर मात्रा जनपद में उपलब्ध है। उन्होंने कृषकों को आश्वसत किया है कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद की सभी तहसीलों में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवसबहराइच । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# योग से निरोग रहने के बताया गया गुर

**योग के नियमित अभ्यास से शरीर के सभी अंग प्रत्यंग पूर्णरुप से बलिष्ठ व निरोगी हो जाते है: योगाचार्य**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में आम जनमानस के उत्तम स्वास्थ हेतु नियमित रूप से संचालित योग शिविर में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा उपस्थित समस्त योग साधकों को योगाभ्यास करवाया साथ ही साथ उससे होने वाले अनंत लाभ के बारे में भी जान कारी दी गई है।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उप स्थित समस्त योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन ,भुजंगासन, तिर्यक-ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य-नमस्कार आदि का अभ्यास करवाया।इसके साथ-साथ समस्त योग साधकों को उचित दिनचर्या,आहार- विहार और षट्कर्म क्रिया की जानकारी भी दी गई है।

इसी क्रम में योगाचार्य ने कहा योग हमारे सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर के सभी अंग प्रत्यंग पूर्णरुप से बलिष्ठ व निरोगी हो जाते हैं।योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने शिविर के अंत में कहा योग से हम सभी पूर्ण निरोगी, संस्कारवान, निष्ठावान, चरित्रवान, बल वान और महान बन जाते हैं।उन्होंने कहा कि योग के द्वारा मानव को अतिरिक्त उर्ज़ा की प्राप्ति होती है।जो शिक्षा ग्रहण करने में मदद करती है।इसलिए आप सभी नियमित रूप से प्रत्येक दिन सुबह योग और दिन-भर कर्म योग जरूर करें।शिविर में शिव पूजन,अश्वनी कुमार मनीष दूबे,डॉ.टी.पी.जयसवाल,डॉ.राजेश श्रीवा स्तव डॉ.शिव प्रताप वर्मा,विजय श्रीवास्तव शमीम खान, सत्येंद्र, संदीप, प्रतिभा, प्रमिला,रश्मि टण्डन, दीप्ति, तृपति, ललिता, पूनम दूबे, बिंदु पांडे, जया सहित अन्य योग साधक मौजूद रहे।

# किसानों की सच्ची हितैषी है भाजपा की केन्द्रीय सरकार :संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। भारत सरकार के द्वारा किसानों के सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'' के अन्तर्गत प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शनिवार को 20वीं किस्त का स्थानांतरण क्ठ्ठ (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) लाइव प्रसारण का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार बांसगाँव में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने किसानों सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की यह केंद्रिय सरकार किसानों की सच्ची हितैषी हैं। जो अपने शासन काल में किसानों के बेहतरी के लिए अनेकों कदम उठाई है जिसका सीधा लाभ भी किसानों को मिल रहा है।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष अश्वनी राय,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश मास्टर साहब व राजेश राय, प्रमोद त्रिपाठी,राजमंगल यादव,धर्मपाल सिंह,परमवीर सिंह,अविनेश सिंह श्रीनेत, ए0 डी0ओ0 एजी0 धर्मेन्द्र पाण्डेय,गोदाम इंचार्ज राजू गुप्ता, राजकुमार मौर्य,पंकज कुमार, अमलेन्द्र कुमार,श्रीराज,चन्द्रशेखर राय,राजेश सिंह,सत्यनारायण सिंह सहित सैंकड़ो किसान बन्धु एवं महिलायें उपस्थित रही।

# तिलोई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई तिरसठ शिकायतें

## तहसील तिलोई में डीएम व एसपी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिये गये हैं। किसी



भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील तिलोई में कुल तिरसठ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें नौ का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील गौरीगंज में चौवालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें छह का निस्तारण किया गया, तहसील मुसाफिरखाना में चौबीस शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में पच्चीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक शिकायत का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,तहसीलदार अभिषेक यादव, नायब तहसीलदार अमीषा यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास की ओर अग्रसर नगर पालिका पीलीभीत शहर के मुख्य मार्गों पर दिन रात झाड़ू लगा कर की जा रही है सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के निर्देश पर शहर के मार्गो पर रात में झाड़ू और सफाई का काम शुक्रवार रात से शुरू कर दिया गया है। इस सफाई अभियान के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं, जो रात में बाजार बंद होने के बाद झाड़ू सफाई आदि कार्य करेगी। जिससे कि शहर में सुबह जब व्यक्ति सो कर उठेगा तो शहर साफ दिखाई देगा।शुक्रवार रात शहर की सड़कों पर नगरपालिका के कर्मचारी अपने साजो समान के साथ बाजार बंद होने के बाद सफाई करते नजर आए। मौके पर पालिका के अधिकारी भी दिशा निर्देश दे रहे थे। सफाई निरीक्षक साबिर अली ने बताया की शहर में रात्रि कालीन सफाई के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। पहली टीम कोतवाली से शुरू होकर ड्रमंडगंज चौराहा, छिपियान मस्जिद, चावला चौराहा, गैस चौराहा, थाना सुनगढ़ी, छतरी चौराहा होते हुए



### विभिन्न मार्गो पर पांच टीमें गठित करके शुरू हुआ काम पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बाजार बंद होने के बाद दिये सफाई के निर्देश

स्टेशन चौराहा तक रात्रि कालीन सफाई करेगी। दूसरी टीम डिग्री कॉलेज चौराहे से जीजीआईसी होते हुए थाना सुनगढ़ी से गांधी स्टेडियम होते हुए गौहनिया

> शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। सुबह लोगों को साफ सड़कें मिलें, इसके लिए नाइट स्वीपिंग टीमों का गठन किया गया है। शुरुआत में पांच टीमें बनाई गई हैं, जो रात्रि कालीन सफाई बाजार बंद होने के बाद करेंगी। अच्छा रिस्पांस आने पर शहर के अन्य मार्गों पर भी रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था शुरू करवाई जाएगी।
>
> **डॉ आस्था अग्रवाल**
> **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

चौराहा तक सफाई करेगी। तीसरी टीम एकता सरोवर से लकड़ी मंडी, बरेली दरवाजा, जेपी रोड, चौक बाजार होते हुए कमल्ले के चौराहे तक सफाई करेगी। चौथी टीम कोतवाली से आयुर्वेदिक कॉलेज, खकरा चौकी से होते हुए नकटादाना चौराहा तक रात्रि कालीन सफाई करेगी। पांचवीं टीम पुरानी तहसील सुनहरी मस्जिद चौराहा से रंगीलाल चौराहा, लाल रोड बिजली घर होते हुए आईटीआई चौराहा तक रात्रि कालीन सफाई करेगी।

## दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने जेवर और नगदी की पोटली उड़ाई

पूरनपुर।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र की बाबा कॉलोनी स्थित भगवन्तापुर चुंगी के पास में शुक्रवार की रात्रि क़रीब 12:30 बजे चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया अज्ञात चोर दीवार फांदकर धर्मेंद्र पाण्डेय पुत्र रामकुमार पाण्डेय के घर में घुसा और लाखों रुपये के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गया चोर ने घर से सोने की दो चैन, झुमकी, अंगूठी, कुंडल, एक कंठी, चांदी की पायलें और लगभग 13 हजार रुपये नकद चुरा लिए। घटना के समय धर्मेंद्र पांडे और उनका परिवार गहरी नींद में था चोर की आहट सुनकर बच्चे जाग गए और उन्होंने चोर को भागते हुए देख लिया बच्चों के चिल्लाने पर परिवार के अन्य सदस्य भी जाग गए लेकिन तब तक चोर फरार हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही पूरनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची घटना से खलबली मच गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है मामला संदिग्ध नजर आ रहा है।

# अमेठी के दो लाख अरसठ हजार दो सौ अठासी किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि की धनराशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पीएम किसान उत्सव दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जनपद वाराणसी से देश भर के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी की गई। इसी क्रम में जनपद अमेठी के दो लाख अरसठ हजार दो सौ अठासी किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की धनराशि स्थानांतरित की गई। जनपद मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण का वीडियो दिखाया गया एवं कृषि के सम्बन्ध में सम- सामयिक चर्चा की गयी। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, विकास खण्ड भेंटुआ में मण्डल अध्यक्ष भाजपा निमिषा त्रिपाठी, विकासखण्ड भादर में विधान परिषद



सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, विकास खण्ड संग्रामपुर में ब्लॉक प्रमुख कल्लन देवी के प्रतिनिधि एवं भाजपा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देव नरायन तिवारी, विकास खण्ड जामों में मीडिया प्रभारी भाजपा चन्द्रमौली सिंह एवं मण्डल अध्यक्ष भाजपा मनोज कुमार, विकासखण्ड शाहगढ़ में ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, विकासखण्ड मुसाफिरखाना में जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रभात शुक्ला, विकासखण्ड जगदीशपुर में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा में विधायक सुरेश पासी जी, विकासखण्ड शुकुल बाजार में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद, विकासखण्ड तिलोई में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, विकास खण्ड सिंहपुर में मण्डल अध्यक्ष भाजपा गौरव श्रीवास्तव, सत्य नरायण सिंह, विकासखण्ड बहादुरपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह एंव मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल यादव तथा अमेठी में खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके साथ ही जनपद के समस्त इफको सेन्टरों, पैक्स के साथ साथ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित पंचायत

### किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित कर दी गई कृषि तकनीक जानकारी

भवनों में किसानों को लाइव प्रसारण का वीडियो दिखाया गया। जनपद के ग्राम पंचायतों में स्थित पंचायत भवनों पर कृषकों की प्रतिभागिता कराकर पंचायत सहायकों, कृषि विभाग के कार्मिकों, पंचायती राज विभाग के कार्मिकों द्वारा लैपटॉप एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के लाइव प्रसारण का वीडियो दिखाया गया। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण कर कृषि तकनीक की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, लाभार्थी गण व किसान बंधु उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने खुद का काटा गला, हालत गम्भीर

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक प्रेम प्रसंग में युवक ने अपनी प्रेमिका के सामने ब्लेड से अपना गला काट लिया। घटना कोतवाली नगर के कुड़वार नाका स्थित ओवर ब्रिज के नीचे हुई। जानकारी के अनुसार, कुड़वार थाना अंतर्गत अलीगंज रोड निवासी 25 वर्षीय बादल पुत्र राजेंद्र पाल सूरत में एक कंपनी में काम करता था। वहीं पर कुड़वार थाना क्षेत्र की एक महिला भी काम करती थी। यह महिला विधवा है और उसके दो बच्चे भी हैं। पति की मृत्यु के बाद महिला ने परिवार चलाने के लिए सूरत में नौकरी शुरू की थी। बाद में बच्चों के प्रेम में वह वापस लौट आई और यहां एक मॉल में काम करने लगी। सूरत में काम के दौरान उसका अफ़ेयर बादल से हो गया। बादल अपने दोस्त के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचा और वहां से सुल्तानपुर अपनी प्रेमिका से मिलने गया। प्रेमिका के अनुसार, बादल उसे अपने साथ चलने की जिद कर रहा था। जब उसने मना किया तो बादल ने अपनी जेब से ब्लेड निकाला और अपने गले पर वार कर लिया। प्रेमिका तुरंत बादल को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां उसका इलाज चल रहा है। नगर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने गैंगस्टर में फरार चल रहे अपराधी को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक गैरजनपद के एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अब्दुल रकीब पुत्र लाल मोहम्मद निवासी भैसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी एक सक्रिय आपराधिक गिरोह का मुखिया है जिसके खिलाफ थाना अमेठी पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## युवक से बेखौफ बदमाशों ने नकदी समेत मोबाइल छीना

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव रुकुनपुर के पास शुक्रवार की देर रात बाइक सवार बदमाशों ने ड्यूटी कर लौट रहे युवक से नकदी समेत मोबाइल छीन कर फरार हो गये है।पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचना दी है लेकिन पुलिस हवा में तीर चला रही है। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव कटोरवा निवासी रमेश यादव ने बताया कि वह भेल स्थित मारुति सुजुकी की वाइपर कंपनी में काम करता है। शुक्रवार को ड्यूटी समाप्त करने के बाद घर जा रहा था तभी उसके एक दोस्त ने अपने एक मित्र को साथ ले जाने के लिए बाइक पर बैठा दिया। पीड़ित ने बतायाकि वह जैसे ही रुकुनपुर नहर के पास पहुंचा था तभी पीछे से ओवरटेक करते हुए दो बाइक पर सवार छः लोगों ने उसे रोक लिया, ज़ब तक वह कुछ समझ पाता ऊपर की जेब में रखे मोबाइल को निकाल लिया और लेकर फरार हो गए। मोबाइल कवर में रखे चार हजार रूपये भी लूट लिए साथ में गाड़ी की चाभी भी लेकर चले गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस कों फोन द्वारा दी। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि पीड़ित की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। मौखिक सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# विद्यायल गेट पर खड़े होकर बच्चों ने विद्यालय खुलवाने की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। खंड शिक्षा कार्यालय अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर का विलय नवदिया टोडर कर दिया गया है।लेकिन कुछ दिन पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा एक किलोमीटर से अधिक दूरी के विद्यालय को विलय नहीं किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर के छात्रों ने अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय गेट पर खड़े होकर विद्यालय खुलवाने की मांग की है। दरअसल खंड शिक्षा कार्यालय से इस विद्यालय का विलय नवदिया टोडर में करने का फैसला किया था।जिसे बाद में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने निरस्त करने की बात कही थी।विद्यार्थियों और अभिभावकों का तर्क है कि सुंदरपुर विद्यालय की दूरी नवदिया टोडर से एक किलोमीटर से अधिक है।सुंदरपुर गांव उत्तर दिशा में बसा हुआ है। और विद्यालय गांव के लास्ट में दक्षिण दिशा में है। वहां से



नवदिया टोडर की स्कूल की दूरी 1 किलोमीटर है लेकिन बच्चों के घर से नवदिया टोडर की दूरी 500 मीटर से 1000 मीटर के बीच की है। इसलिए विलय की आवश्यकता नहीं है। छात्रों का प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से करके विद्यालय को खुलवाने की मांग की है।जिससे वे अपने विद्यालय में पढ़ाई कर सके। विद्यालय के विद्यार्थियों ने तर्क देकर सुन्दरपुर विद्यालय को पुनः खोलने की मांग कर रहे हैं।इस मामले में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। जो इस समस्या का समाधान निकालने में मदद कर सकते हैं। विद्यालय के छात्रों और अभिभावकों को उम्मीद है। कि जल्द ही उनकी मांगें पूरी होंगी और उनका विद्यालय फिर से शुरू हो जाएगा जिसे विद्यार्थी पुन : प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। बच्चों को नवदिया टोडर जाकर पढ़ाई करने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी धूप में जाना साथ ही गांव में आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। सर्वप्रथम नेपाली बाबू जेई लघु सिंचाई द्वारा क्षेत्र पंचायत की पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई। उसके बाद उपस्थित विभागों के अधिकारियों ने विस्तार पूर्वक सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी है। क्षेत्र पंचायत द्वारा सामुदायिक स्थल पर स्वच्छ पेयजल की स्थापना की गई। विकासखंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायतो खरंजा निर्माण, नाला निर्माण, पुलिया निर्माण,सीसी एवं इंटरलॉक निर्माण,विकास खंड के अवशेष आवास की मरम्मत, प्रमुख क्षेत्र पंचायत के आवास का विस्तारीकरण,विकासखंड परिसर की रंगाई पुताई,मीटिंग हॉल में कुर्सियों की व्यवस्था,विकासखंड में दो हाई मास्ट लाइट लगवाए गए हैं।बैठक में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी लियाकत अली,नेपाली बाबू जेई लघु सिंचाई,



सुवर्णा जिला मिशन कोऑर्डिनेटर,साहिसपाल एमओआईसी न्यूरिया,आरडी गंगवार उद्यान निरीक्षक,शशांक कंडवाल एसडीओ विद्युत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे बैठक समाप्ति के बाद खंड विकास अधिकारी लियाकत अली ने विकासखंड स्तर से होने वाली समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी दी है।बैठक में 79 ग्राम प्रधान एवं 90 क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे साथ ही बैठक में 83 कार्यों के प्रस्ताव के पास हुए। और अंत में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा के द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

## बीजेपी उपाध्यक्ष की भूमि कब्जा कर रहे भू माफिया

### एसपी सुल्तानपुर से मदद की गुहार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल कोर्ट और एसडीएम सदर के स्थगन आदेश के बावजूद कोतवाली नगर पुलिस निर्माण कार्य रुकवाने को तैयार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मारूफ खान पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे है और न्याय की गुहार लगा रहे है। मामला शहर से सटे कस्बा सुल्तानपुर स्थित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मारूफ खान की जमीन से जुड़ा हुआ है। सिविल जज प्रवर खंड कक्ष संख्या 15 की अदालत से साहिला बानो बनाम नासिर मुकदमे में न्यायाधीश संदीप कुमार की तरफ से स्थगन आदेश जारी किया गया। पुलिस अधीक्षक को स्थगन आदेश अनुपालन का आदेश दिया गया है। स्थगन का अनुपालन नहीं होने पर न्यायालय ने इसे अवमानना की श्रेणी में रखे जाने की बात कही है। एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने भी स्थगन आदेश करने का आदेश शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिया है। आरोप के मुताबिक नगर कोतवाली पुलिस ने पूरे मामले का सौदा कर लिया है। प्रार्थना पत्र लेकरपहुंचे पीड़ित मारूफ खान की मां पत्नी, भाभी और बहन को नगर कोतवाली में बैठकर खाकी अपने दम पर निर्माण कार्य करवा रही है। भाजपा नेता मारूफ खान कहते हैं कि कोतवाली नगर पुलिस पार्टी बनकर काम कर रही है। स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य करवा रही है। 'मामले में नगर कोतवाल धीरज कुमार का कहना है कि स्थगनादेश रोकने के लिए राजस्व विभाग जिम्मेदार महकमा है। एसडीएम सदर स्तर से इस पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## अधिवक्ता के आवास पर मुशायरे का हुआ आयोजन

पीलीभीत। अधिवक्ता दानिश खान के आवास पर मुशायरे का आयोजन किया गया इस मुशायरे में कई जनपद की जानी मानी हस्तियों ने अपनी नज़्म को पेश किया है। मुशायरे की शुरुआत करते हुए असलम वारसी ने नाते पाक सुनाई।अपना कलाम पेश करते हुए मोहन सिंह ने कहा ये कैसा दस्तूर है दुनिया का ए मेरे मालिक नहीं जो पास है मेरे वही क्यों पास होती है। जुबैर ने भी कुछ अपने अंदाज में बया किया कि ए खुदा मुझ पर फकत इतनी इनायत करना कि मैं किसी की आंख के आंसू का सबब ना बनू हाशिम नाज़ ने कुछ यूं कहा उस की नफरत का हर इक पल मुझे खल जाता है, बात रह जाती है और वक्त निकल जाता है दीगर शोरा ने अपने अपने कलाम में इस तरह फरमाया जाते हैं सब ही ''वारसी'' बाहें पसार कर क्या कुछ बताओ साथ सिकंदर भी ले गया असलम वारसी कोई ताकत मुझे न रोक पाती जीत जाने से लड़ाई हारा हूं मैं बुजदिलों के साथ लाने से अशरफ ज़माँ ''काविश ''इन मुर्दा खिलौनों से निकल आसमां छू ले मिट्टी के परिंदों के कभी पर नहीं आते जुल्फिकार ''नाजिश''घर से जब भी कदम निकलते हैं।

# सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

अमेठी । विकास भवन के प्रांगण में शनिवार को सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकांक्षा हाट के तहत विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, बाल विकास, उद्योग, पंचायती राज, जल जीवन मिशन, पशुपालन, आईटीआई, बैंक, सेवायोजन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उदघाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर किया और तत्पश्चात स्टालों का अवलोकन किया। इसके उपरांत जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड जामों, जगदीशपुर व शुकुल बाजार में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें विकासखंड जामों के खण्ड विकास अधिकारी शेर



बहादुर, सीएम फ़ेलो शत्रोहन लाल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नावेद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हरदो, प्रिया पांडे एएनएम स्वास्थ्य केंद्र मवई, रीता एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र रामगढ़ी, शिवकुमारी आशा ग्राम पंचायत बरौलिया, कंति शुक्ला आशा ग्राम पंचायत बीरीपुर, रेखा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत हरदासपुर, रीता रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत अगरावां, कृषि क्षेत्र में अजय कुमार जायसवाल कृषि सहायक हरगांव, स्वयं सहायता समूह गठन में पवन कुमार कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर, शकुंतला समूह सखी, विकासखंड जगदीशपुर में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुमन एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र कठौरा, सीता देवी एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र तेतारपुर, पवन कुमारी आशा ग्राम पंचायत मंगौली, प्रेमलता श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत पूरे गोसाई, कुमारी बेबी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत महादेवन का पुरवा, कृषि क्षेत्र में सोमदत्त कृषि सहायक निहालगढ़, अभिषेक कुमार तिवारी कृषि सहायक माहेमऊ, स्वयं सहायता समूह गठन में रामपति समूह सखी, क्षमा देवी समूह सखी तथा विकासखंड शुकुल बाजार में खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज, सीएम फ़ेलो अवनीश जनार्दन, स्वास्थ्य क्षेत्र में रीमा यादव एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र अहमदपुर, संगम एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र खेममऊ, शैल कुमारी आशा ग्राम पंचायत फुंदनपुर, मालती देवी आशा ग्राम पंचायत हरखुमऊ, विमला श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत महोना पश्चिम, कुसुम सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत मर्दानपुर, कृषि क्षेत्र में आशीष कुमार कृषि सहायक मांझगांव, राम आशीष कृषि सहायक नान्दी, स्वयं सहायता समूह गठन में नंदिनी समूह सखी, मेसर जहां समूह सखी सहित जनपद स्तर पर उक्त ब्लॉकों में पर्यवेक्षणीय कार्य के लिए नीरज श्रीवास्तव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, राम शंकर रावत अपर सांख्यिकीय अधिकारी, भूपेंद्र तिवारी अपर सांख्यिकीय अधिकारी, देवेंद्र कुमार सिंह अपर सांख्यिकीय अधिकारी को मा. जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## साहू राठौर प्रतिभा सम्मान समारोह मे राज्य मंत्री प्रतिभाओं को करेगे सम्मानित

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। साहू राठौर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 3 अगस्त को किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे राकेश कुमार राठौर 'गुरूल्ल राज्य मंत्री नगर विकास उ.प्र. सरकार रहेगे। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के बैनर तले साहू प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 3 अगस्त दिन रविवार को नगर के आदर्श मैरिज प्वांइट, ओम नगर, सुलतानपुर मे किया गया है। मुख्य अतिथि राकेश कुमार राठौर 'गुरूल्ल राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उ0प्र0 सरकार राकेश कुमार ल्लराठौर गुरू जील्ल प्रतिभाओं को सम्मानित करेगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे सदस्य राज्य पिछड़ा आयोग उ. प्र रमा शंकर साहू, भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश महामंत्री सम्पूर्णा नन्द गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अर्चना साहू प्रदेश अध्यक्ष राजनैतिक प्रकोष्ठ राजमणि साहू, मनोज मुसाफिर (नेशनल आवाज चैनल) शामिल होंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इण्टर बोर्ड परीक्षा में में 75 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया जायेगा। अंक पत्र की प्रतिलिपि पिता का नाम, पता, मोबाइल नं0 सहित विवरण 25 अगस्त तक समिति ओमनगर, के कार्यालय में पंजीकृत कराये। मेधावियों एवं उनके माता पिता को भी सम्मानित किया जायेगा।

## इंटेल द्वारा स्थापित इंडिया आई डेटा लैब का आज करेंगे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद उद्घाटन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर नगर पालिका द्वारा पकड़िया चौराहे पर बनाये गये नय व्यापारिक भवन के दूसरी मंजिल पर स्थित इंटेल द्वारा इंडिया ऐ आई डेटा लैब की स्थापना की जानी है यह लैब स्थानीय लोगों को कौशल से सक्षम बनाने नवाचार को गति देने और समाधान विकसित करने हेतु सशक्त बनाने की एक अग्रणी पहल साबित होगी जिसका आज केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद उद्घाटन करेगे इस मौके पर विधायक बाबू राम पसवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# भारत विरोधी सनक

अब तो साफ हो गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीय मेधा व भारत की तरक्की को अपने लिये खतरे के रूप में देख रहे हैं। दूसरे कार्यकाल में आये दिन भारत के खिलाफ उनके बयान दरअसल अमेरिका के असुरक्षाबोध को ही दर्शाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक टकराव को खत्म करवाने के जिस तरह वे शेख चिल्ली दावे करते रहते हैं, वह उनका एक अपरिपक्व व अनुभवहीन राजनेता होना ही दर्शाते हैं। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के उनके थोथे दावों के बीच उन्होंने भारतीय आईटी प्रतिभाओं को दरकिनार करने की बात कही है। उनके तंग नजरिये से साफ हो गया है कि वे भारतीय प्रतिभाओं के उफान को अपने लिये एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। यह साफ है कि उनका लगातार बढ़ता प्रवासी विरोध आखिरकार अमेरिका को ही नुकसान पहुंचाएगा। एक बात तो तय है कि भारत लगातार ट्रंप के निशाने पर है। वे लगातार कहते रहे हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। यह भी कहते रहे हैं कि अमेरिकी टेक कंपनियों ने अपने फायदे के लिये चीन में फैक्ट्रियां लगाकर उसे समृद्ध किया। इन कंपनियों द्वारा भारतीयों को अवसर देना उन्हें रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि पिछले दिनों उन्होंने एप्पल को चेतावनी दी थी कि यदि उसने भारत में आईफोन का उत्पादन किया तो सजा के तौर पर उस पर पच्चीस फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। यह विडंबना ही है कि जिस वैश्वीकरण व उदारीकरण के नाम पर अमेरिका ने अपार संपदा जुटाई, उससे दूसरे देशों को फायदा पहुंचना उसे नागवार गुजर रहा है। यह कैसे संभव है कि हर सामान का उत्पादन अमेरिका में ही हो, और उस कंपनी में सिर्फ अमेरिकी ही कर्मचारी हों। निस्संदेह, प्रतिभा और कार्यकुशलता किसी एक देश का कॉपी राइट नहीं हो सकता। मौजूदा दौर की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुक्त व्यापार के दौर में कोई देश अपनी अर्थव्यवस्था के दरवाजे दूसरों के लिये बंद करके समृद्ध नहीं हो सकता है। दरअसल, आज खुली अर्थव्यवस्था में मल्टीनेशनल कंपनियां अपना मुनाफा देखती हैं। उन्हें जहां सस्ता श्रम व प्राकृतिक संसाधन सुलभ होते हैं, वहीं उत्पादन इकाई लगाती हैं। ट्रंप को यह नहीं भूलना चाहिए कि आईटी के क्षेत्र व सिलिकॉन वैली में यदि समृद्धि की बयार बह रही है, उसमें भारतीयों का बड़ा योगदान है। आज यदि अमेरिका की बड़ी आईटी कंपनियों में भारतीय शीर्ष पदों पर हैं तो अपनी प्रतिभा के बूते ही हैं। एक शोध में खुलासा हुआ है कि सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक कर्मी भारतीय मूल के हैं। अपनी योग्यता के बूते दर्जनों टेक कंपनियों में भारतीय आईटी विशेषज्ञ ऊंचे ओहदों पर विराजमान हैं। निश्चित रूप से भारतीय टेक विशेषज्ञ अमेरिका आर्थिकी को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में ट्रंप की यह चेतावनी कि महत्वपूर्ण आईटी कंपनियां व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भारतीयों को महत्व न दें, उनकी संकुचित व प्रतिगामी सोच का ही पर्याय है। अब यदि कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बूते भारतीय अमेरिका में दूसरे नंबर के समृद्ध प्रवासी हैं, तो उसके मूल में उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा है। जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता। यह रोचक तथ्य है कि अमेरिकी आबादी का डेढ़ प्रतिशत होने के बावजूद भारतीय प्रवासी छह फीसदी आयकर देते हैं। जो उनके अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान को ही दर्शाता है। ट्रंप को आत्म-मंथन करना चाहिए कि यदि सिलिकॉन वैली व टेक उद्योग दुनिया में वर्चस्व बनाये हुए हैं तो उसके मूल में भारतीय मेधा की तपस्या व त्याग निहित है। अमेरिका का खजाना भर रहे कई सॉफ्टवेयर तैयार करने में तमाम भारतीय इंजीनियरों का योगदान रहा है। ट्रंप को समय रहते समझ लेना चाहिए कि कथित रूप से अमेरिका को फिर से महान बनाने का नारा भारतीय प्रतिभाओं के योगदान के बिना सिर्फ जुमला बनकर रह जाएगा। अमेरिका के पास गोरे लोगों की वह श्रम शक्ति नहीं है जो उसे दुनिया पर राज करने का मौका दिला सके। इस बात को ट्रंप जितनी जल्दी समझ जाएं, वो अमेरिका के हित में ही होगा।

# प्रशासनिक सुधार की शुरुआत दिल्ली से हो

**1911 में दिल्ली देश की राजधानी बनी और 1915 में जमनापार के 65 गांव दिल्ली में शामिल किए गए। तब से आज तक दिल्ली 1483 वर्ग किलोमीटर की बनी हुई है। आबादी के दबाव से दिल्ली बेहाल हो गई है। कायदे में देश की राजधानी और एक शहर वाले इस राज्य को शासन के नजरिए से आदर्श बनाया जा सकता है, जिसका देश के दूसरे राज्य अनुशरण करें लेकिन वास्तव में अब तक से ज्यादातर प्रयोग शासन को अनुपयोगी बनाने के लिए किए जाते रहे हैं। दिल्ली की जनता दिल्ली के विधायक चुनती है जबकि दिल्ली की जमीन का मालिक केन्द्र सरकार के अधीन बनी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को बना दिया गया है। दिल्ली के ज्यादातर सरकारी कर्मचारी केन्द्रीय चयन आयोग के माध्यम से चुने जाते हैं लेकिन उनमें घालमेल करके उनकी उपयोगिता कम कर दी गई। परिणाम यह हुआ कि पासपोर्ट बनाने और संपत्ति कर के अलावा कोई भी बड़ा काम आज भी पूरी तरह से न तो दलालों से मुक्त हो पाया और न ही सही मायने में आनलाइन हो पाया। सुनने में यह कठोर शब्द है लेकिन वास्तव में अधिकारियों और कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग आज भी जन सुविधाओं को आनलाइन न करने के प्रयास में जुटा हुआ है। 27 साल लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार के लिए प्रशासनिक सुधार दिल्ली में उपलब्धियों के मामले में बड़ी लकीर खींचने का अवसर है। यह दिल्ली जैसे छोटे राज्य में केन्द्र सरकार के सहयोग से संभव है। इतना ही नहीं एक बड़ा का यह रोल माडल देश भर के लिए बन जाएगा। यह समझ से परे है कि दिल्ली के विकास के लिए योजनाएं बनाने वाला डीडीए दिल्ली का मालिक कैसे बन गया। अभी की स्थिति में दिल्ली सरकार विकास के काम के लिए दिल्ली की जमीनों का अधिग्रहण करके डीडीए को सौंप देती है। फिर उसी जमीन को स्कूल, कालेज, अस्पताल, सामुदायिक केन्द्र आदि जरूरी चीजों के लिए ऊंची कीमत पर काफी प्रयास करके डीडीए से जमीन खरीदती है। इस प्रक्रिया में काफी समय और धन की बर्बादी होती है।**

आजादी के बाद से ही दिल्ली शासन की प्रयोग स्थली बनी हुई है। कम अधिकारों वाली विधानसभा, दिल्ली नगर निगम, महानगर परिषद और 1993 के बाद से दिल्ली विधानसभा से मूल रूप से दिल्ली की शासन व्यवस्था चलती रही है। बावजूद इसके दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश ही रही। जो अधिकार आजादी के समय मुख्य आयुक्त के पास थे वे आज कमोबेश दिल्ली के उप राज्यपाल के पास हैं। दोनों ही केन्द्र सरकार से नियुक्त होते हैं। जाहिर है कि उनकी वफादारी केन्द्र की सरकार के प्रति रहती है। 1911 में दिल्ली देश की राजधानी बनी और 1915 में जमनापार के 65 गांव दिल्ली में शामिल किए गए। तब से आज तक दिल्ली 1483 वर्ग किलोमीटर की बनी हुई है। आबादी के दबाव से दिल्ली बेहाल हो गई है। कायदे में देश की राजधानी और एक शहर वाले इस राज्य को शासन के नजरिए से आदर्श बनाया जा सकता है, जिसका देश के दूसरे राज्य अनुशरण करें लेकिन वास्तव में अब तक से ज्यादातर प्रयोग शासन को अनुपयोगी बनाने के लिए किए जाते रहे हैं। दिल्ली की जनता दिल्ली के विधायक चुनती है जबकि दिल्ली की जमीन का मालिक केन्द्र सरकार के अधीन बनी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को बना दिया गया है। दिल्ली के ज्यादातर सरकारी कर्मचारी केन्द्रीय चयन आयोग के माध्यम से चुने जाते हैं लेकिन उनमें घालमेल करके उनकी उपयोगिता कम कर दी गई। परिणाम यह हुआ कि पासपोर्ट बनाने और संपत्ति कर के अलावा कोई भी बड़ा काम आज भी पूरी तरह से न तो दलालों से मुक्त हो पाया और न ही सही मायने में आनलाइन हो पाया। सुनने में यह कठोर शब्द है लेकिन वास्तव में अधिकारियों और कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग आज भी जन सुविधाओं को आनलाइन न करने के प्रयास में जुटा हुआ है। 27 साल लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार के लिए प्रशासनिक सुधार दिल्ली में उपलब्धियों के मामले में बड़ी लकीर खींचने का अवसर है। यह दिल्ली जैसे छोटे राज्य में केन्द्र सरकार के सहयोग से संभव है। इतना ही नहीं एक बड़ा का यह रोल माडल देश भर के लिए बन जाएगा। यह समझ से परे है कि दिल्ली के विकास के लिए योजनाएं बनाने वाला डीडीए दिल्ली का मालिक कैसे बन गया। अभी की स्थिति में दिल्ली सरकार विकास के काम के लिए दिल्ली की जमीनों का अधिग्रहण करके डीडीए को सौंप देती है। फिर उसी जमीन को स्कूल, कालेज, अस्पताल, सामुदायिक केन्द्र आदि जरूरी चीजों के लिए ऊंची कीमत पर काफी प्रयास करके डीडीए से जमीन खरीदती है। इस प्रक्रिया में काफी समय और धन की बर्बादी होती है। यह समझ से परे है कि अपनी ही जमीन का अधिग्रहण करके उसे डीडीए को क्यों दे और फिर उसी जमीन को ज्यादा दाम में डीडीए से खरीदे। जबकि डीडीए पहले ही मास्टर प्लान के साथ-साथ जिला प्लान आदि बना चुका है। बताते हैं कि दिल्ली की जमीन से बने डीडीए के लैंडबैंक के पास हजारों करोड़ रुपए पड़े हुए हैं, जिनका उपयोग दिल्ली के विकास कामों पर किया जा सकता है। इससे भी अजूबा काम दिल्ली के सरकारी कामों की रीढ़ की हड्डी माने जानेवाले दास कैडर (दिल्ली के सभी विभागों के कर्मचारी-दिल्ली एडमिनिस्टैटिव सर्विस) के कर्मचारी ही दिल्ली का कामकाज करते हैं। इनका चयन भारत सरकार का कर्मचारी चयन आयोग से होता है। इनके शुरू से दो हिस्से होते हैं -विभागीय (मिनिस्ट्रीयल) और कार्यकारी (एक्सक्यूटीव)। दोनों की लिखित परीक्षा एक साथ होती है लेकिन साक्षात्कार और प्रशिक्षण अलग-अलग होता है। विभागीय कर्मचारी कनिष्क- वरिष्ट लिपिक(एलडीसी, यूडीसी) मुख्य लिपिक(हेड क्लर्क) के पदों पर पदोन्नति पाते हुए सुपरिटेंडेंट (कार्यालय अधीक्षक) बनते हैं। उसी तरह कार्यकारी विंग के कर्मचारी- उप निरीक्षक, निरीक्षक और सहायक आयकर अधिकारी तक बनते हैं। बाद में वरिष्ठता के आधार पर प्रादेशिक सेवा के अधिकारी(दानिक्स) भी बनते हैं। दोनों विंग के कर्मचारियों को दानिक्स कोटे के आधे-आधे पद मिलते रहे हैं। दोनों विंग के कर्मचारी अपने काम की विशेषता हासिल करते रहे हैं। संख्या ज्यादा विभागीय कर्मचारियों की होती थी, इसलिए उनमें प्रमोशन कम होते थे लेकिन दोनों ही तरह के कर्मचारी अपने काम में दक्ष होते थे। बताते हैं कि 1981-82 में विभागीय कर्मचारियों के कुछ लोगों के दबाव में तब के मुख्य सचिव ने दोनों को मिला दिया। जिससे दोनों के दानिक्स में प्रमोशन समान हों। इसके चलते कर्मचारियों की विशेषज्ञता समाप्त हो गई। जितने कर से जुड़े विभाग हैं उनके बारे में फिल्ड में जाने वाले उप निरीक्षक और निरीक्षक अपने इलाके की पूरी जानकारी रखते थे। वे काम ईमानदारी से करें या न करें लेकिन उन्हें अपने इलाके के बारे में पूरी जानकारी रहती थी। उनकी जानकारी का विभाग को फायदा मिलता था। उसी तरह से कार्यालय अधीक्षक को अपने दफ्तर की एक-एक फाइल की जानकारी होती थी। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि किसी भी दफ्तर से पुराने रिकार्ड जुटाना कठिन है। कहीं मास्टर फाइल नहीं मिलेगी जिससे पूरे विभाग का पता चल सके। उसी तरह बिक्री कर, आबकारी, आयकर, परिवहन आदि करों जुड़े हर मामले के लिए पूरे विभाग को लगना पड़ता है। फिर भी सही जानकारी नहीं मिल पाती है। इतना ही नहीं इसके चलते दफ्तरों से विशेषज्ञता चली गई है। उसकी बहाली निगरानी के साथ जरूरी है। अनेक विभागों में आला पदों पर रहे पूर्व आईएएस अधिकारी एके सिंह बताते हैं कि पुरानी व्यवस्था को बहाल कराकर एक बड़े प्रशासनिक सुधार की शुरुआत की जानी चाहिए। यह ज्यादा कठिन काम नहीं है लेकिन इससे दिल्ली की शासन व्यवस्था में चमत्कारी परिवर्तन होगा। वास्तव में आज जमाना विशेषज्ञता का है। इस बदलाव का असर दफ्तरों से फाइल का बोझ कम करके सरकारी सुविधाओं को वास्तव में आनलाइन किया जा सकता है। देशभर की अनेक राज्य सरकारों के साथ-साथ दिल्ली में भी अनेक सेवाएं आनलाइन करने के दावे किए जाते रहे हैं लेकिन वास्तव में अभी भी अनेक विभाग दलालों से मुक्त नहीं हो पाए हैं। कई विभागों में तो आनलाइन काम भी दलाल ही करवा सकते हैं। उसी तरह हर विभाग में काम का बंटवारा किया जाना चाहिए, यानी किस काम को किस स्तर तक के कर्मचारी को करना है। किसी कर्मचारी को तय मानकों के हिसाब से भविष्य निधि का पैसा निकालने या अपनी छुट्टी मंजूर करवाने के लिए नीचे से ऊपर तक फाइल को क्यों भेजना जरूरी है। हर कर्मचारी का काम साफ-साफ तय होना चाहिए। अभी तो ज्यादातर दफ्तरों में हर फाइल एलडीसी से शुरू होकर विभाग प्रमुख तक जाता है। इससे न केवल दूसरे कामकाज प्रभावित होते हैं बल्कि हर काम में देरी होती है। आज के समय में भी दिल्ली जैसे राज्य में भी आनलाइन काम न होकर फाइलों का बोझ बढ़ाना सही मायने में राज्य और समाज को सालों पीछे ले जाना है। सालों से इस आनलाइन के नाम पर करोड़ों-अरबों खर्च हो चुके हैं फिर भी सरकारी दफ्तर दलालों के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाया है। पासपोर्ट बनना आनलाइन इसलिए भी सफल हुआ माना जा रहा है क्योंकि उसकी जिम्मेदारी एक सही निजी कंपनी के पास है। कायदे में अगर अब भी प्रशासनिक सुधार का काम नहीं हुआ तो दिल्ली दूसरे देशों की राजधानी की कौन कहे अपने देश के भी कई शहरों से और पिछड़ जाएगी। कायदे में उसे देश की राजधानी की तरह देश का अव्वल शहर बने रहना चाहिए। दिल्ली की भाजपा सरकार के लिए प्रशासनिक सुधार एक बड़ा अवसर भी है। ऐसा करके मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टीम दिल्ली में ठोस बदलाव करने की बड़ी लकीर खींच सकती हैं। बहुशासन प्रणाली वाली दिल्ली के हर शासन पर भाजपा ही काबिज है। सभी के बीच तालमेल करके इसे मुकाम तक ले जाने का यह मौका इस राज्य सरकार को मिला है। **–मनोज कुमार मिश्र**

# त्रिभुवनेश्वर श्री लिंगराज महादेव

**अंजनी सक्सेना**

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी और सूर्य देवता की नगरी कोणार्क के नजदीक बसा है भुवनेश्वर नगर। इसी भुवनेश्वर नगर में देवाधिदेव महादेव का विश्व प्रसिद्ध विशाल लिंगराज मन्दिर है। यह मंदिर अपनी अनुपम स्थापत्य कला के लिए तो दुनिया भर में प्रसिद्ध है ही लेकिन यहां भक्ति की भी अविरल रसधार बहती है। यहां यह निश्चित करना बड़ा ही कठिन होता है कि आप भक्ति की रसधार में डूब जाएं या यहां की मूर्तियों और कलाकृतियों के सौंदर्य को नेत्रों के समन्दर में समाहित कर लें। धार्मिक कथाओं के अनुसार यहां देवी पार्वती ने 'लिट्टी' तथा 'वसा' नाम के दो भयंकर राक्षसों का वध किया था। संग्राम के बाद उन्हें प्यास लगी, तो शिवजी ने कूप बनाकर सभी पवित्र नदियों को योगदान के लिए बुलाया। यहीं पर बिन्दुसागर सरोवर है। मान्यता है कि बिंदुसागर सरोवर में भारत के प्रत्येक झरने तथा तालाब का जल संग्रहित है और उसमें स्नान करने से पापों का नाश होता है। उसके निकट ही लिंगराज का विशालकाय मन्दिर है। यहां प्रत्येक पत्थर पर अद्‌भुत कलाकारी है। इस विशाल मंदिर का प्रांगण 150 मीटर वर्गाकार का है तथा कलश की ऊँचाई 40 मीटर है। मन्दिर के शिखर की ऊँचाई 180 फुट है। इस मन्दिर का शिखर नीचे से तो प्रायः सीधा तथा समकोण है किन्तु ऊपर धीरे-धीरे वक्र होता चला गया है और शीर्ष पर वर्तुल दिखाई देता है। मन्दिर की दीवारों पर सुन्दर नक़्क़ाशी की गई है। मन्दिर के हर एक पत्थर पर कोई न कोई अलंकरण उत्कीर्ण है। जगह-जगह सुन्दर मूर्तियां है। यहां मुख्य मंदिर तो त्रिभुवन के स्वामी अर्थात त्रिभुवनेश्वर श्री लिंगराज जी का है। साथ ही यहां गणेश जी,श्री कार्तिकेय जी तथा माता पार्वती के तीन छोटे मन्दिर भी मुख्य मन्दिर के विमान से संलग्न हैं। माता गौरी मन्दिर एवं माता पार्वती मन्दिर में पार्वती जी की काले पत्थर की बनी प्रतिमा है। मन्दिर के चतुर्दिक गज सिंहों की उकेरी हुई मूर्तियाँ दिखाई पड़ती हैं। मंदिर के गर्भग्रह के अलावा जगमोहन तथा भोगमण्डप में सुन्दर सिंह मूर्तियों के साथ देवी-देवताओं की कलात्मक प्रतिमाएँ हैं। यहाँ पास ही में बिन्दुसरोवर है। परंपरागत रुप से पूजा एवं दर्शन करने वाले श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने से पूर्व यहां स्नान करते हैं, फिर क्षेत्रपति अनंत वासुदेव के दर्शन किए जाते हैं। अनंत वासुदेव के दर्शन के बाद गणेश पूजा,फिर गोपालनी देवी की पूजा,उसके उपरांत शिवजी के वाहन नंदी की पूजा के बाद ही लिंगराज के दर्शन के लिए मुख्य मंदिर में प्रवेश किया जाता है। त्रिभुवनेश्वर भगवान शंकर और माता पार्वती के दर्शन तत्पश्चात भोग पाने के बाद पूजा संपन्न होती है । इस स्थान को ब्रह्म पुराण में एकाम्र क्षेत्र बताया गया है। मान्यता है कि यहां भगवान हरिहर विराजते हैं। हरि का मतलब है विष्णु और हर का मतलब शिव, ऐसे में यहां शिव और विष्णु की एक साथ पूजा होती है। भगवान शिव की पूजा में तुलसी दल का प्रयोग वर्जित है लेकिन, यह एक अनोखा मंदिर है जहां भगवान शिव को बेलपत्र के साथ तुलसी दल भी अर्पित किया जाता है। यहां शिव के हृदय में श्रीहरि का वास है। यहां श्रीहरि शालिग्राम के रूप में मौजूद हैं। इसीलिए इसे शिवलिंगों के राजा लिंगराज महादेव की उपाधि दी गयी है। यहां स्थित शिवलिंग स्वयंभू है। मंदिर के मुख्य गर्भगृह में भगवान भोलेनाथ एवं श्रीहरि विष्णु की संयुक्त प्रतिमा है। प्रतिमा में आधा हिस्सा शिवजी का है और आधा श्रीहरि का है। इसीलिए यहां पर शिव और हरि की साथ-साथ पूजा-अर्चना होती है। भगवान शिव और विष्णु एक साथ विराजते हैं और भगवान विष्णु का भोग बिना तुलसी दल के संपूर्ण नहीं होता इसलिए यहां बेल पत्र और तुलसीदल दोनों ही चढ़ाए जाते हैं। यहां एक छोटा सा कुआं भी है जिसके बारे में कहा जाता है कि यह मरीची कुंड है जहां संतान से जुड़ी परेशानियों से मुक्ति के लिए महिलाएं स्नान करती हैं। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण सोमवंशी राजा ययाति प्रथम ने करवाया था। यहां विराजे लिंगराज स्वयंभू हैं। सैकड़ों वर्षों से भुवनेश्वर पूर्वोत्तर भारत में शैवसम्प्रदाय का मुख्य केन्द्र रहा है। माना जाता हैं कि मध्ययुग में यहाँ सात हजार से अधिक मन्दिर और पूजास्थल थे, जिनमें से अब लगभग पाँच सौ ही शेष बचे हैं। इस मंदिर का निर्माण सोमवंशी राजा ययाति केशरी ने ग्यारहवीं शताब्दी में करवाया था। उसने तभी अपनी राजधानी को जाजपुर से भुवनेश्वर में स्थानांतरित किया था। इस मंदिर का वर्णन छठी शताब्दी के लेखों में भी आता है।

## सेहत मंत्र

# वजन घटाने से लेकर पेट के रोगों को दूर करने में कारगर है बथुआ, हृदय रोग भी होते हैं दूर


विटामिन ए, आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस और पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, विटामिन सी भरपूर बथुआ हर घर में खाया जाने वाला एक आम साग है। बथुआ न केवल कई बीमारियों को दूर रखने में फायदेमंद है बल्कि बालों का ओरिजनल कलर बनाए रखने में भी मददगार है। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति वजन घटाना चाहता है तो वह बथुआ खाकर बड़ी आसानी से वजन भी घटा सकता है। बथुआ का प्रयोग सदियों से कई बीमारियों को दूर करने मे होता रहा है हालांकि ज्यादा मात्रा में बथुआ खाने से डायरिया भी हो सकता है क्योंकि इसमें ऑक्जेलिक एसिड का लेवल बहुत ज्यादा होता है। अगर आप भी उन लोगों में हैं, जो बथुआ खाने के फायदे से अंजान हैं तो हम आपको इसके ऐसे कुछ स्वास्थ्य लाभ बताने जा रहे हैं, जो आपकी सेहत को दुरुस्त रख सकते हैं। वे व्यक्ति, जो अपना वजन कम करने के लिए दुनिया भर के नुस्खे आजमाकर थक चुके हैं उनके लिए बथुए का साग बेहद ही फायदेमंद है। बथुए में पाए जाने वाले पौष्टिक तत्व बाहर निकले हुए पेट की चर्बी को कम करने में मदद करते हैं और जल्द ही वजन भी घटाते हैं। वे लोग, जो जोड़ों में दर्द से परेशान रहते हैं उन्हें बथुआ आराम देने के लिए काफी है। इसके लिए आपको 10 ग्राम बथुए के बीजों को करीब 200 मिलीलीटर पानी में उबालना है। जब पानी 50 मिलीलीटर रह जाए तो उस पानी को गर्म-गर्म पी लीजिए। नियमित रूप से 1 महीने तक सुबह-शाम इस पानी को पीएं और आप पाएंगे कि आपके जोड़ों का दर्द धीरे-धीरे दूर हो रहा है। इतना ही नहीं आप इसकी ताजी पत्तियों को पीसकर हल्का गर्म कर लें और जिस जगह दर्द हो रहा हैं वहां लगा लें। ऐसा करने से दर्द से राहत भी मिलेगी। पेट के रोगों से परेशान लोग बथुए का उबला हुआ पानी पीएं। बथुए का पानी पेट से संबंधित सभी प्रकार के रोग, पुरानी कब्ज, गैस, पेट के कीड़े, दर्द, बवासीर और पथरी जैसे रोगों को ठीक करने में लाभाकारी है।

## धर्म मंत्र

# ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है

मध्य प्रदेश में बेतवा नदी के किनारे बसा ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है। झांसी से मात्र 16 किमी. की दूरी पर स्थित यह जगह अतीत की कई कहानियों को बयां करती है। हरा-भरा और पहाड़ियों से घिरा ओरछा राजा बीरसिंह देव के काल में बुंदेलखण्ड की राजधानी हुआ करता था। परिहार राजाओं के बाद ओरछा चन्देलों और फिर बुंदेलों के अधिकार में रहा। हालांकि चन्देल राजाओं के पराभव के बाद ओरछा श्रीहीन हो गया, लेकिन जब बुंदेलों का शासन आया तो ओरछा ने पुनः अपना गौरव प्राप्त किया। बुंदेला राजा रुद्रप्रताप ने 1531 ई. में नए सिरे से इस नगर की स्थापना की। उन्होंने नगर में मंदिर महल और किले का निर्माण करवाया। यही नहीं, उनके बाद के राजाओं ने भी सौंदर्य से परिपूर्ण कलात्मक इमारतें और भवन बनवाए। मुगल शासक अकबर के समय यहां के राजा मधुकर शाह थे जिनके साथ मुगल सम्राट ने कई युद्ध किए थे। जहांगीर ने वीरसिंहदेव बुंदेला को, जो ओरछा राज्य की बड़ौनी जागीर के स्वामी थे, पूरे ओरछा राज्य की गद्दी दी थी। इसके बदले में वीरसिंहदेव ने जहांगीर के कहने से अकबर के शासन काल में अकबर के विद्वान दरबारी अबुलफजल की हत्या करवा दी थी। वहीं जब शाहजहां का शासन काल आया तो मुगलों ने बुन्देलों से कई असफल लड़ाइयां लड़ीं। किंतु अंत में जुझार सिंह को ओरछा का राजा स्वीकार कर लिया गया।

## पर्यटन



# बेहतरीन किस्म की वाइन के लिए मशहूर हैं कैलिफोर्निया

घूमने-फिरने की चाहत रखने वालों के लिए हर एक जगह खास होती है और उन्हें हमेशा किसी नई जगह की तलाश होती है। तो अगर आप हिल्स स्टेशन्स, बीच और डेजर्ट्स से बोर हो चुके हैं और कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहते हैं तो कैलिफोर्निया के वाइन कंट्री आएं। जहां आकर आप खूबसूरत नजारों को देखने के साथ ही बेहतरीन किस्म की वाइन को भी एन्जॉय कर सकते हैं। नापा वैली को शानदार प्रॉपर्टीज, महंगे टेस्टिंग रूम, पुराने ढंग के कस्बों और भव्य लॉज वाली जगह के रूप में जाना जाता है। सैन फ्रांसिस्को से नार्थ की ओर तकरीबन एक घंटे की ड्राइव कर आप पहुंच सकते हैं यहां। जहां 400 भी ज्यादा मशहूर वाइनरी मौजूद है। नापा वैली शराब के पारखियों का स्वर्ग है, जहां टूरिस्ट्स को खासतौर से इस जगह की पहचान कैबरनेट सोविन्यॉन और शाडुर्ने के अलावा दूसरी वाइन्स को चखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह अपनी प्रीमियम वाइन के लिए तेजी से मशहूर हो रही है, जैसे कि किस्टलर वाइनयार्ड्स, ए. रफानेली और किर्क। जिनकी पीने और खरीदने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। लेकिन सोनोमा काउंटी में पहुंचकर आप काफी अलग-अलग तरह के वाइन को एन्जॉय कर सकते हैं। जिनको बैकयार्ड में बनी वाइनरी में तैयार किया जाता है। मेंडोसिनो कोस्ट के किनारे हरे-भरे लाल रंग के जंगलों से घिरे शांत वाइनयार्ड से लेकर, बीहड़ लेक काउंटी की धूप से चमकती पहाड़ियों तक, नॉर्थ कोस्ट उतना ही विविध है जितना कि यहां की वाइन कंट्री। आप लोकल वाइनमेकर्स (वाइन बनाने वालों) के साथ अंगूरों, उन्हें उगाने और वाइन बनाने के प्रोसेस तक के बारे में बातचीत कर सकते हैं, जो ज्यादातर टेस्टिंग रूम्स में आराम से वाइन डालते पाए जाते हैं। वाइन पीने और झूमने के लिए कैलिफ़ोर्निया के सबसे सुंदर और कम भीड़-भाड़ वाली जगह के लिए तैयार हो जाएं। मेंडोकिनो काउंटी वाइन न केवल खूबसूरत है, बल्कि लेटेस्ट टेक्निक से भी लैस है। यह जगह कैलीफोर्निया के सबसे डेवलप्ड वाइनमेकर्स का घर है, जो वाइनयार्ड में लेटेस्ट टेक्निक से वाइन तैयार करते हैं।

# प्रशासनिक सतर्कता से संवेदनशील हुआ अवसानेश्वर मेला परिसर, एसडीएम और एएसपी ने संभाली कमान

## खाकी को सख्त निर्देश , चप्पे चप्पे पर रहेगी खुफिया नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बीते सोमवार रात हुई करंट दुर्घटना, जिसमें दो श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु हुई और करीब चालीस लोग घायल हो गए, के बाद प्रशासन अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। घटना के बाद से ही अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी और समीक्षा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह और नवागत उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मेला प्रांगण का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों व श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुना। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ ही मेला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, आपातकालीन प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेष निर्देश दिए गए। एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि ह्लप्रशासन की कोशिश है कि मेला पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो। इस निरीक्षण में पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह, तहसीलदार शशांक उपाध्याय एवं प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल सहित विद्युत विभाग की टीम भी मौजूद रही। विद्युत विभाग को विशेष रूप से टीन शेड, अस्थायी विद्युत कनेक्शन, नंगे तारों एवं जर्जर खंभों की तत्काल समीक्षा और सुधार का निर्देश दिया गया। घाट और मंदिर गर्भगृह का भी गहन निरीक्षण किया गया। एसडीएम और एएसपी ने वहां की साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग तथा जलस्तर की निगरानी जैसी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की जान की कीमत सबसे ऊपर है और सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस तत्परता और सतर्कता से श्रद्धालुओं में विश्वास बढ़ा है, वहीं मेला क्षेत्र में अधिकारियों की नियमित उपस्थिति से व्यवस्था में भी सुधार देखा जा रहा है। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि आगामी सावन सोमवार और अन्य विशेष अवसरों पर एनडीआरएफ / मेडिकल टीमों की तैनाती, आपातकालीन हेल्प डेस्क, और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। यह स्पष्ट है कि दुर्घटना के बाद प्रशासन सजग हो गया है और अब हर संभव उपाय किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

> आज मेरे द्वारा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई, श्रद्धालुओं के ठहरने एवं आगमन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस संबंध में मंदिर प्रशासन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी उचित निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
>
> **राजेश कुमार विश्वकर्मा**
> **उपजिलाधिकारी, हैदरगढ़**

# एग्रीकल्चर एग्रो के अपर निदेशक एवं महाप्रबंधक ने कियासाधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर, बाराबंकी। शनिवार को एग्रीकल्चर एग्रो के अपर निदेशक एवं महाप्रबंधक अविनाश चंद्र तिवारी ने सिद्धौर क्षेत्र स्थित उस्मानपुर साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति के अभिलेखों की गहनता से जांच की और किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर जमीनी हकीकत की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति सचिव प्रदीप कुमार से पूछा कि वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में यूरिया की बिक्री में कितना अंतर आया है। सचिव ने बताया कि वर्ष 2023 में समिति से 116 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक 281 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। खाद वितरण रजिस्टर की जांच करते समय महाप्रबंधक ने देखा कि कुछ किसानों को 8-8 बोरी यूरिया वितरित की गई है। इस पर उन्होंने मौके पर मौजूद किसान अंशुमान पुत्र रमेश चंद्र से पूछताछ की, जिन्होंने बताया कि उन्हें वाकई 8 बोरी यूरिया प्राप्त हुई है। जब उनसे उनके भूमि क्षेत्रफल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने 5 एकड़ भूमि होने की जानकारी दी। इस पर महाप्रबंधक ने टिप्पणी की कि इतनी मात्रा में खाद वितरण की पुष्टि खेतों में फसल की स्थिति से भी होनी चाहिए। उन्होंने समिति सचिव को निर्देशित किया कि यदि कोई किसान दो बोरी से अधिक यूरिया प्राप्त करता है, तो उसकी खसरा और खतौनी की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि पूर्व में समितियों को खाद की सीमित मात्रा ही प्राप्त होती थी, परंतु इस वर्ष प्राइवेट कोटे की 50% खाद काटकर समितियों को आवंटित की गई है, जिससे पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसानों ने शिकायत की कि प्राइवेट दुकानों पर यूरिया 300 से 350 रुपये प्रति बोरी तक बेची जाती है, और साथ ही 150 से 200 रुपये की अनिवार्य रूप से ज़िंक या सल्फर भी खरीदनी पड़ती है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

# बिजली विभाग की पहल मोबाइल से जमा करें बिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएल की मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से स्वयं अपना बिजली बिल घर बैठे जमा कर सकते है। इस सुविधा के तहत उपभोक्ताओं को बिजली कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। यूपीपीसीएल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता न केवल बिल जमा कर सकते हैं, बल्कि बिल की जानकारी, भुगतान की रसीद, खपत का विवरण, शिकायत दर्ज करने जैसी कई सेवाएं भी ऐप पर मिलती है।

कैसे करें उपयोग?

सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से यूपीपीसीएल ऐप डाउनलोड करें।

इसके बाद उपभोक्ता संख्या डालकर रजिस्ट्रेशन करें। अपना बिल देखें और उपलब्ध विकल्पों से भुगतान करें।

विद्युत उपकेंद्र कुर्सी के उपखंड अधिकारी सर्वेश कुमार का कहना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को त्वरित सेवा देने के उद्देश्य से यह सुविधा शुरू हुई थी जोकि अति उत्तम है। आजकल सभी एंड्रॉयड फोन चलाते हैं बस थोड़ा सा अभ्यास कर आराम से बिल जमा कर सकते हैं। ग्रामीणों को लाभ - आज के डिजिटल युग में लगभग लोगों के पास एंड्रॉयड फोन है बस विद्युत विभाग का एक ऐप लोड कर वह लंबी लाइनों से मुक्ति पा

# बन रहा अंत्येष्टि स्थल, पर मर गई गुणवत्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## जिम्मेदार मौज में, गिट्टी-मौरंग कहीं खोज में बीडीओ. बोले ऽ निस्तारण की 'शांति अवधि' 12 दिन

रामनगर, बाराबंकी। विकासखंड सूरतगंज की ग्राम पंचायत लोधौरा में अंत्येष्टि स्थल तो बन रहा है, लेकिन शायद उसकी गुणवत्ता पहले ही स्वर्ग सिधार चुकी है। यहां निर्माण कार्य की आत्मा को जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार की चिता पर चढ़ा दिया है ऽ और हवन सामग्री में मानक विहीन सामग्री भर दी गई है।शिकायतकर्ता रवि प्रकाश, आशीष कुमार, अरविंद कुमार और बाबा रामनाथ ने संपूर्ण समाधान दिवस में एक ऐसा शिकायती पत्र सौंपा है, जिसे पढ़कर हर ईंट भी रो पड़ी होगी। आरोप है कि निर्माण कार्य में न गिट्टी है, न मौरंग, और मसाला इतना हल्का कि दीवारें खुद ही सहारा ढूंढ़ रही हों! जब हमारे संवाददाता ने इस भ्रष्टाचार की विधिवत अंतिम यात्रा के बारे में बीडीओ. सूरतगंज से पूछा तो उन्होंने जवाब में विकास की गंगा बहाते हुए कहा ऽ ''शिकायत का निस्तारण नियत अवधि यानी 10 से 12 दिन में किया जाएगा।'' मतलब साफ है ऽ जब तक अफसरों की कलम उठे, तब तक ठेकेदारों का फावड़ा आराम से भ्रष्टाचार की इमारत को अंतिम रूप देता रहेगा सोशल मीडिया पर शिकायत वायरल हुई तो हमारे संवाददाता ने खुद निर्माण स्थल पर अंतिम दर्शन किए। वहां की स्थिति देखकर यही लगा कि निर्माण नहीं, मज़ाक चल रहा है ऽ ऐसा मज़ाक जिसमें न मिट्टी शरमाए और न ही मौरंग दिखाई दे। जिला पंचायत राज अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश भी की गई, लेकिन उनका फोन किसी गहरी साधना में लीन रहा।अब सवाल यह है कि जब सब कुछ साक्षात दिख रहा है, तो 12 दिन तक ''प्रतीक्षा करो और प्रलय देखो'' की नीति क्यों? अंत में यही कहा जा सकता है ''मरे हुए के लिए बना स्थल, पर जिंदा व्यवस्था दम तोड़ती दिख रही है।

# समाधान दिवस, शिवार्चन तालाब प्रदूषण की गूंज ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनी शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता





## शिवार्चन जल, में कब्जेदार बहा रहे शौचालय की नाली

## अवैध कब्जा धारकों को लेखपाल का संरक्षण

रामनगर बाराबंकी। तहसील सभागार में नवागत उपजिलाधिकारी संयुक्त मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिवार्चन तालाब में प्रदूषण मसला गूंजा। साथ ही सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 122 शिकायती प्रार्थनापत्र आए।जिसमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील रामनगर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध शिव तीर्थ महादेवा स्थित शिवार्चन तालाब में स्थानीय अवैध कब्जा धारकों के घरों की नालियों का पानी प्रवाहित किए जाने की शिकायत महंत बी.पी दास द्वारा की गई। उप जिला अधिकारी ने महादेव के लेखपाल को तलब किया और शाम को महादेवा में मौका मुआयना की बात कही। बताते हैं कि लेखपाल ने एक बार फिर उप जिला अधिकारी को भ्रमित करने का प्रयास किया। याची महंत बीपी दास बताते हैं कि तहसीलदार व एसएचओ की रिपोर्ट में यह बात स्वीकारी गई है कि मठ मंदिर से शिवार्चन का जल जिस तालाब में एकत्रित होता है उसी में कुछ लोगों की नालियों का भी पानी आता है। श्री दास का कहना है कि जब सदियों पुराना शिवालय महादेव मठ का जल एक सुरंग के जरिए इस तालाब यानि शिवार्चन तालाब में आ रहा है। भगवान भोलेनाथ पर अर्पित होने वाले जल के निकासी का कोई दूसरा और मार्ग है ही नहीं, अर्थात अन्य कोई विकल्प है ही नहीं। उस शिवार्चन तालाब की भूमि पर कब्जा करके जिन लोगों ने मकान व प्रतिष्ठान बनाए हैं। उन्हीं के द्वारा अपने शौचालयों का गन्दा पानी शिवार्चन तालाब में क्बयों कर बहाया जा रहा है। शिकायतकर्ता महंत श्री दासका यह भी कहना है कि स्थानीय तहसील प्रशासन का दबंग सामाजिक तत्वों को खुला संरक्षण प्राप्त है इसलिए शिवारजन तालाब से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। तहसील प्रशासन ने उल्टे अतिक्रमणकारियों को मुआवजा से नवाजा गया है। यहां उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय द्वारा अतिक्रमण हटाने का स्पष्ट आदेश प्रशासन को दिया गया है। तहसील प्रशासन अदालत और मानना का भी पात्र है। अदालती अवमानना का प्रकरण अभी भी उच्च न्यायालय में प्रचलित एवं विचारधीन है। आई शिकायतों का निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस दौरान क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे साहित अन्य अधिकारी राजस्वकर्मी व पुलिस कर्मौ मौजूद रहे।

## शटरिंग ढही एक श्रमिक की मौत

फतेहपुर बाराबंकी। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र में शटरिंग खोलते समय एक श्रमिक गंभीर रूप से जख्मी हुआ और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हुई। बताते है कि निर्माणाधीन मकान में शटरिंग के साथ छज्जा और दीवार अचानक ढह गई। जानकारी के अनुसार बड्डूपुर क्षेत्र के अंबियापुर का सुशील कुमार (23), पुत्र छोटेलाल, अपने गांव तिगैया मजरा बड्डूपुर से अंबियापुर निवासी रोहित वर्मा के घर शटरिंग खोलने गया था। इसी दौरान शटरिंग के साथ छज्जा और दीवार गिर पड़ी, जिससे वह मलबे में दब गया।ग्रामीणों ने घायल सुशील को बाहर निकाला,हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक के चाचा रंजीत कुमार ने बड्डूपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

## छत से गिरी वृद्ध महिला की मौत

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में धरौली गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्धा भगवानदेई देर शाम को घर की छत से नीचे गिरी और गंभीर रूप से घायल हुई। इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वरिष्ठ पत्रकार संदीप मिश्रा पर हमले के विरोध में पत्रकारों में आक्रोश, की कड़ी कार्रवाई की मांग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ से प्रकाशित प्रतिष्ठित हिंदी समाचार पत्र कैनविज टाइम्स के प्रदेश प्रमुख संदीप मिश्रा पर बीते दिन सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित उनके निजी आवास पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने उन्हें बेरहमी से पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद प्रदेश भर के पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इस हमले की निंदा करते हुए बाराबंकी जनपद के पत्रकारों ने एक आपात बैठक कर विरोध दर्ज कराया और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार महंत बीपी दास ने की। उन्होंने कहा, ''यदि मीडिया कर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो लोकतंत्र और जनहित की आवाज कौन उठाएगा?''बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने इस घटना को पत्रकारिता पर सीधा हमला बताया। प्रेस क्लब हैदरगढ़ के अध्यक्ष राकेश पाठक, विकास तिवारी, राम कुमार वर्मा, प्रभाकर तिवारी, अमर सिंह राणा, अनिल शुक्ला सहित कई पत्रकारों ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पत्रकार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## अज्ञात बदमाशों ने उड़ाई नगदी समेत जेवरात

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाल रामसनेहीघाट क्षेत्र गांव पूरे निहाल मजरे बड़ेला नारायनपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र रमापति के घर में घुसकर अज्ञात बदमाश 65000 नकदी, जेवरात और जरूरी कागजात समेत कीमती सामान उठा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## विधि व्यवसाय में रत अधिवक्ता पुत्र सम्मानित

### शुक्ल की जयंती पर अमित की पहल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बार एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष पं. कन्हैयालाल शुक्ल की जयंती समारोह क्रम में आज वरिष्ठ अधिवक्ताओं कालिका बख्श सिंह, बसंत लाल गौतम, आदित्य श्रीवास्तव, उमाशंकर श्रीवास्तव, लालजी मिश्र, शंभू दयाल रस्तोगी के विधि व्यवसाय में रत अधिवक्ता पुत्रों विष्णु प्रताप सिंह, कृष्ण गोपाल गौतम, अजय श्रीवास्तव, राजेंद्र नाथ श्रीवास्तव, ब्रह्म स्वरूप मिश्र, विजय रस्तोगी को सुरेश चंद्र गौतम, भूपेंद्र सिंह शैंकी, राजू मिश्र, प्रत्यूष कांत शुक्ल, अमित अवस्थी, मनोहर लाल वर्मा, पवन मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

## पद अलंकरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। करौंदिया, विवेकनगर स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में पद अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के.एन.आई.एम.टी.फरीदीपुर फार्मेसी विभाग के डायरेक्टर डॉ. महेश प्रसाद, के.एन.आई.सी.ई. लालडिग्गी, सिविल लाइन के प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह तथा के.एन.आई.सी.ई. करौंदिया के प्रधानाचार्य डॉ.एन. डी.सिंह ने माँ सरस्वती तथा बाबू के.एन.सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके अलंकरण समारोह का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल क्वायर की छात्राएं छवि, आराध्या, रितवी, हिमांशी, रिद्धि, प्रतीक्षा, आर्या चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय गीत तथा स्कूल प्रेयर वी शैल ओवरकम..... गीत करायीं। कक्षा–3 का छात्र आदृत्य सिंह ने कविता सुनाया। कक्षा–5 की छात्रा रितवी पराशर ने आज का सुविचार कहा।कक्षा–7 का छात्र आदित्य सिंह ने मुख्य समाचार पढ़ा। कक्षा–9 की छात्रा यशस्वी पांडेय ने नेतृत्व तथा उसके महत्व पर संक्षिप्त जानकारी दी। कक्षा–8 की छात्राएं मलक अबरार, आराध्या सिंह, आरुषी मिश्रा, अलंकृति दुबे, सिद्धि रानी, धृति मिश्रा, फिजा खान, उत्कर्षिनी, आशी पांडेय, अग्रिनी त्रिपाठी, कनिष्का तथा वैष्णवी सोनी ने देशभक्ति गीत ताकत वतन की हमसे है...गाकर सबको ताली बजाने को मजबूर कर दिया। इसके बाद स्कूल अप्वाइंटमेंट्स तथा हाउस अप्वाइंटमेंट्स के छात्र–छात्राओं ने परेड किया तथा प्रधानाचार्य ने उन सभी को शपथ ग्रहण कराया।

# पार्टी द्वारा दी गई हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊंगा : शुभम त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## मंडल उपाध्यक्ष का चेयरमैन आलोक तिवारी ने किया जोरदार स्वागत

हैदरगढ़ बाराबंकी भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत हैदरगढ़ मंडल में युवा नेतृत्व को महत्व देते हुए शुभम त्रिपाठी को मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन की सूचना मिलते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी के नेतृत्व में श्री त्रिपाठी का उनके आवास पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान चेयरमैन श्री आलोक तिवारी ने कहा कि शुभम त्रिपाठी जैसे ऊर्जावान, कर्मठ और समर्पित युवा नेता को मंडल उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन में युवाओं की भागीदारी पार्टी के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में नवमनोनीत मंडल उपाध्यक्ष शुभम त्रिपाठी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, ''भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके प्रति मैं पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करूंगा। संगठन के हित में हमेशा सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।'' इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सभासद स्कन्द तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह चौहान, मंडल महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, व्यापार संगठन के मंडल अध्यक्ष योगेश, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हनुमान विश्वकर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप रावत सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शुभम त्रिपाठी को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और संगठनात्मक एकता से परिपूर्ण रहा।

# संजीव प्रसारण जिले भर में किसान उत्सव समारोह की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। किसान उत्सव समारोह शनिवार को सभी विकास खंडों में पूर्ण भव्यता से मनाया गया। वाराणसी में आयोजित ''पी.एम. किसान उत्सव दिवस' में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त जारी की। इसका सजीव प्रसारण जिले के समस्त विकास खण्डों के सभागार में हुआ। ''निंदूरा विकास खंड'' विकास खंड के जनलोक सभागार मे पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों को संबोधित किया गया। तथा किसान सम्मान निधि के 200500 करोड़ धनराशि पीएम ने एक बटन दबाकर काशी से किसानों के खाते में स्थानांतरित कर दिया। प्रधानमंत्री द्वारा लगभग दो हजार करोड रुपए की अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत दिव्यांग जनों को विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीश रावत जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजन सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, सहायक विकास अधिकारी कृषि हरि प्रकाश चौधरी, प्राविधिक सहायक कृषि, प्रभारी कृषि रक्षा इकाई , विकास खंड स्तरीय अन्य कर्मचारी तथा सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

''सिरौलीगौसपुर ब्लॉक'' विकासखंड सभागार में पूर्व विधान परिषद सदस्य हर गोविंद सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस भव्य आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया।इस अवसर पर एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण, मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, लवकुश वर्मा, संतोष पांडेय, अमित पांडेय, अमरेंद्र सिंह बब्लू, रामकुमार वर्मा और मेड़ीलाल मौर्या सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जो रूट को चिढ़ाना भारत की रणनीति का हिस्सा था : प्रसिद्ध




### विश्वास, टीम भावना से की भारत ने वापसी , कहा प्रसिद्ध ने

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी ईकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढत लेने दी। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई की वेबसाइट पर डाले वीडियो में कहा ,' हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है। उन्होंने कहा ,''हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे। एक दूसरे के पास जाकर एक दूसरे को बताते रहेंगे कि क्या करना है। हम बहुत खुश है कि एक दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित करते रहे। मोहम्मद सिराज ने 16 . 2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिये जबकि प्रसिद्ध ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट चटकाये।

एजेंसी

लंदन। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 'अच्छे दोस्त' जो रूट के साथ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन हुई नोंकझोंक का पूरा मजा लिया और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के इस अनुभवी बल्लेबाज को गुस्सा दिलाना टीम की रणनीति का हिस्सा था। प्रसिद्ध और रूट के बीच तनाव के कारण अंपायरों को दखल देना पड़ा। आम तौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में चौके बाद प्रसिद्ध की टिप्पणी से खुश नहीं थे। प्रसिद्ध ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' यह छोटी सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की वजह से ऐसा हो जाता है। हम मैदान से बाहर अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की नोंकझोंक थी और हम दोनों ने इसका मजा लिया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि रूट को चिढाना अनायास नहीं हुआ था। उन्होंने कहा ,''यह हमारी रणनीति थी। लेकिन मैने सोचा नहीं था कि मेरे कुछ शब्दों पर वह इतनी कड़ी प्रतिक्रिया देंगे। जैसा कि मैने कहा कि मुझे वह बहुत पसंद है और वह खेल के लीजैंड हैं। इस गेंदबाज ने कहा ,'' यह अच्छी बात है कि हम दोनों अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे थे। बल्लेबाज से हल्की फुल्की बात होते रहने पर गेंदबाजी में मुझे मजा आता है। इससे और मदद मिलती है जब बल्लेबाज भी आवेश में आकर प्रतिक्रिया देता है। पहले सत्र में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के दबाव बनाने के बाद तेज गेंदबाजों में आपस में क्या बात हुई, यह पूछने पर उन्होंने कहा ,'' एक टीम के तौर पर हमें पता था कि लंच के पहले क्या हुआ। तीनों तेज गेंदबाजों ने एक कोने में जाकर आपस में बात की और तय किया कि जो हुआ, वह हो गया। अब हमें सही लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी करके वापसी करनी होगी। इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट करने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मुस्कुराते हुए उनके कंधे पर हाथ रखा जो बल्लेबाज को पसंद नहीं आया। इंग्लैंड के बल्लेबाजी कोच मार्कस ट्रेसकोथिक ने कहा कि आकाश दीप को ऐसा करने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा ,'' मेरे समय में अधिकांश बल्लेबाज उसे कोहनी लगा देते या कुछ अलग करते। मैने कभी किसी गेंदबाज को किसी बल्लेबाज को आउट करने के बाद ऐसा करते नहीं देखा। ऐसा करने की कोई जरूरत भी नहीं थी।

## मेस्सी का भारत दौरा : पहला चरण कोलकाता में

### दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद भी स्वागत को तैयार

एजेंसी

कोलकाता। अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जायेंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा ,'' सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा ,'' अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आयेगी। कार्यक्रम के अनुसार मेस्सी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रूकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जायेंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा ,'' वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिये टिकट की न्यूनतम दर 3500 रूपये होगी। हमें उम्मीद है कि 68000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेस्सी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं। मेस्सी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट ' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिये वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रपटों में कहा गया था कि मेस्सी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एम एस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं हागा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा जो उनके सफर का जश्न होगा। इसके बाद वह भारतीय फुटबॉल टीम से बात कर सकते हैं। वह 15 दिसंबर को दिल्ली आयेंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। इसके बाद फिरोज शाह कोटला स्टेडियम पर दोपहर 2.15 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। हर शहर में वह बच्चों के साथ मास्टर क्लास भी लेंगे। सूत्र ने बताया कि उनके भारत दौरे पर केरल जाने का कोई कार्यक्रम नहीं है। मेस्सी इससे पहले 31 अगस्त 2011 को कोलकाता आये थे जहां उन्होंने अर्जेंटीना टीम के साथ वेनेजुएला के खिलाफ मैच खेला था और 1-0 से जीते थे।

## भारत की महिला टीम ने जीता विश्व कुश्ती चैंपियनशिप अंडर-17 का खिताब, दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) ने घोषणा की कि भारत ने अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब अपने नाम किया है। डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस उपलब्धि को साझा करते हुए कहा, भारत ने 151 अंकों के साथ अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का ताज हासिल किया। अमेरिका ने दूसरा और जापान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का पल है। डब्ल्यूएफआई के मुताबिक, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने कुल छह पदक जीते, जिनमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम के लिए विश्व स्तर पर लगातार दूसरी शानदार जीत को दर्शाती है। 151 अंकों के साथ भारत ने कुश्ती की मजबूत टीम अमेरिका को पीछे छोड़ा, जो 142 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि जापान 113 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर रहा।

## लक्ष्य, मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन सेमीफाइनल में हारकर बाहर

एजेंसी



मकाऊ। भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया जब लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज तेईस वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था। 2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया। लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढत बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी। इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए। जस्टिन होह ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए वापसी की। मन्नेपल्ली ने हालांकि फिर बढत बनाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी मन्नेपल्ली की गलतियों का सिलसिला जारी रहा और जस्टिन ने 8-6 से बढत बना ली। मन्नेपल्ली ने 13-13 से वापसी की लेकिन इसके बाद उनके दोनों शॉट बाहर निकल गए। जस्टिन ने 17-14 की बढत बना ली और फिर मन्नेपल्ली की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर चार अंक लेकर गेम अपने नाम किया। निर्णायक गेम में मन्नेपल्ली ने 6-3 की बढत से शुरूआत की लेकिन जस्टिन ने जल्दी ही बराबरी की। दोनों 9-9 से बराबरी पर थे लेकिन लांग शॉट पर जस्टिन ने दो अंक की बढत बनाई। ब्रेक के बाद उनकी बढत 16 . 9 की हो गई और आखिर में लांग रिटर्न पर चार मैच प्वाइंट बनाकर उन्होंने मुकाबला जीत लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख को तीन करोड़ रूपये पुरस्कार दिया

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

### गोवा की नई लवण-प्रतिरोधी धान किस्म 2026 खरीफ सत्र के लिए तैयार

**पणजी।** गोवा के कृषि मंत्री रवि नाइक ने कहा कि राज्य की नवीनतम धान किस्म 'गोवा धान-5' 2026 के खरीफ सत्र में बड़े पैमाने पर खेती के लिए तैयार है। धान की यह किस्म लवणता, जलभराव और फसल गिरने के प्रति बेहतर प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती है। नाइक ने शुक्रवार को विधानसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि नई किस्म इस समय अपने परीक्षण के दूसरे वर्ष में है और यह पहले ही आशाजनक परिणाम दिखा चुकी है। वह निर्दलीय विधायक एलेक्सियो रेजिनाल्डो लौरेंको के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार गोवा धान-5 को पहले की लवण-सहिष्णु किस्मों के प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लिए विकसित किया गया है। नाइक ने कहा कि जहां पिछली धान किस्में खारे पानी की स्थिति के प्रति सहनशील हैं, वहीं गोवा धान-5 जलभराव का भी मुकाबला कर सकती है। उन्होंने कहा, इसकी डंठल भी मज़बूत होती है, जिससे पौधे भारी बारिश या तेज हवा से जल्दी गिरते नहीं हैं।

### हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड को वर्षों घाटे के बाद 2024-25 में 315 करोड़ रुपये का मुनाफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 315 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एचपीएसईबीएल का कुल घाटा 31 मार्च, 2024 तक 3,742 करोड़ रुपये था। एक सरकारी प्रवक्ता ने बयान में कहा, कई वर्षों तक घाटे का सामना करने के बाद, यह बोर्ड द्वारा दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक मुनाफा है। यह उपलब्धि केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि मौजूदा राज्य सरकार की 'नई सोच, नया हिमाचल' के लिए प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हिमाचल सरकार ने अपने सुधारों, पारदर्शी प्रशासनिक नीतियों और वित्तीय अनुशासन के माध्यम से बोर्ड को घाटे से उबरने और मुनाफ़े में आने में मदद की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू ने कहा कि यह सफलता एक स्पष्ट नीति, ईमानदार शासन और कल्याणकारी नजरिये का नतीजा है।

### अमेरिका के ताजा वित्तीय आंकड़े पेश कर रहे हैं चिंताजनक तस्वीर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड अपने देश में स्वर्ण युग लाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन इस सप्ताह आए कमजोर आर्थिक आंकड़े चिंता पैदा कर रहे हैं, क्योंकि उनकी नीतियों के प्रभाव अब स्पष्ट होते जा रहे हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक नौकरियों में वृद्धि कम हो रही है, महंगाई बढ़ रही है और पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर धीमी हो गई है। ट्रंप ने अब तक अपने छह महीने से कुछ ज्यादा कार्यकाल के दौरान शुल्क में बढ़ोतरी की। उनके नए कर एवं व्यय विधेयक ने अमेरिका की व्यापार, विनिर्माण, ऊर्ज़ा और कर प्रणालियों को नया रूप दिया है। वह किसी भी अच्छी खबर का श्रेय लेने के लिए उत्सुक रहते हैं और अगर वित्तीय स्थिति बिगड़ती है तो किसी और को दोष देने की कोशिश करते हैं।

## चालू सत्र में खरीफ फसलों की बुवाई पिछले साल से अधिक होने का अनुमान: इक्रा

एजेंसी




कोलकाता। शोध फर्म इक्रा के मुताबिक चालू सत्र में खरीफ फसलों की बुवाई पिछले साल के स्तर से पर्याप्त अधिक हो सकती है। इक्रा ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि अनुकूल मानसून की मदद से, सामान्य बुवाई क्षेत्र के 76 प्रतिशत पर खरीफ की बुवाई पूरी हो चुकी है और जुलाई 2025 तक इसमें सालाना आधार पर चार प्रतिशत की वृद्धि होगी। जून और जुलाई के बरसात के महीनों में बोई जाने वाली खरीफ फसलें मुख्य रूप से मूंग, चावल और मक्का हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि अगस्त और सितंबर के दौरान सामान्य से अधिक बारिश का मौसम विभाग का पूर्वानुमान खरीफ फसलों की निरंतर बुवाई के लिए अच्छा संकेत है, और जलाशयों के भर जाने से अक्टूबर से मार्च तक रबी सत्र के दौरान भी बुवाई को बढ़ावा मिलेगा। इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2025 के दौरान भारत में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पूरे दक्षिण-पश्चिम मानसून सत्र के दौरान बारिश की मात्रा दीर्घावधि औसत (एलपीए) के 106 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। इक्रा का अनुमान है कि 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि लगभग 4.5 प्रतिशत होगी। साथ ही, वास्तविक ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि जनवरी 2025 के शून्य स्तर से बढ़कर मई 2025 में चार प्रतिशत हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे ग्रामीण उपभोग मांग को बढ़ावा मिलेगा।

## अमेरिकी शुल्क एशियाई समकक्षों की तुलना में भारतीय वाहन, टायर उद्योगों के प्रति अधिक पक्षपाती: इक्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शनिवार को कहा कि भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क घरेलू वाहन कलपुर्ज़ा उद्योग और टायर विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में प्रतिकूल स्थिति में डाल देता है, जहां शुल्क कम है। अमेरिकी प्रशासन ने सात अगस्त से भारत से आने वाले सभी उत्पादों पर शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसमें कहा गया, भारतीय आयात पर अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत शुल्क लगाने से भारत के वाहन और टायर उद्योग में चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि दोनों ही उद्योग अमेरिकी बाजार में पर्याप्त निर्यात जोखिम रखते हैं। इक्रा ने कहा कि भारत के वाहन कलपुर्ज़ा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और टायर निर्यात में 17 प्रतिशत है, इसलिए शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में नुकसान होगा, जहां कम या तरजीही शुल्क लागू हैं। इसमें कहा गया है कि खासकर ऑफ-हाइवे और सिर्फ टायर खंड में, और विभिन्न वाहन कलपुर्ज़ा में शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय आपूर्तिकर्ताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, पहले भारतीय टायर निर्यातकों को चीनी प्रतिस्पर्धियों पर मामूली बढ़त हासिल थी, लेकिन अब अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को दी जाने वाली कम शुल्क दरों से यह बढ़त कम हो सकती है। वाहन कलपुर्ज़ा निर्यातकों, विशेष रूप से अमेरिकी बाजार पर अत्यधिक निर्भर निर्यातकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने भौगोलिक क्षेत्रों में विविधता लाएं और लागत दक्षता में सुधार करके इस प्रभाव को कम करें। वाहन कलपुर्ज़ा उद्योग ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 80.2 अरब डॉलर (6.73 लाख करोड़ रुपये) का कारोबार दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## भारत बना सकता है साइबर सुरक्षा में अगली दिग्गज कंपनी: प्रयांक स्वरूप, एक्सेल

एजेंसी

नयी दिल्ली। एक्सेल के पार्टनर प्रयांक स्वरूप का कहना है कि भारत साइबर सुरक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और मौजूदा वक्त वैश्विक सुरक्षा कंपनियों की अगली पीढ़ी को परिभाषित कर सकता है। बेंगलुरु में एक्सेल के साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन में बात करते हुए स्वरूप ने भारतीय संस्थापकों से इस संबंध में कार्रवाई करने का स्पष्ट आह्वान किया। उन्होंने कहा, भारत में 1,400 से ज़्यादा साइबर सुरक्षा स्टार्टअप हैं, लेकिन केवल 235 को ही वित्तपोषण मिला है और केवल छह ही सार्वजनिक हुए हैं। हम अभी शुरुआत ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर, यह अगले तीन वर्षों में 377 अरब डॉलर का अवसर है। भारतीय संस्थापकों के पास इस दिशा में निर्माण करने का एक वास्तविक मौका है। एक्सेल क्राउडस्ट्राइक के शुरुआती निवेशकों में से एक है। क्राउडस्ट्राइक का मूल्यांकन अब 116 अरब डॉलर से अधिक है। स्वरूप ने कहा, हमने क्राउडस्ट्राइक का तब समर्थन किया था जब इसका राजस्व 50 लाख डॉलर से कम था। इसके आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले हमने तीन दौर का नेतृत्व किया था। महान साइबर सुरक्षा कंपनियों को समय लगता है, लेकिन जब वे स्थापित होती हैं, तो वे उद्योग को नया रूप देती हैं। स्वरूप का मानना है कि जेन-एआई (सृजन से जुड़ी कृत्रिम मेधा) अगली लहर को परिभाषित करेगी। उन्होंने कहा, एआई रणनीति को नए सिरे से लिख रहा है। यह पहचान को धुंधला कर रहा है, सोशल इंजीनियरिंग को बढ़ा रहा है। यह कोई क्रमिक बदलाव नहीं है। यह आधारभूत बदलाव है।

## जुलाई में हवाई जहाज से नेपाल आने वाले पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल में जुलाई 2025 में हवाई जहाज से 70,000 से ज्यादा पर्यटक आए, जिनमें सबसे अधिक संख्या भारतीय पर्यटकों की थी। पर्यटन अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने बताया कि इस साल के पहले सात महीनों में देश में हवाई मार्ग से कुल 6,47,882 पर्यटक आए, जो कोविड-19 के बाद की अवधि में सबसे ज़्यादा है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल जुलाई में नेपाल में हवाई मार्ग से 70,193 यात्री आए, जो 2024 की इसी अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में, जुलाई में 27,152 (38.7 प्रतिशत) पर्यटकों के साथ भारतीय शीर्ष पर रहे। इसके बाद चीन से 6,890 (9.8 प्रतिशत) और अमेरिका से 6,626 (9.4 प्रतिशत) पर्यटक आए। बांग्लादेश 4,413 (6.3 प्रतिशत) पर्यटकों के साथ चौथे और ब्रिटेन 3,547 (5.1 प्रतिशत) पर्यटकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा। नेपाल पर्यटन बोर्ड के मुख्य कार्यालक अधिकारी (सीईओ) दीपक राज जोशी ने कहा, हाल के दिनों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या का श्रेय प्रचार कार्यक्रमों, निजी क्षेत्र से निवेश प्रवाह और विविध पर्यटन उत्पादों को दिया जा सकता है, क्योंकि देश नेपाल भ्रमण दशक' (2025-2035) मना रहा है। नेपाल भारतीयों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य है, जो तीर्थयात्रा और साहसिक पर्यटन, दोनों के लिए इस पड़ोसी हिमालयी देश में आते हैं।

# अरुण जेटली को भेजा था मुझे धमकाने : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( भाजपा-आरएसएस) डराने की राजनीति में विश्वास करते हैं और इसी का परिणाम है कि कृषि कानून के विरोध के दौरान उनकी आवाज दबाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली ने उन्हें धमकाया था।

श्री गांधी ने शनिवार को यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब वह कृषि कानूनों को लेकर सरकार की नीतियों का विरोध कर रहे थे तो तत्कालीन केंद्रीय मंत्री जेटली ने उन्हें धमकाया कि यदि विरोध नहीं छोड़ोगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस नेता ने कहा, ल्लमुझे याद है जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरुण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था। उन्होंने कहा, अगर तुम इसी रास्ते पर चलते रहे, कृषि कानूनों को लेकर सरकार का विरोध करते रहे और कृषि कानूनों पर हमसे लड़ते रहे, तो हमें तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी। मैंने जवाब दिया, मुझे लगता है कि आपको पता नहीं है या आपको अंदाज़ा भी नहीं है कि किससे बात कर रहे हो। हम कांग्रेसी हैं और हम कायर नहीं हैं। हम कभी झुकते नहीं, महाशक्ति अंग्रेज़ भी हमें झुका नहीं सके। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ल्लमेरे परिवार ने मुझे सिखाया है कि कायरों से मत डरो। सबसे कायरतापूर्ण काम जो आप कर सकते हैं, वह है किसी कायर से डरना है और हम ठीक इसी स्थिति से जूझ रहे हैं। सत्तारूढ़ विचारधारा काफी हद तक कायरता पर आधारित है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने मुझे इस मुद्दे को गंभीरता से लेने पर मजबूर कर दिया। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूँ कि हमारे पास सबूत हैं। हम पूरे देश को दिखाएंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती है। उसने समझौता किया है। हमें सबूत ढूँढ़ने में छह महीने ज़रूर लग गए लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़ों को स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता। सवाल है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी सुरक्षा क्यों लागू करता है।

श्री गांधी ने कहा कि राजनेता होने के नाते उनका एक बड़ा काम दूसरे राजनेताओं से मिलना होता है। जब आप किसी राजनेता से मिलते हैं तो पहले वह इधर-उधर की बातें करते हुए और अंत में वह उस मुद्दे पर बात करते हैं। तब तक उनकी जाने के लिए तैयारी हो जाती है। दूसरी तरफ़ डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी भी हैं। जो तुरंत मुद्दे पर आ जाते हैं और 30 सेकंड में सबकुछ संक्षेप में बता देते हैं

अपनी बहन तथा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा ''मेरी बहन ने मुझसे कहा था कि मैं आग से खेल रहा हूँ, मैंने कहा कि मुझे पता है कि मैं आग से खेल रहा हूँ और आग से खेलता रहूँगा। अब हम ठीक इसी स्थिति से जूझ रहे हैं। सत्तारूढ़ विचारधारा काफी हद तक कायरता पर आधारित है। आखिरकार, आपमें से ज़्यादातर लोगों की तरह, मैं भी आग में ही फँस जाऊँगा। मेरे परिवार ने मुझे सिखाया है कि कायरों से मत डरो।

# अंगदान को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता : जेपी नड्डा

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आज कहा कि अंगदान जीवन का कीमती उपहार है और यह एक परोपकारी, समतावादी और अनिवार्य रूप से नैतिक कार्य है, लेकिन लोगों में जागरुकता की कमी के कारण आज अंग प्रत्यारोपण के लिए जरुरतमंद लोगों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक आदमी आठ लोगों के जीवन को बचा सकता है। इसलिए इसे जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है।

जेपी नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय अंबेडकर सेंटर में राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन द्वारा आयोजित 15वें भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर 'अंगदान- जीवन संजीवनी अभियान' को संबोधित करते हुए कहा कि आज अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता बढ़ रही है। हर साल हजारों लोगों को अंग प्रत्यारोपण के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। अंगदान करने वालों और अंग प्रत्यारोपण




कराने वालों की संख्या में भारी अंतर दिखाई देता है। अंगदान करने में आज भी लोग काफी पीछे हैं। इसका कारण लोगों में इसको लेकर जागरुकता का अभाव है। इसके साथ समाज में व्याप्त धारणाएं भी हैं। आज का दिन और यह समारोह हर अंगदान करने वाले व्यक्ति के महान कार्य को सम्मानित करने और लोगों में जागरुकता फैलाने का है।

उन्होंने बताया कि 2023 में आधार कार्ड पर आधारित राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की वेबसाइट लॉन्च होने के बाद करीब 3 लाख से अधिक लोगों ने अंग दान करने के लिए शपथ ली है। यह दर्शाता है कि लोगों में जागरुकता बढ़ रही है। भारत में साल 2024 में 18900 प्रत्यारोपण किए गए। यह एक साल में किए गए प्रत्यारोपण की सबसे अधिक संख्या है। साल 2013 में देश में 5000 ट्रांसप्लांट हुआ था। इसके साथ भारत अंग प्रत्यारोपण में वैशिवक स्तर पर तीसरा देश बन गया है और दिल के प्रत्यारोपण में सबसे आगे हैं। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि लाइफ स्टाइल से बीमारियां बढ़ रही हैं।

# संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा, आरएसएस के निशाने पर: खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।श्री खरगे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ़ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का अधिकार देता है लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं। भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैये से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता ज़रूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों और दलितों के साथ भेदभाव आम हो गया है। प्रधानमंत्री चुनाव में 'मटन, मुग़ल और मंगलसूत्र' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर समाज को बांटने का काम करते हैं और चुनाव आयोग इस पर मौन रहता है। इधर मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें लाखों ग़रीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। बिहार में करीब 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गये हैं। पूरे देश में यही करने की इनकी योजना है। उनका कहना था कि संविधान निर्माताओं ने सबके वोट को समान मूल्य का अधिकार दिया है और यह पंडित नेहरू, डॉ अंबेडकर, संविधान सभा के सभी सदस्यों और कांग्रेस पार्टी की देन है। श्री खरगे ने कहा कि आज भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की वजह से यही संवैधानिक अधिकार खतरे में हैं। उच्चतम न्यायालय ने इसकी गंभीरता को समझा है लेकिन न्यायालय की बार-बार की सलाह के बावजूद चुनाव आयोग ने आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड आदि को मतदान मतदाता सूची के लिए अधिकृत दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया है। देश की एक फीसदी आबादी के पास 40 प्रतिशत संसाधन हैं। उच्च शिक्षा आम व्यक्ति की पहुँच से बाहर हो गई है। निजी कॉलेजों में साधारण स्नातक के लिए शुल्क 60 लाख रुपये तक है। सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं ताकि निजी स्कूलों को बढ़ावा दिया जा सके। शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसर आज कमजोर वर्गों के लिए सपना बन गया है। विपक्षी सरकारों को गिराकर अल्पमत की सरकारें बनाना, नेताओं पर झूठे मुकदमे चलाना, सरकार से प्रश्न पूछने वालों को जेल में डालना, सूचना के अधिकार कार्यकर्ताओं की हत्याएं हो रही हैं और सूचना के अधिकार कानून को कमजोर करना आम बात हो गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में विपक्षी सांसदों को बोलने नहीं दिया जाता है। सरकार राज्य सभा में उपराष्ट्रपति के माध्यम से सांसदों की आवाज़ दबाने की कार्रवाई करते हुए रिकार्ड संख्या में सांसदों को निलम्बित कर रही थी। इन सब गतिविधियों से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुश थे। लेकिन इसी बीच उपराष्ट्रपति को अपने पद की अहमियत का अहसास हुआ और उन्हें अचानक लगा कि वह एक स्वायत्त संस्था हैं। उनका कार्यकाल इतिहास मे दर्ज होगा और आगे याद किया जाएगा, तो वो स्वतंत्र होकर बात करने लगे और नियम के तहत खुद को मुखर करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायायल के न्यायाधीश शेखर यादव और न्यायाधीश यशवंत वर्मा के अभियोग का प्रस्ताव स्वीकार करने का मन बना लिया। श्री मोदी और भाजपा से यह बर्दाश्त नहीं हुआ और उपराष्ट्रपति का इस्तीफ़ा करवा दिया। यह इतिहास में पहली बार हुआ और यह संस्थाओं पर कब्जे का सबसे बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कल ही उन्होंने उपसभापति को पत्र लिखकर सदन में अर्द्ध सैनिक बल सीआईएसएफ की मौजूदगी के बारे में आपत्ति दर्ज की है। सदन में बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए संविधान निर्माताओं ने संसदीय सुरक्षा सेवा की स्थापना की थी।

## पीएम किसान योजना किसानों के लिए वरदान : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को देश के किसानों के लिए वरदान बताया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किसानों को लगातार आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ है। गडकरी ने शनिवार को अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि पीएम किसान योजना किसान कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएम-किसान योजना की 20वीं किस्त जारी की। इस दौरान देश भर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। इस धनराशि के साथ ही अब तक इस योजना के अंतर्गत कुल 3.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है।

## डॉ. आंबेडकर ने खुद के विकास के साथ समाज के पिछड़े वर्ग का विचार दिया : मुख्य न्यायाधीश

एजेंसी

मुंबई। भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में कहा कि स्वयं का विकास करते हुए समाज के पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने के महान विचार भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने भारतीयों को दिए हैं। इन विचारों को अपनाकर छात्रों को अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई आज नागपुर में दीक्षाभूमि स्मारक समिति द्वारा संचालित डॉ. आंबेडकर महाविद्यालय के हीरक महोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। भूषण गवई ने कहा कि डॉ. आंबेडकर महाविद्यालय की स्थापना और विकास में दादासाहब गायकवाड़, दादासाहब गवई, दादासाहब कुंभारे, सदानंद फुलझेले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह बताते हुए उन्होंने महाविद्यालय की यात्रा की विभिन्न स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहब आंबेडकर के विचारों को अपनाना और उनके मार्ग पर चलना ही उन व्यक्तियों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपना जीवन डॉ. आंबेडकर महाविद्यालय के लिए समर्पित किया। उन्होंने यह भी स्मरण किया कि 1981 में धम्म परिवर्तन के रजत महोत्सव वर्ष में जब मुंबई से डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की अस्थियां नागपुर आईं, तो यहां की जनता ने उसका उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जो इस शहर की सर्वधर्म समभाव की पहचान है। रजत महोत्सव धम्म परिवर्तन समारोह के लिए कवि सुरेश भट द्वारा रचित ''भीम वंदना'' का वाचन करके उन्होंने अपने भाषण का समापन किया।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम में कहा कि बाबासाहब डॉ. आंबेडकर द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक दर्जा प्राप्त करते हुए डॉ. आंबेडकर महाविद्यालय ने वंचित समाज के लिए शिक्षा के द्वार खोले और उनके जीवन में परिवर्तन लाया।

# दिल्ली विधानसभा के सभी कार्य होंगे डिजिटल : रेखा गुप्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि 27 वर्षों बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि नीति और प्रशासनिक सुधारों के नए युग की शुरुआत है।

श्रीमती गुप्ता ने आज संवाददाताओं से कहा कि इतने कम समय में विधानसभा को पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्र सरकार के वित्तीय सहयोग और दिल्ली सरकार के समन्वित प्रयासों से यह संभव हुआ है। अब दिल्ली विधानसभा के सभी कार्य पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होंगे, जो नीति निर्माण की गति और गुणवत्ता दोनों को नई ऊंचाई देंगे।

उन्होंने कहा कि विधानसभा परिसर में 500 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है, जिससे दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह सौर ऊर्जा आधारित हो गई है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मॉडल विधानसभा का दर्जा प्राप्त करेगी और स्थायी ऊर्जा समाधान में दिल्ली को अग्रणी बनाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केवल नीतिगत घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें लागू करने के लिए तकनीक और प्रशासनिक सुधारों का समन्वय कर रही है।

मुख्यमंत्री आगामी विधानसभा सत्र में शिक्षा सुधार विधेयक को पटल पर लाया जाएगा, जिस पर व्यापक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली अब केवल प्रशासनिक सुधारों का गवाह नहीं, बल्कि तकनीक-संचालित सुशासन का मॉडल बन रही है। छोटे से छोटे कार्यों जैसे गड्ढों और जलभराव से लेकर बड़े नीतिगत निर्णयों तक, हम हर स्तर पर बदलाव की रफ्तार ला रहे हैं। यह केवल विकास नहीं, बल्कि एक नई कार्य प्रणाली की स्थापना है। उन्होंने कहा कि चार अगस्त से आठ अगस्त तक आयोजित होने वाला आगामी विधानसभा सत्र दिल्ली के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखेगा, क्योंकि इस बार विधानसभा पूरी तरह ई-विधानसभा (पेपरलेस) के रूप में कार्य करेगी।

# राष्ट्रवादी संगठनों को फंसाने की बड़ी साजिश थी मालेगांव बम धमाका : उमा

एजेंसी

झांसी। मालेगांव बम धमाके में राष्ट्रवादी संगठनों और भाजपा के बड़े नेताओं को फंसाने की एक बड़ी साजिश थी। कांग्रेस नेताओं, विशेष रूप से पी. चिदंबरम, राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह को देश से माफी मांगनी चाहिए। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए झांसी पहुंचीं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायर ब्रांड नेता उमा भारती ने मालेगांव बम धमाका मामले में आए कोर्ट के फैसले पर बड़ा बयान दिया। उमा भारती ने कहा कि जब मालेगांव में बम धमाके का केस हुआ था, तब केंद्र और महाराष्ट्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राष्ट्रवादी संगठनों और भाजपा के बड़े नेताओं को फंसाने की एक बड़ी साजिश थी। ल्ललेकिन आज भगवान ने पर्दाफाश कर दिया। अब चिदंबरम, राहुल और दिग्विजय को देश से क्षमा मांगकर प्रायश्चित करना चाहिए, क्योंकि बिना सबूत के झूठ को सच बनाने की कोशिश की जा रही थी। न्यायालय के फैसले ने यह तय कर दिया कि सच परेशान हो सकता है किंतु पराजित नहीं हो सकता।

राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर आरोप लगाने को लेकर कहा कि राहुल गांधी जब जीतते हैं तो कुछ नहीं कहते, लेकिन हारने पर हमेशा चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल अपने कहे पर कायम नहीं रहते और न ही गंभीर रहते हैं। समाजवादी पार्टी की 'पीडीए की पाठशाला' पर तंज कसते हुए उमा भारती ने कहा कि बच्चे सब जानते हैं और उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता, क्योंकि घर के बड़े लोगों ने उन्हें पूर्व के हालातों से अवगत करा दिया है। राहुल गांधी के सीजफायर पर सवाल उठाने पर उमा भारती ने कहा, ल्लजब राहुल को प्रधानमंत्री पर ही भरोसा नहीं है, तो वह सीधे डोनाल्ड ट्रंप से ही क्यों नहीं पूछ लेते?ङ्क इसके अलावा, उन्होंने प्रेमानंद महाराज की महिलाओं पर टिप्पणी से जुड़े सवाल पर कोई जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि लोग धर्माचार्यों पर भी टिप्पणी करते हैं। उन्होंने वर्तमान शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि अभी दोनों ही क्षेत्र में और सुधार की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी ईमानदार अधिकारियों की कमी है। इनकी संख्या में और बढ़ोतरी होनी चाहिए।

# पेज एक का शेष

### कांग्रेस और सपा...

अधिक का क्लेम दिया जा चुका है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की गई है। देशभर में हजारों नए गोदाम बनाए जा रहे हैं। कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर है। प्रधानमंत्री ने कहा तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, जिसमें से एक करोड़ से अधिक बन चुकी हैं। सपा वाले यह आंकड़ा सुनकर साइकिल लेकर भाग जाएंगे। आधुनिक कृषि अनुसंधान को खेतों तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। कृषि हालांकि राज्य का विषय है, लेकिन केंद्र सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाए हैं। 55 करोड़ लोगों के जन धन खाते खोले गए। दस साल बाद इन खातों का केवाईसी कराना जरूरी है। मैंने इस जिम्मेदारी को उठाया और बैंकों को निर्देश दिया कि 1 जुलाई से ग्राम पंचायतों तक अभियान चलाकर लोगों के केवाईसी पूरे करें। जिनके जन धन खाते हैं, वे केवाईसी करा लें और इस कैंप का लाभ उठाएं। कई योजनाओं का पंजीकरण भी हो रहा है। बीमा का खर्च चाय के खर्च से भी कम है। इन योजनाओं से अवश्य जुड़ें। भाजपा और एनडीए के प्रतिनिधि इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करें।

### पहलगाम के अपराधियों ...

यह पहली बार हो रहा होगा, जब कोई प्रधानमंत्री अपने क्षेत्र में 51वीं बार उपस्थित हुआ है। सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री संसद में इस अविनाशी काशी का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि काशी की आत्मा सनातन और आत्मीयता वैश्विक है। काशी 11 वर्ष में नूतन व पुरातन के साथ आध्यात्मिकता व आधुनिकता के नए संगम के रूप में दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनी है। मुख्यमंत्री ने जनसभा में बताया कि इन वर्षों में वाराणसी के लिए 51 हजार करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। इनमें से 34 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री के करकमलों से हो गया है, जो समग्र विकास की नई अवधारणा के साथ काशी को पहचान दिला रहे हैं। 16 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं प्रगति के अलग-अलग चरणों में हैं। इस बार भी प्रधानमंत्री 2200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार अपनी काशी को दे रहे हैं। यह परियोजनाएं कनेक्टिविटी, जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल प्रतिस्पर्धा-गतिविधि, सांस्कृतिक पुनरोत्थान के लिए है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सक्षम भारत की कल्पना को साकार करने में दिव्यांगजनों का भी बड़ा योगदान है। दिव्यांग प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया शब्द है। इस आत्मीयता के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन में आशा और उत्साह का संचार होने के साथ ही उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले अन्नदाता किसानों की क्या स्थिति थी। किसान खेती से पलायन करते थे, आत्महत्या के लिए मजबूर होते थे, लोगों के मन में व्यवस्था के प्रति खिन्नता थी परंतु 11 वर्ष में स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बीज को बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था आदि के साथ ही जो ईकोसिस्टम बनाया गया है, उसका परिणाम है कि यूपी के भी करोड़ों किसान इन योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अपना योगदान देने को तैयार हैं। देश के लगभग 10 करोड़ किसानों को यह सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री ने काशी को चुना है। प्रदेश के 2.30 करोड़ और काशी के 2.21 लाख परिवार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सुरेश खन्ना, अनिल राजभर, रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र 'दयालु' आदि भी मौजूद थे।

### ट्रम्प के बयान पर बोले मोदी...

होगा। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय और भी महत्वपूर्ण हो गया है जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर अपने यहां 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा है कि रुस से तेल आदि का व्यापार करने पर वह भारत पर व्यापारिक दंड भी लगाएंगे। प्रधानमंत्री ने साफ-साफ कहा, ल्ल हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, हमारे नौजवानों के रोजगार, इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को दुनिया में सबसे ऊंचा कर लगाने वाला देश बताकर उसकी आलोचना की है जबकि दोनों देश एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा था भारत की अर्थव्यवस्था 'निष्प्राण है'। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर नागरिक और हर राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है कि वे अपने संकोच को छोड़कर , देश हित में हर पल, हर बार, हर जगह, देशवासियों के अंदर स्वदेशी की भावना जगायें। उन्होंने कहा, '' अब हम कुछ भी खरीदें तो एक ही तराजू होना चाहिए, हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा है। और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल, वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। श्री मोदी ने कहा, मैं आज मेरे व्यापार जगत के भाई बहनों से विशेष आग्रह करना चाहता हूं, मैं मेरे दुकानदार भाई बहनों से आग्रह करना चाहता हूं, जब दुनिया इस प्रकार से अस्थिरता के माहौल से गुजर रही है, तब हम भी चाहे व्यापार हो, छोटी दुकान हो, कारोबार करते हों। अब हम हमारे यहां से सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है, कई नौजवान मुझे चिट्ठी लिखते थे, कि हमारा परिवार तो विदेश में शादी करना तय किया था। लेकिन आपकी बात सुनकर के अब हमने वहां का सारा कैंसिल कर दिया, थोड़ा खर्चा भी हो गया। लेकिन अब हम भारत में ही शादी करेंगे। हर बात में स्वदेशी का भाव आने वाले दिनों में हमारा भविष्य तय करने वाला है। दोस्तों और यह महात्मा गांधी को भी बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में ...

हो सके। मुस्लिम पक्ष ने अदालत से मांग की है कि वाद संख्या 1/2023, 2/2023, 3/2023, 4/2023, 5/2023, 6/2023, 7/2023, 9/2023, 10/2023, 11/2023, 12/2023, 13/2023, 14/2023, 15/2023, 16/2023 और 18/2023 में आगे की सभी कार्यवाहियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और सिर्फ प्रतिनिधि वाद पर सुनवाई हो। खास बात यह है कि एक वाद को प्रतिनिधि वाद बनाए जाने पर अन्य वादकारियों ने भी फैसले को चुनौती दी है।

### धन शोधन मामले में ...

का बैनामा स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी के पक्ष में करने के 24 घंटे के भीतर हस्तांतरित की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी यह आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन हरियाणा सरकार ने वाड्रा की फर्म को तुरंत वाणिज्यिक लाइसेंस प्रदान कर दिया, जिससे जमीन का बाजार मूल्य नाटकीय रूप से बढ़ गया। स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने सितंबर 2012 में यह जमीन दिग्गज कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दी, जिससे कथित तौर पर वाड्रा को अप्रत्याशित मुनाफा हुआ।

### राहुल गांधी के पास...

नेता ने कहा कि आज बिहार बहुत ही नाजुक मोड़ पर खड़ा है। यहां से दो रास्ते आगे जाते हैं, जिसमें से एक है विकास का रास्ता जिस पर बिहार का सुनहरा भविष्य निर्भर करेगा। दूसरा रास्ता बिहार को अपराध और अराजकता के एक ऐसे युग में फिर से धकेल देगा जहां से बिहार बहुत मुश्किल से बाहर निकला है।

### प्रज्वल रेवन्ना...

शिकायत पर सीआईडी साइबर क्राइम थाने में दर्ज किया गया था। आरोप था कि पूर्व सांसद ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया और उस कृत्य का वीडियो भी रिकॉर्ड किया। मामले की जांच सीआईडी के विशेष जांच दल ने की, जिसने करीब 2,000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। जांच के दौरान टीम ने कुल 123 सबूत जुटाए। इस जांच का नेतृत्व सीआईडी इंस्पेक्टर शोभा और उनकी टीम ने किया। इस मामले की सुनवाई 31 दिसंबर 2024 को शुरू हुई थी, जिसमें अदालत ने 23 गवाहों की गवाही दर्ज की। इसके अलावा कोर्ट ने वीडियो क्लिप्स की फॉरेंसिक रिपोर्ट और घटनास्थल की निरीक्षण रिपोर्टों की भी समीक्षा की। ट्रायल मात्र सात महीनों में पूरा हो गया और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### 12 बाढ़ प्रभावित...

कार्यों को प्रभावशाली रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर त्वरित सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे जनता में भ्रम न फैले और संकट काल में संचार तंत्र सशक्त बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि बाढ़ से किसी भी जनपद में जनहानि न हो। इस दिशा में प्रत्येक जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर निकाय और ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारी आपसी समन्वय और संवाद से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के माध्यम से जनता से सतत संपर्क बना रहे। राहत कार्यों के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का व्यवहार शालीन, संवेदनशील और मानवीय हो, जिससे पीड़ितों को मानसिक संबल मिले। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया है कि सभी 12 बाढ़ प्रभावित जिलों की उच्चस्तरीय निगरानी की जाए और मुख्यमंत्री कार्यालय को नियमित रूप से अद्यतन जानकारी भेजी जाए। उन्होंने कहा कि यह संकट की घड़ी पूरे सरकारी तंत्र की एकजुटता और तत्परता की परीक्षा है, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह खरा उतरेगी। बाढ़ प्रभावित जनपद एवं प्रभारी मंत्रियों में (टीम-11) प्रयागराज- नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जालौन- स्वतन्त्र देव सिंह एवं संजय गंगवार, औरैया- स्वतन्त्र देव सिंह एवं प्रतिभा शुक्ला, हमीरपुर- रामकेश निषाद, आगरा- जयवीर सिंह, मीरजापुर- नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', वाराणसी- सुरेश खन्ना, कानपुर देहात- संजय निषाद, बलिया- दया शंकर मिश्रा 'दयालु', बांदा- नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', इटावा- धर्मवीर प्रजापति और फतेहपुर- अजीत पाल शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में 272 करोड़ 27 लाख की दो परियोजनाओं का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जिलान्तर्गत आशियाना दीघा रोड में राजीव नगर के पास बने कार्यक्रम स्थल से करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास के बाद उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दोनों परियोजनाओं को जल्द पूरा करवाने का निर्देश दिया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 272 करोड़ 27 लाख की लागत वाली जिन दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें 181 करोड़ रुपये लागत की कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) निर्माण योजना तथा 91.27 करोड़ रुपये लागत की आनन्दपुरी नाला निर्माण योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने शिलान्यास करने के बाद कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) और आनंदपुरी नाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत नाले को पक्कीकरण किया जाएगा और इसके ऊपर सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान हमने 21 फरवरी, 2025 को पटना जिले के विकास कार्यों का जायजा लिया था और उस दौरान जिले की कई विकास योजनाओं की घोषणा की थी। उसी समय आनन्दपुरी नाला तथा कुर्जी नाला (राजीव नगर नाला) का निरीक्षण किया था, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। उनकी समस्याओं को देखते हुए मैंने निर्देश दिया था कि इन नालों को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि आज नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा इन 2 महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास तथा कार्यारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी और नाले के ऊपर टू-लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। कार्यक्रम में राज्य के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधायक डॉ. संजीव चौरसिया सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी, उत्तराखंड के 8.28 लाख किसानों को मिला लाभ

**■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर : धामी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त किसानों के खातों में जारी की। इस योजना के तहत उत्तराखंड के 8,28,787 किसानों के खातों में 184.02 करोड़ की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

शनिवार को गढ़ी कैंट के हरिवंश कपूर मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री मोदी अन्नदाताओं की आय को दोगुना करने और उनके जीवन स्तर को उठाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। योजना की 20वीं किस्त जारी किए जाने के साथ ही उत्तराखंड के किसानों को करीब 3300 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों के उत्थान व समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि उपकरण खरीदने के लिए फार्म मशीनरी बैंक योजना के माध्यम से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए पॉलीहाउस के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान भी किया गया है। गेहूं खरीद पर किसानों को 20 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस प्रदान करने के साथ ही गन्ने के मूल्य में भी 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## एनपीएस कर्मचारियों के पारिवारिक या दिव्यांगता पेंशन का विकल्प चुनने की शर्त वापस: चीमा

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को घोषणा की कि वित्त विभाग (एफ.डी.) ने नयी पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत आने वाले कर्मचारियों को पारिवारिक या दिव्यांगता पेंशन लेने के संबंध में विकल्प चुनने की अनिवार्य शर्त को वापस ले लिया है। वित्त मंत्री ने यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि यह निर्णय उन परिवारों की अनावश्यक परेशानी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिनके सदस्य सेवा के दौरान दिवंगत हो जाते हैं, क्योंकि अधिकांश ने औपचारिक रूप से यह विकल्प नहीं चुना होता। उन्होंने बताया कि पहले आठ अक्टूबर 2021 के वित्त विभाग के निर्देशों द्वारा एनपीएस कर्मचारियों को, जो सेवा के दौरान दिव्यांग हो जाते हैं या जिनकी मृत्यु हो जाती है, पारिवारिक या दिव्यांगता पेंशन के रूप में अतिरिक्त राहत प्रदान की गयी थी। इन निर्देशों की शर्त छह के अनुसार वर्तमान और नव-नियुक्त दोनों प्रकार के कर्मचारियों को एक निर्धारित समय के भीतर यह विकल्प चुनना आवश्यक था कि वे पारिवारिक/ दिव्यांगता पेंशन चाहते हैं या एनपीएस योजना के लाभ। उन्होंने कहा कि यह शर्त उन परिवारों के लिए बहुत कठिनाई पैदा कर रही थी, जो इस आवश्यकता से अनजान थे, या प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाये थे। वित्त मंत्री ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वित्त विभाग ने 27 जून 2025 को अधिकारिक रूप से इन निर्देशों की शर्त छह को हटा दिया है।

## महिला को लूटने के बाद भाग रहे झपटमारों की बाइक से टकरा कर कार पलटी, एक की मौत, कई घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में गढ़शंकर के निकट शुक्रवार की रात एक महिला को लूटने के बाद भाग रहे झपटमारों की बाइक से टक्कर के बाद एक कार पलट गयी, जिसमें 12 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। माहिलपुर थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर रमनदीप कौर ने शनिवार को बताया कि माहिलपुर थाना क्षेत्र में पद्दी सूरा सिंह गांव निवासी अमनदीप कौर पति रंजीत सिंह के साथ गढ़शंकर से एक्टिवा स्कूटर पर घर लौट रही थीं। वे जब मोरांवाली गांव के पास पहुंचे, तो बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और अमनदीप कौर की बालियां छीनकर मौके से फरार हो गये। उन्होंने बताया कि माहिलपुर की ओर भागते समय, पोस्सी गांव के पास झपटमारों की मोटरसाइकिल एक इनोवा कार से टकरा गयी, जिससे कार पलट गयी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में धाड़े कलां निवासी करणजोत सिंह (12) की मौत हो गयी और कार में सवार अन्य पांच लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि झपटमार भी इस टक्कर में घायल हुये हैं। कार सवार घायलों की पहचान लवप्रीत सिंह, अनु, सोनिया रानी, जुगराज सिंह और हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। ये सभी ढाडे कलां निवासी हैं। उन्हें गढ़शंकर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। झपटमारों की पहचान राहुल कुमार और रोहन के रूप में हुई है, दोनों चब्बेवाल निवासी हैं। उनके तीसरे साथी की पहचान अभी नहीं हो पायी है। तीनों को भी गढ़शंकर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## उत्तर रेलवे ने 9 ट्रेनों को किया शॉर्ट टर्मिनेटेड और 7 को शॉर्ट ओरिजिनेटेड

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने शनिवार को जानकारी दी कि अंबाला कैंट -दौलतपुर चौक ट्रेन को रद्द किया गया है, जबकि नौ ट्रेनों को निर्धारित गंतव्य स्टेशन से पहले ही समाप्त (शॉर्ट टर्मिनेटेड) और सात को निर्धारित स्टेशन से पहले ही प्रारंभ (शॉर्ट ओरिजिनेटेड) किया गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेनों की स्थिति की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त कर लें। उत्तर रेलवे के अनुसार, अंबाला कैंट से दौलतपुर चौक जाने वाली ट्रेन संख्या 74991 को 2 अगस्त के लिए रद्द कर दिया गया है। निर्धारित गंतव्य स्टेशन से पहले ही समाप्त (शॉर्ट टर्मिनेटेड) में ट्रेन संख्या 64511 हरिद्वार से अंब अंडौरा समाप्तिः कीरतपुर साहिब। ट्रेन संख्या 64563 रायपुर हरियाणा जं. से अंब अंडौरा समाप्तिः भरतगढ़। ट्रेन संख्या 22447 नई दिल्ली से अंब अंडौरा समाप्तिः नंगल डैम। ट्रेन संख्या 74992 दौलतपुर चौक से अंबाला कैंट समाप्तिः ऊना हिमाचल। ट्रेन संख्या 19307 इंदौर जं. से ऊना हिमाचल समाप्तिः नंगल डैम। ट्रेन संख्या 64515 अंबाला कैंट से नंगल डैम समाप्तिः आनंदपुर साहिब। ट्रेन संख्या 14053 दिल्ली जं. से दौलतपुर चौक समाप्तिः नंगल डैम। ट्रेन संख्या 19411 गांधी नगर कैपिटल से दौलतपुर चौक समाप्तिः नंगल डैम। ट्रेन संख्या 14323 नई दिल्ली से रोहतक समाप्तिः बहादुरगढ़ शामिल हैं। अपने निर्धारित शुरुआती स्टेशन से पहले किसी अन्य स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 64564 अंब अंडौरा से रायपुर हरियाणा जं. प्रारंभः भरतगढ़। ट्रेन संख्या 64512 अंब अंडौरा से हरिद्वार प्रारंभः कीरतपुर साहिब। ट्रेन संख्या 22448 अंब अंडौरा से नई दिल्ली S प्रारंभः नंगल डैम। ट्रेन संख्या 64516 नंगल डैम से अंबाला कैंट प्रारंभः आनंदपुर साहिब। ट्रेन संख्या 19412 दौलतपुर चौक से गांधी नगर कैपिटल प्रारंभः नंगल डैम। ट्रेन संख्या 14324 रोहतक से नई दिल्ली प्रारंभः बहादुरगढ़। ट्रेन संख्या 19308 ऊना हिमाचल से इंदौर जं. प्रारंभः नंगल डैम शामिल हैं।

## मंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन

**समस्तीपुर।** बिहार सरकार के मंत्री सूचना एवं जनसंपर्क विभाग महेश्वर हजारी ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उनके द्वारा जिन योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया उनमें प्रमुख रूप से वीर सिंहपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 3 में पक्की सड़क से ब्रह्म स्थान जाने वाली सड़क में वॉटरवेज बांध तक पीसीसी कार्य, कल्याणपुर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत के झहुरी ग्राम वार्ड 13 में पक्की सड़क से कुर्मी टाल होते हुए वाला जी नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज के गेट तक पीसीसी कार्य ,कल्याणपुर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत के झुहरी ग्राम में वार्ड नंबर 13 में अवस्थित सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य, कल्याणपुर प्रखंड के हजपुरवा पंचायत में मदनपुर ग्राम के वार्ड नंबर 3 में नवल सिंह पोखर की तरफ से सड़क पर सुरक्षा का दीवार का निर्माण कार्य, हजपुरवा पंचायत के बख्तियारपुर ग्राम में तपेश्वर राय के घर से उपेंद्र ठाकुर के घर तक पीसीसी कार्य, हजपुरवा पंचायत के बख्तियारपुर ग्राम में उपेंद्र ठाकुर के घर से उच्च मध्य विद्यालय तक पीसीसी कार्य, माली नगर पंचायत के बरगामा ग्राम वार्ड नंबर 9 मौजे ठाकुर के बथान से अवधेश ठाकुर के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, माली नगर पंचायत के बरगामा वार्ड नंबर 5 में अवधेश ठाकुर के घर से तातारी ठाकुर के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, गौरायी पंचायत अंतर्गत गौरी ग्राम वार्ड नंबर 3 में शिव मंदिर से राम जानकी मंदिर तक पीसीसी कार्य प्रमुख शामिल हैं।

# पिछली सरकारों की उदासीनता से 2011 में तैयार फ्लैट्स झुग्गीवालों को नहीं सौंपे गए : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को सुल्तानपुरी स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण एवं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के फ्लैट साइट ए-3 का निरीक्षण किया। इस दौरान गृहमंत्री आशीष सूद और भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पोस्ट में लिखा कि पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता और दुर्भावनापूर्ण नीतियों की वजह से 2011 से तैयार ये फ्लैट्स वर्षों तक वीरान पड़े रहे। अरबों रुपये खर्च होने के बावजूद इन्हें झुग्गीवासियों को नहीं सौंपा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार अब ऐसे 50,000 फ्लैट्स का नवीनीकरण कर रही है। यहां बिजली, पानी, शौचालय, सीवर और पार्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के झुग्गीवासियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गरिमामय जीवन मिले। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने एक अगस्त को सभी सरकारी विभागों को दिल्ली में झुग्गियों को न हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने राजधानी के बाहरी इलाकों में सालों पहले बने करीब 50 हजार मकानों को संवार कर उन्हें झुग्गी वालों को देने का निर्णय कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो दिल्ली सरकार झुग्गी बस्तियों पर बनी नीति में बदलाव करेगी और झुग्गी वालों का आवास बचाने के लिए न्यायालय भी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के बाहरी इलाकों में सालों पहले बने करीब 50 हजार फ्लैट्स को अब गरीबों को दिया जाएगा। इन जर्जर व खाली फ्लैट्स को कुछ साल पहले जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत बनाया गया, लेकिन पूर्व सरकारों ने इनका आवंटन नहीं किया। अब इन फ्लैट्स को पीएमएवाई-यू (प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी) के अंतर्गत झुग्गी वालों का देने का निर्णय ले लिया गया है। जेएनएनयूआरएम के तहत दिल्ली सरकार के दो विभागों (दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड व दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम) को करोड़ों रुपये दिए गए। पिछली सरकारों ने इनका उपयोग ही नहीं किया, जिस कारण यह धनराशि (करीब 732 करोड़ रुपये) वापस केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को वापस की जानी थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस राशि को जर्जर फ्लैट्स को संवारने पर रजामंदी दे दी है। दिल्ली सरकार अब इस राशि से इन फ्लैटों को संवार कर झुग्गी वालों को सौंपेगी।



## हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत विहार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान ओखला विहार निवासी अबुज़ैर साफी (30) और तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी अमन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल देशी कट्टा और एक बाइक बरामद की है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 30 जुलाई की रात करीब 9:49 बजे पीसीआर कॉल मिली कि पूरवी मार्ग रेड लाइट के पास गोली चली है। सूचना मिलते ही एसआई प्रशांत व टीम मौके पर पहुंची तो एक ऑटो खड़ा मिला। ऑटो चालक रंजीत यादव ने बताया कि एक महिला सवारी को गोली लगी थी, जिसे पीसीआर पहले ही एम्स ट्रॉमा सेंटर लेकर जा चुकी है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जांच में पता चला कि घायल महिला सफदरजंग की रहने वाली है और गीतांजलि सैलून, बसंत लोक में हेड मैनेजर के तौर पर कार्यरत है।

# तेजस्वी के मतदाता सूची से नाम काटने के आरोप का चुनाव आयोग ने किया खंडन

**■ राजद का भ्रम और डर दोनों बार-बार बोगस साबित हो रहा है : सम्राट चौधरी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उनके इस दावे का चुनाव आयोग ने खंडन किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अब हम चुनाव कैसे लड़ेंगे? तेजस्वी ने यह आरोप भी लगाया कि जब से यह प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब से कोई पारदर्शिता नहीं बरती गई। तेजस्वी ने कहा कि राजनीतिक दलों को सूचित किए बिना ही नाम हटाने जैसे फैसले लिए गए और जब विपक्ष ने सवाल उठाए, तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय के सुझावों की भी अनदेखी की गई है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि हर विधानसभा क्षेत्र में करीब 20,000 से 30,000 मतदाता के नाम काटे गए हैं, जो कुल मिलाकर लगभग 8.5 प्रतिशत मतदाताओं की संख्या होती है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग ने न ही हटाए गए मतदाताओं की पूरी जानकारी दी, न एपीक नंबर, न पता और न ही बूथ संख्या, जिससे विश्लेषण करना भी मुश्किल हो गया है। चुनाव आयोग और पटना जिला प्रशासन ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी यादव के आरोपों को खारिज कर दिया है।

# संवाद की परंपरा को कमज़ोर करने के बजाय मज़बूत किया जाए: प्रो. ख्याला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने शनिवार को कहा है कि सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी ने संवाद की वह महान परंपरा स्थापित की जिसमें हर धर्म, हर विचार और हर व्यक्ति के साथ खुले मन से बातचीत करने की प्रेरणा है। दुख की बात है कि आज हम इस परंपरा से दूर होते जा रहे हैं और हमारी सोच संकीर्णता के जाल में फँसती जा रही है। हाल ही में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. करमजीत सिंह द्वारा अमृता विश्वविद्यालय कोच्चि (केरल) में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ, उस पर प्रो. ख्याला ने कहा कि इस मामले में तथ्यों के बजाय गलतफहमियों को महत्व दिया गया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा उन्हें श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से संबंधित सेवा नियमों के लिए बनाई गई समिति से हटाना एकतरफ़ा कदम प्रतीत होता है। प्रो. ख्याला ने स्पष्ट किया कि डॉ. करमजीत सिंह ने उस कार्यक्रम में न तो सिख सिद्धांतों के विरुद्ध कोई बात की, न ही सिखी के मूल्यों से टकराने वाला कोई रुख अपनाया। उन्होंने केवल गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की उन पहलकदमियों की जानकारी दी जो पंजाबी भाषा, सिख चेतना और पर्यावरण जागरूकता को आगे बढ़ाने के लिए की जा रही हैं। ऐसे विद्वान की केवल किसी कार्यक्रम में उपस्थिति के आधार पर आलोचना करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षा संवाद और विचारों के आदान-प्रदान की प्रेरणा देती है। संवाद का अर्थ सहमति नहीं, बल्कि अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना और दूसरों के विचारों को समझने का प्रयास करना है। ऐसे हालात में किसी विद्वान को निशाना बनाना हमारी सोच की संकीर्णता को दर्शाता है।


प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने शिरोमणि कमेटी से अपील की कि वह अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे और डॉ. करमजीत सिंह जैसे विद्वानों का सम्मान करे, जो सिखी के सिद्धांतों और पंजाबी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# मानसून सत्र की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

कैनविज टाइमस संवाददाता



गोपेश्वर। आगामी 19 अगस्त से गैरसैण में होने वाले उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने अधिकारियों को समय रहते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। शनिवार को डीएम तिवारी की अध्यक्षता में विधान सभा के मानसून सत्र की समीक्षा बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने सत्र के दौरान आवास की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर सभी आवासों में विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने को कहा जिससे सत्र के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने गैरसैण में चल रहे निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उरेड़ा के अधिकारियों को सत्र के दौरान विद्युत आपूर्ति के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा। जिला पूर्ति अधिकारी को सत्र के दौरान आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित करने, जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सत्र अवधि में निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063